आज

आज ३.०० तीन रुपये मात्र

गौरवशाली परम्परा

गौरवशाली परम्परा का १०७ वर्ष

वाराणसी, शनिवार १७ अक्तूबर, २०२६ सौर ३१, आश्विन शुक्ल ७, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | * काशी संस्करण पृष्ठ १४, मूल्य ३.०० रुपये

शिव की नगरी में मां कालरात्रि की पूजा

तिरंगा मार्चसे पूर्व दिपके-नेहा बोरा समेत १५० हिरासतमें

ममता-केजरीवाल समेत विपक्षने कहा-यह अघोषित इमरजेंसी

नयी दिल्ली (आससे)। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संयोजक अभिजीत दीपके और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है। नेहा को मंडी

हाउस से हिरासत में लिया गया है। अभिजीत दीपके तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क जा रहे थे। दिल्ली पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अबतक 150 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया जा चुका है।तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए अभिजीत दीपके घर से निकले ही थे कि इससे पहले ही हिरासत में ले लिया गया। दीपके को 6 दिन में दूसरी बार हिरासत में लिया गया है। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दीपके को हिरासत में लिए जाने पर कहा है कि यह अघोषित इमरजेंसी है तो वहीं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवा ने कहा है कि यह तानाशाही है। हिरासत में लिए जाने से पहले ही दिल्ली पुलिस की एक टीम अभिजीत दीपके के पास पहुंच गई थी। दिल्ली पुलिस की टीम ने दीपके को नोटिस थमाया। इस नोटिस में तिरंगा मार्च न करने की बात कही गई है। नोटिस में बताया गया है कि जहां वे तिरंगा मार्च निकालने जा रहे हैं वहां पर धारा 163 लागू है और अगर वे मार्च निकालते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की (शेष पृष्ठ नौ पर)

आदेश अनुचित मिला तो व्यापारियों को होगी नुकसानकी भरपायी-सुप्रीम कोर्ट

कनाट प्लेसका सेन्ट्रल पार्क बन्द करने का मामला

नयी दिल्ली (आससे)। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को व्यापारियों को आश्वासन दिया कि अगर कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क को बंद करने संबंधी एनडीएमसी का आदेश अनुचित या जरूरत से अधिक सख्त पाया गया, तो उन्हें हुए नुकसान की (शेष पृष्ठ नौ पर)

दिल्ली पुलिसकी बर्बरताको अनदेखा नहीं करेंगे-राहुल

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान कथित पुलिस कारवाई में कई विद्यार्थियों के घायल होने का हवाला देते हुए शुक्रवार को कहा कि 'अमित शाह की दिल्ली पुलिस की बर्बरता को अनदेखा नहीं किया जायेगा' और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ हर कानूनी रास्ता अपनाया जायेगा। गांधी ने इन विद्यार्थियों से हाल ही में हुई मुलाकात का एक वीडियो 'एक्स' पर साझा किया। इनमें कुछ का संबंध कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई से है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने केरल की अथिरा और राजस्थान की रितु समेत कई विद्यार्थियों की पिटाई की, लेकिन इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने से इनकार किया जा रहा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने केरल के गृह मंत्री रमेश चेन्निथला और राजस्थान प्रदेश कांग्रेस

जिम्मेदार अधिकारियोंके खिलाफ अपनायेंगे कानूनी रास्ता

कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से बात की तथा उनसे संबंधित पुलिस अधिकारी के खिलाफ अपने यहां मामला दर्ज कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि केरल में पहले ही 'जीरो एफआईआर' दर्ज की जा चुकी है और घटना के लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ केरल, राजस्थान तथा अदालतों में उपलब्ध सभी कानूनी विकल्पों का इस्तेमाल किया जायेगा। गांधी ने कहा कि अमित शाह की दिल्ली पुलिस की बर्बरता को अनदेखा नहीं किया जायेगा। कांग्रेस नेता ने इस घटना की तुलना 1930 के धरासणा सत्याग्रह से भी की और कहा कि उस समय सरोजिनी नायडू के नेतृत्व में निहत्थे सत्याग्रहियों ने पुलिस की लाठियों (शेष पृष्ठ नौ पर)

लोकतंत्रमें जनादेश से निकलता है सत्ताका मार्ग, अराजकतासे नहीं-योगी

भारतका लोकतंत्र जनविश्वासकी जड़ोंपर खड़ा विशाल वटवृक्ष

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस सहित विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि हमारी युवाशक्ति भारत का भविष्य संवारने के लिए है, किसी की सत्ता की भूख मिटाने के लिए नहीं। उन्होंने एक्स पर बयान देकर कहा कि लोकतंत्र में सत्ता का मार्ग जनादेश से निकलता है, अराजकता से नहीं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि चुनाव सुधार का मुखौटा, न्याय का नारा और लोकतंत्र की दुहाई देकर देश में अस्थिरता के बीज बोने वालों को समझना होगा कि भारत का लोकतंत्र जन-विश्वास की जड़ों पर खड़ा विशाल वटवृक्ष है, जिसे षड्यंत्रों के अंधड़ हिला नहीं सकते। उन्होंने एक्स पर बयान दिया कि लोकतंत्र में सत्ता का मार्ग जनादेश से निकलता है, अराजकता से नहीं। बांग्लादेश की तर्ज पर भारत में सत्ता परिवर्तन का स्वप्न देखने वाली शक्तियां युवाओं के हाथों में राष्ट्र निर्माण की मशाल के स्थान पर अराजकता के औजार थमाना चाहती हैं। चुनाव सुधार का मुखौटा, न्याय का नारा और लोकतंत्र की दुहाई देकर देश में अस्थिरता के बीज बोने वालों को समझना होगा कि भारत का लोकतंत्र जन-विश्वास की जड़ों पर खड़ा विशाल वटवृक्ष है, जिसे षड्यंत्रों के अंधड़ हिला नहीं सकते। हमारी युवाशक्ति

भारत का भविष्य संवारने के लिए है, किसी की सत्ता की भूख मिटाने के लिए नहीं। जनता-जनार्दन ने राजनीति के इन मारीचों-कालनेमियों को पहचानकर ही सत्ता से दूर रखा है। अब ये देश को अराजकता की आग में झोंककर कुर्सी हथियाना चाहते हैं। उनकी इस सियासी साजिश को देश कभी सफल नहीं होने देगा। कांग्रेस समेत विपक्ष भाजपा सरकार पर वोट चोरी का आरोप लगाकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहा है। इसे लेकर प्रदर्शन जारी है।

यूपी में पदक लाओ, पद पाओ' के तहत खिलाड़ियों की सीधी भर्ती

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्रि की षष्ठी तिथि की बधाई दी। उन्होंने कहा कि समस्त बाधाओं और आसुरी प्रवृत्तियों का संहार करने वाली मां कात्यायनी नारीशक्ति के अदम्य साहस, अटूट संकल्प और अजेय पराक्रम का प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने आस्था, विकास व विरासत के जरिए राज्य में आये बदलाव से अवगत कराते हुए कहा कि प्रदेश में अब 'पदक लाओ, पद पाओ' के तहत खिलाड़ियों (शेष पृष्ठ नौ पर)

संसद सत्र अनिश्चितकालके लिए स्थगित होने पर खड़गे ने सरकारको घेरा

नयी दिल्ली (आससे)। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर संसद के मानसून सत्र को लंबे समय तक स्थगित रखने और परिसीमन जैसे

महत्वपूर्ण मुद्दों पर आम सहमति न बनाने को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। 16 अक्टूबर 2026 को लिखे इस पत्र में खड़गे ने सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। विपक्ष के नेता ने प्रधानमंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि 13 अगस्त 2026 को संसद का मानसून सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था। आज इस बात को 64 दिन बीत चुके हैं, लेकिन दोनों सदनों का सत्रावसान नहीं किया गया है। उन्होंने इस स्थिति

प्रधानमंत्रीसे की सर्वदलीय बैठक बुलानेकी मांग

को अभूतपूर्व और संसदीय परंपराओं के विपरीत बताया है। खड़गे ने पत्र में पूर्व के घटनाक्रमों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने 11 अप्रैल 2026 को भी प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर परिसीमन पर संवैधानिक संशोधन विधेयक लाने से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाने (शेष पृष्ठ नौ पर)

सऊदी अरबमें भारतीयोंको सतर्क रहने की सलाह

नयी दिल्ली (आससे)। सऊदी अरब में मौजूदा स्थिति को देखते हुए रियाद स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने और स्थानीय अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने की सलाह दी है। दूतावास ने कहा है कि हवाई हमले की स्थिति में लोग घरों के अंदर रहें और सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करें। भारतीय राजदूत विपुल ने सोशल मीडिया पर

रियाद एयरपोर्ट पर उड़ानें बंद

वीडियो जारी कर यह परामर्श साझा किया। राजदूत ने चेतावनी दी कि स्थानीय नियमों के तहत हवाई हमलों से संबंधित वीडियो बनाना, जानकारी प्रकाशित करना या साझा करना कानूनी कार्रवाई का कारण बन सकता है। दूतावास के अनुसार, 10 अक्टूबर (शेष पृष्ठ नौ पर)

बुलंदशहर : पेड़से टकरायी कार, पांच मरे

बुलंदशहर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में शुक्रवार को तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हैं। ये सभी मंदिर दर्शन को जा रहे थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की मृतकों की पहचान करने में जुट गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त की। साथ ही अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी निशा ग्रेवाल ने बताया कि यह हादसा जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर डिबाई तहसील के नरौरा थाना क्षेत्र रतनपुर के पास में हुआ।कासगंज जिले के सिढ़पुरा का रहने वाला परिवार वैन कार में बुलंदशहर जिले में नरौरा के पास बेलोन गांव में सर्वमंगला माता (बेलोन माता) के दर्शन के लिए जा रहे थे। जिला मुख्यालय से (शेष पृष्ठ नौ पर)

रोडवेज आउटसोर्स कर्मियों का वेतन बढ़ना तय

लखनऊ (आससे)। रोडवेज के आउटसोर्स कर्मचारियों की तनख्वाह बढ़ाने के लिए रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रयास पर पत्राचार शुरू हो गया। दीपावली से पहले इस पर निर्णय होने की उम्मीद जगी है। बीती मई में शासन से आउटसोर्स के कुशल कर्मियों को पारिश्रमिक दर 16,868 रुपये और अकुशल को 11,629 रुपये (शेष पृष्ठ नौ पर)

मेरठ सांप कांडके दोषी रविता-अमरदीपको फांसीकी सजा

मेरठ (एजेंसी)। मेरठ के बहसूमा क्षेत्र के गांव अकबरपुर सादात निवासी अमित कश्यप उर्फ मिक्की कश्यप हत्याकांड में अदालत ने उसकी पत्नी रविता और उसके प्रेमी अमरदीप को मृत्युदंड की सजा सुनाई है। मेरठ के चर्चित सर्पदंश हत्याकांड में दोनों को पहले ही हत्या और साक्ष्य मिटाने का दोषी करार दिया गया था। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे-12) जयवीर सिंह नागर की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। अमित की हत्या को सांप के काटने से हुई मौत दिखाने की कोशिश की गयी थी। शुरुआत में परिवार को भी (शेष पृष्ठ नौ पर)

उज्जैनमें महामंडलेश्वर ज्योतिगिरिके अवैध आश्रम पर चला बुलडोजर

उज्जैन (एजेंसी)। धार्मिक नगरी उज्जैन में सिंहस्थ आरक्षित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रशासन ने एक बार फिर कड़ा रुख अपनाया है। शुक्रवार तड़के नगर निगम की टीम ने बड़ी कारवाई करते हुए कर्कराज पार्किंग और नृसिंहघाट क्षेत्र के समीप स्थित जूना अखाड़े के हरियाणा सेवा आश्रम पर बुलडोजर चला दिया। महामंडलेश्वर ज्योतिगिरिजी महाराज द्वारा सिंहस्थ की सुरक्षित जमीन पर होटलनुमा अवैध जी+3 (चार मंजिला) भवन तान लिया गया था, जिसे प्रशासनिक अमले (शेष पृष्ठ नौ पर)

राजद विधायक के रिश्तेदार की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

मधेपुरा (आससे.)। बिहार में दिनदहाड़े शुक्रवार को पीएचडी छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक राजद विधायक का रिश्तेदार था। यह घटना मधेपुरा के गोढ़ियारी चिमनी के पास घटी। जहां बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दी। मृतक की पहचान थाना के घैलाढ़ थाना के इनरवा गांव निवासी सुनील यादव के बेटे 25 वर्षीय प्रिंस रंजन के रूप में हुई है। वह राजद विधायक को प्रोफेसर चंद्रशेखर का ममेरा भाई था। विधायक ने बताया कि प्रिंस रंजन से बदमाशों ने बाइक और मोबाइल छीनने की कोशिश की थी। विरोध करने पर गोली मार कर हत्या कर दी गयी। उन्होंने बिहार में हत्या और छिनतई की बढ़ती घटनाओं को लेकर चिंता जतायी है।

बेगूसराय : ज्वेलरी दुकान से दिनदहाड़े ४० लाखके आभूषण की लूट

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। बिहार के बेगूसराय में फुलवरिया बाजार में शुक्रवार को दिनदहाड़े बदमाशों ने करीब 40 लाख रुपए के सोने- चांदी के गहने और एक लाख रुपए नगद लूट लिए। दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए नकाबपोश बदमाशों ने मां पार्वती ज्वेलर्स दुकान में घुसते ही दहशत फैलाने के लिए करीब 15 राउंड हवाई फायरिंग की। अचानक (शेष पृष्ठ नौ पर)

रेलवे ट्रैक पर गड़बड़ी रोकनेके लिए ड्रोनसे निगरानी

पथराव और चोरी रोकने के लिए उठाया कदम

नयी दिल्ली (आससे)। भारतीय रेलवे ट्रैक पर पथराव, चोरी और अवैध आवाजाही जैसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए ड्रोन से निगरानी बढ़ा रहा है। कैमरों से लैस ड्रोन के जरिये संवेदनशील स्थानों पर नजर रखी जा रही है। इससे संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करने और स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने में भी मदद मिल रही है। रेलवे सूत्रों के मुताबिक, मार्च 2027 तक ड्रोन की संख्या 11 से बढ़ाकर 22 करने की योजना है। ईस्ट कोस्ट रेलवे ने अपने तीन मंडलों में 11 ड्रोन तैनात किए हैं। ये 284 स्टेशनों, 2,708 रूट किलोमीटर और 6,072 ट्रैक किलोमीटर के दायरे में निगरानी कर रहे हैं। इनमें खुर्दा रोड मंडल में चार, संबलपुर में छह और रायगढ़ा (शेष पृष्ठ नौ पर)

मां कात्यायनी के दरबार में उमड़े श्रद्धालु, आधी रात तक चलेगा दर्शन-पूजन

शारदीय नवरात्र के छठे दिन शुक्रवार को धर्मनगरी वाराणसी जिले में देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सिंधिया घाट स्थित मां कात्यायनी के दरबार में भोर से ही दर्शन-पूजन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में नारियल और चुनरी अर्पित कर सुख-समृद्धि एवं सौभाग्य की कामना की। मंदिर में दर्शन-पूजन का सिलसिला देर रात तक जारी रहने की संभावना है। इससे पहले भोर में मंदिर के महंत की देखरेख में मां कात्यायनी के विग्रह को पंचामृत स्नान कराया गया। इसके बाद माता को नवीन वस्त्र धारण कराये गये और विविध पुष्पों से भव्य श्रृंगार किया गया। भोग अर्पित करने के बाद मंगल आरती हुई, जिसके उपरांत मंदिर के पट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए गए। पट खुलते ही भक्तों की कतारें लग गईं और पूरा परिसर माता के जयकारों से गूंज उठा।

देवताओं के कार्य सिद्ध करने के लिए हुआ मां कात्यायनी का प्राकट्य

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, देवताओं के कार्यों की सिद्धि के लिए भगवती महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुई थीं। महर्षि ने उन्हें कन्या के रूप में स्वीकार किया, जिसके कारण देवी का नाम कात्यायनी पड़ा। शास्त्रों में देवी के प्राकट्य को देवताओं के कार्यों की सिद्धि से जोड़ा गया है। तीन नेत्रों से सुशोभित मां कात्यायनी का स्वरूप सौम्य और कल्याणकारी माना जाता है। मान्यता है कि उनकी आराधना से भक्तों के कष्ट दूर होते हैं और माता उन्हें भय तथा संकटों से रक्षा प्रदान करती हैं।

शारदीय नवरात्र

महागौरी

**श्वेते वृषे समारुढा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा॥**

नवरात्र के आठवें दिन (अष्टमी) को माँ दुर्गा के महागौरी रूप की पूजा होती है। यह रूप काशी की अधिष्ठात्री देवी माता अन्नपूर्णा भी हैं। इनके दर्शन पूजन करने से भक्त कभी दरिद्र नहीं होते। भक्तों पर माँ की असीम अनुकम्पा हमेशा रहती है। जिससे धन संपदा और अन्न की प्राप्ति होती है। महागौरी हमेशा काशी वासियों का कल्याण करती हैं। इनकी कृपा से काशीवासी कभी भूखे नहीं रहते। माँ का रूप पूरी तरह से गौर है माँ की सवारी वृषभ है। इनकी चार भुजाएं हैं। इनकी मुद्रा शांत और सौम्य है। इनके दर्शन के लिए भक्तों की जमकर भीड़ होती है। यह मंदिर अन्नपूर्णा मंदिर में स्थित है।

काशीकी रामलीला



१७ अक्तूबर, शनिवार

रामनगर :- कुम्भकरण-युद्ध और वध, मेघनाद-युद्ध नागफास एवं वध।**औरंगाबाद** :- सीता जी का समाचार रामजी से कहना, रघुनाथ जी का समुद्र तट पर आना। **गायघाट** :- वर्षा-शरद ऋतु वर्णन, हनुमान का लंका प्रस्थान। **लाटभैरव** :- बालि-सुग्रीव युद्ध, बालि वध, सीता की खोज के लिए प्रस्थान। **लल्लापुरा** :- नक्कटैया, सीता हरण, जटायु क्रिया। **मौनी बाबा** :- बालि-सुग्रीव की लड़ाई। **काशीपुरा** :- सेवरी मंगल, हनुमान मिलन। **भदैनी** :- लंका दहन। **जयरामपुर** :- राम-सुग्रीव की मित्रता, बालि वध, लंका दहन। **टेकुरी** :- सीता हरण, जटायु मरण, बालि वध।चिरईगांव :- नक्कटैया, सीताहरण व लॉग प्रदर्शन। **रोहनिया** :- सुग्रीव मित्रता, बालि वध, सीता खोज, लंका दहन। **कोरौता बाजार** :- नक्कटैया, खरदूषण वध, सीता हरण, जटायु वध।**चोलापुर** :- लंका दहन। **लोहता** :- अंगद विस्तार। **काजीसराय** :- राम-शबरी मिलन, सुग्रीव मित्रता, बालि वध।

रणभूमि में लक्ष्मण को मूर्छित देख श्रीराम ने बहाए आंसू

मेघनाद ने उन पर चलाया ब्रह्म शक्ति, प्राण बचाने में हनुमान हुए सहायक

रामनगर। भगवान ने जिस कार्य के लिए पृथ्वी पर अवतार लिया था उसकी शुरुआत रणभूमि में राम और रावण की सेनाओ के बीच युद्ध से हुई। जहां भगवान श्रीराम को रणभूमि में मूर्छित अपने भाई लक्ष्मण के लिए आंसू बहाने पड़े। राक्षसों के मारे जाने से लंका में हाहाकार मच गया। सभी रावण को धिक्कारने लगे जिसे देख रावण ने अपनी सेना को संदेश दिया कि जो लड़ाई से भागेगा उसे मैं अपनी तलवार से मार डालूंगा। अपनी आधी सेना के मारे जाने से वह चिंतित होकर अपने मंत्रियों से विचार-विमर्श करने लगा। जिस पर उसके नाना माल्यवान ने उसे समझाया कि वह सीता को मुक्त कर दे। वह जब से आयी है तब से अपशगुन हो रहा है, तो वह उन पर क्रोधित हो गया। उसे अपनी आंख के सामने से भगा दिया। इससे पहले श्रीराम ने लंका के चारों द्वारों को घेरने के लिए जामवंत को रणनीति बनाने के लिए कहा- जिस पर उन्होंने रणनीति बनाकर इसकी जिम्मेदारी अंगद, हनुमान और नल, नील को सौंपी। सभी लड़ाई के मैदान में अपने-अपने स्थान पर जाकर चारों द्वारों को घेर लिए। यह देखकर रावण कहने लगा कि सभी काल की प्रेरणा से यहां आये है। दोनों सेनाओ के बीच घमासान युद्ध हुआ जिसमें बहुत से वानर और राक्षस मारे गये। वानरों का उत्पात देखकर रणभूमि में मेघनाद युद्ध के लिए पहुंचा। उसके मायावी प्रहार से वानर और भालू व्याकुल हो उठे। यह देखकर राम ने अपने अग्निबाण से उसकी माया समाप्त कर दिया द्य जिसे देखकर लक्ष्मण क्रोधित हो उठे और रणभूमि में उससे युद्ध करने के लिए पहुंच गए द्य जहां उसने उन पर ब्रह्म शक्ति का प्रयोग करके उन्हें मूर्छित कर दिया द्य वह रणभूमि में गिर पड़े। हनुमान ने सुशेन वैद्य को बुलाया। जिन्होंने उनको देखकर बताया कि धौलागिरी पर्वत पर संजीवनी बूटी है। वह अगर प्रातः होने से पहले आ जायेगी तो उनके प्राण बच सकते हैं। हनुमान संजीवनी बूटी लेने के लिए चल पड़े। उधर रणभूमि में मूर्छित भाई को देखकर श्रीराम रोने लगे। उनकी आंखों से आंसू बहने लगा। उन्होंने कहा कि दुनिया में सब कुछ दोबारा मिल सकता है। लेकिन सहोदर भाई नहीं मिल सकता मैं अयोध्या जाकर माता को क्या जवाब दूंगा? इतने में हनुमान संजीवनी बूटी लेकर आ गये। सुशेन वैद्य ने बूटी से लक्ष्मण की मुरछा समाप्त कर दिया वे उठ खड़े हुए। राम ने उन्हें गले से लगा लिया। दोनों भाइयों को गले मिलते देख लीला प्रेमी उनके जयकारे लगाने लगे। यहीं पर भगवान की आरती के साथ लीला संपन्न हुई।

श्रीराम ने खाये सबरी के जूठे बेर, बालि का किया वध

चौबेपुर। श्री रामलीला समिति चौबेपुर द्वारा आयोजित किये जा रहे रामलीला में कलाकारों ने शुक्रवार रात भगवान श्रीराम से सुग्रीव की मित्रता और बाली वध और सबरी मंगल का मंचन किया गया। रामलीला मंचन में सोने के मृग मिलने पर भगवान राम और लक्ष्मण वापस पंचवटी पहुंचते हैं, जहां रावण के सीता हरण के बाद भगवान राम व्याकुल होकर सीता की खोज करते हुए सबरी की कुटिया पहुंच जाते हैं। सबरी उनको अपने जूठे बेर खिलाती है। आगे जाने पर उनकी हनुमान और सुग्रीव से मित्रता हो जाती है। सुग्रीव भगवान राम को अपने भाई के द्वारा किये गये अत्याचारों से अवगत कराता है। भगवान राम के कहने पर सुग्रीव अपने बड़े भाई बाली को गदा युद्ध करने के लिए ललकारता है। प्रथम बार में सुग्रीव बाली से हार कर चला आता है। इससे भगवान राम सुग्रीव को दोबारा युद्ध करने के लिए माला पहनाकर भेजते हैं। दूसरी बार पेड़ की आड़ में छिपकर वध कर देते हैं। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राम के जयकारे लगाने शुरू कर दिए। इस दौरान बाली का रोल गणेशु सेठ ने किया सुग्रीव का विजय सेठ उर्फ पिंटू ने किया। इनके साथ रामलीला समिति के अध्यक्ष श्याम मोहन गुप्त उर्फ बबलू के साथ रामलीला समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

२२ बाइकों पर निकले 38 खाकीधारियों ने भरी हुंकार

पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड के पुलिसकर्मी शामिल

राष्ट्रीय एकता और नशामुक्त भारत का संदेश लेकर पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड पुलिस के ३८ जवान शुक्रवार को २२ मोटरसाइकिलों से परमानंदपुर स्थित विकास इंटर कॉलेज पहुंचे। कॉलेज के चेयरमैन डॉक्टर एके सिंह ने उनका स्वागत किया।पुलिसकर्मियों ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी नुकसान के साथ ही शिक्षा और भविष्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और अपने साथियों को भी जागरूक करने की अपील की। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे की लत से होने वाले नुकसान और उसके सामाजिक प्रभावों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने नशामुक्त रहने तथा अपने परिवार और समाज को जागरूक करने की शपथ ली। कार्यक्रम वाराणसी की एडीसीपी महिला अपराध नम्रता श्रीवास्तव की देखरेख में आयोजित हुआ। इसमें बिहार और उत्तर प्रदेश पुलिस के अधिकारी भी शामिल रहे। वक्ताओं ने कहा कि नशामुक्त युवा ही स्वस्थ और सशक्त भारत की नींव हैं। युवाओं को नशे से बचाना पुलिस, परिवार, शिक्षण संस्थानों और समाज की साझा जिम्मेदारी है।

बैंककर्मियों ने किया पौधरोपण और सामूहिक श्रमदान

पंजाब नैशनल बैंक, अंचल कार्यालय कीओर से डीएलडब्ल्यू स्थित रावण दहन स्थल पर स्वच्छता एवं पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बैंक के अंचल प्रबंधक दीपक सिंह के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक श्रमदान करते हुए परिसर में सघन स्वच्छता अभियान चलाया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र के विस्तार के उद्देश्य से पौधरोपण किया। इस दौरान परिसर की साफ-सफाई, अनावश्यक वस्तुओं के निस्तारण तथा स्वच्छ एवं सुंदर परिवेश के निर्माण पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर उप अंचल प्रबंधक हरविंदर सिंह रंधावा, सहायक महाप्रबंधक संजीव पुरकाएत सहित अंचल कार्यालय के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कल से चलेगी वाराणसी-अयोध्या धाम मेमू स्पेशल ट्रेन

पूजा पर्व के दौरान दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए वाराणसी से अयोध्या के बीच अनारक्षित मेमू स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जाएगा। रेलवे प्रशासन के अनुसार गाड़ी संख्या-०४२०१ वाराणसी-अयोध्या धाम अनारक्षित मेमू स्पेशल ट्रेन १८ अक्टूबर से ३० नवंबर तक प्रतिदिन चलेगी। शाम ४.२० बजे वाराणसी जंक्शन से रवाना होगी। विभिन्न स्टेशनों पर आंशिक ठहराव लेकर यह ट्रेन रात्रि ९.४० बजे अयोध्या धाम पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या-०४२०२ अयोध्या धाम-वाराणसी अनारक्षित मेमू स्पेशल ट्रेन रात्रि १०.२० बजे प्रस्थान करेगी। अगले दिन सुबह चार बजे वाराणसी जंक्शन आएगी।

अपने मूल और सांस्कृतिक विरासत को न भूलें युवा पीढ़ी- डाक्टर रवि कुमार सिंह

मेरा युवा भारत, वाराणसी की ओर से संत अतुलानंद कान्वेंट स्कूल, कोईराजपुर में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय आवासीय 'वन्दे मातरम् शिविर' के दूसरे दिन शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। सुबह योग, प्राणायाम और व्यायाम सत्र में छह राज्यों से आए १५० युवा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि डाक्टर रवि कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि विद्यालय के उप निदेशक आयुष्मान सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डाक्टर सिंह ने युवाओं को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जुड़े रहने, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्यों के निर्वहन और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। मेरा युवा भारत, वाराणसी के उप निदेशक विकास कुमार सिंह ने युवाओं के उत्साह और अनुशासन की सराहना की। कार्यक्रम में लेखा एवं कार्यक्रम सहायक विकास चौरसिया सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

नमो घाट पर डांडिया महोत्सव में महिलाओं ने मचाया धूम

गोवर्धन पूजा समिति की ओर से गुरुवार शाम नमो घाट स्थित गोवर्धन धाम में अध्यक्ष विनोद यादव गप्पू की अध्यक्षता में डांडिया महोत्सव आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पार्षद अमरदेव यादव, भाला यादव, किरण यादव, नंदनी यादव, दुर्गा यादव, प्रियांशु यादव और सुमन यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। महोत्सव में बड़ी संख्या में महिलाओं ने गरबा नृत्य प्रस्तुत कर उत्सव में चार चांद लगाए। अतिथियों का स्वागत सीताराम यादव, अजय यादव अज्जू, जयप्रकाश यादव, दिनेश यादव सहित अन्य सदस्यों ने किया। संचालन समिति के महामंत्री जयप्रकाश यादव ने किया। कार्यक्रम में डाक्टर ज्ञानेंद्र यादव, अभिषेक यादव, शालिनी यादव, डाक्टर विकास यादव, डाक्टर अवधेश यादव समेत हजारों महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे।

कोशलेस नगर पार्क में २६ से सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा

सुंदरपुर स्थित कोशलेस नगर कॉलोनी के पार्क में विश्व कल्याण एवं मानव जीवन की सुरक्षा के संकल्प के साथ सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन २६ अक्तूबर से एक नवंबर तक किया गया है। कोशलेस नगर नागरिक समिति एवं श्रीराम कथा आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में वृंदावन से पधार रहीं साध्वी श्रीनिष्ठा जी श्रीराम कथा का रसपान कराएंगी। आयोजन की जानकारी श्रीराम कथा आयोजन समिति के संयोजक वरुण सिंह एवं अशोक पटेल तथा कोशलेस नगर कॉलोनी नागरिक समिति के सचिव प्रमिल पाण्डेय ने संयुक्त रूप से पत्रकारवार्ता के दौरान दी। श्रीराम कथा आयोजन समिति के संयोजक वरुण सिंह ने बताया कि कथा का शुभारंभ २६ अक्टूबर, सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। श्री दुःख हरण हनुमान जी मंदिर, नरिया त्रिमुहानी से १५१ कलशों के साथ जलयात्रा निकाली जाएगी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल कोशलेस नगर पार्क पहुंचेगी। यहां विधि-विधान से पूजन-अर्चन के उपरांत श्रीराम कथा का शुभारंभ होगा। कोशलेस नगर कॉलोनी नागरिक समिति के सचिव प्रमील पाण्डेय ने बताया कि इस आयोजन में धर्म, शिक्षा, कला, संगीत और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली काशी की विभूतियों को मंच से सम्मानित किया जाएगा। कथा संयोजक अशोक पटेल ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से सायं सात बजे तक संगीतमय श्रीराम कथा आयोजित होगी। कथा की समाप्ति के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा। वहीं, एक नवंबर को कथा के समापन के बाद विशाल महाप्रसाद एवं भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

ई-निविदा नोटिस सं0-49 ऑफ 2026-27/ खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।
मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डी.डी.यू. एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती है।
निविदा सं.-57-डीडीयू-म.इंजी.-मुख्यालय-26-27. (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन : सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन डीडीयू में इंडियन इंस्टिट्यूट स्टेडियम एवं खेल मैदान का सुधार तथा बैकले क्लब में खेल सुविधा का विकास कार्य। **(ii) कार्य की अनुमानित लागत** : ₹ 79280113.09 **(iii) धरोहर राशि** : ₹ 1585600.00 **(iv) ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** : 10.11.2026 को 12.00 बजे तक **(v) वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी** : www.ireps.gov.in नोटः- विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा। मंडल रेल प्रबन्धक, पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल
पीआर/1130/डीडीयू/इंजी./टी/26-27/36

वाराणसी खण्ड स्नातक MLC प्रत्याशी

देव कुमार
(राजू गुप्ता)
अधिवक्ता • पूर्व महामंत्री छात्रसंघ • पूर्व अध्यक्ष छात्रसंघ
BA, LLB, LLM • द्वि-स्नातकोत्तर (राजनीति शास्त्र एवं पत्रकारिता)

प्रथम वरीयता का मत दें
1
भारी मतों से विजयी बनाएँ

नमूना मतपत्र —केवल समझाने हेतु | आधिकारिक मतपत्र नहीं

क्रमांक	प्रत्याशी का नाम	फोटो	वरीयता
13	देव कुमार (राजू गुप्ता)		1

स्नातकों का सम्मान, हमारा अभियान

वाराणसी • गाजीपुर • जौनपुर • चंदौली
मिर्जापुर • सोनभद्र • भदोही • बलिया
संपर्कः 9335603042

बोधन, आमंत्रण और अधिवास शक्ति की आराधना शुरू

सप्तमी पर प्रतिमाओं की आज होगी प्राण प्रतिष्ठा, दर्शन को उमड़ेगी भीड़, जिले भर के ५०० से अधिक पंडालों में पहुंचीं दुर्गा प्रतिमाएं

बोधन, आमंत्रण और अधिवास के साथ ही शिव की नगरी काशी मिनी बंगाल में तब्दील हो चुकी है। मध्य रात्रि तक जिले भर के ५०० से अधिक पंडालों में माता की प्रतिमाएं स्थापित हो गईं। बंगाली समुदाय ने षष्ठी के विधान के साथ माता का आह्वान किया और प्रतिमाओं के पट भी खुल गए। शनिवार को सप्तमी की पूजा के बाद भोर में सभी पंडालों के पट खुल जाएंगे। यंग ब्वायज क्लब, अकालबोधन समिति, जिम स्पोर्टिंग क्लब, वाराणसी दुर्गोत्सव सम्मिलनी, कालीबाड़ी दुर्गा पूजनोत्सव समिति, ईगल क्लब, मछोदरानाथ पूजा समिति समेत सभी पंडालों में माता की प्रतिमाएं विराजमान हुईं।

सैकड़ों साल की परंपरा संग छाया पूजा का उल्लास

काशी में नवरात्र का उल्लास अब पूरी तरह से नजर आने लगा है। शहर में जगह-जगह रंग बिरंगी रोशनी से नहाई हुईं सड़कें और पंडाल तो हर किसी के मन को बरबस ही लुभा रहे हैं।

कहीं १०५ साल पुरानी पूजा की परंपरा निभाई जा रही है तो कहीं ६८ साल की। दुर्गोत्सव समिति की ओर से पंडालों के जरिये स्वच्छता का संदेश भी दिया जा रहा है। केंद्रीय पूजा समिति के अध्यक्ष तिलकराज मिश्र ने बताया कि दुर्गोत्सव सम्मिलनी १०५ साल, यंग ब्वायज क्लब ६८ साल, केडीएस ६५ साल, टाउनहॉल में ५८ और प्रह्लाद घाट पर होने वाली पूजा अपने ६३वें साल में प्रवेश कर गई है।

मिनी बंगाल में पूजनोत्सव की धूम

शिव की नगरी में शक्ति की आराधना के रंग निखर गए हैं। गलियों से लेकर चौराहों तक स्थापित पंडालों की रौनक देखते ही बन रही है। कहीं जयपुर का हवा महल, कहीं बद्रीनाथ मंदिर, तो कहीं कंबोडिया का कंकोरवाट मंदिर इस बार भक्तों पर अपनी कृपा बरसाएंगे। कचहरी के दुर्गा पंडाल में मां दुर्गा मोबाइलासुर का संहार करती नजर आएंगी। शारदीय नवरात्र की षष्ठी पर मिनी बंगाल में दुर्गोत्सव का उल्लास जन-मन पर बिखरने लगा है। पंडालों में माता की प्रतिमाएं पहुंच चुकी हैं और पूजन आरंभ हो चुका है। षष्ठी तिथि पर बंगीय समुदाय को मां का आमंत्रण और अधिवास संपन्न हुआ। बंगीय समाज ने अपनी परंपरा के अनुसार माता को पंडाल में आमंत्रित किया। सप्तमी तिथि पर नवपत्रिका पूजन और प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

आगामी त्योहार के मद्देनजर सख्त चेतावनी, यातायात व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं-मोहित अग्रवाल

पुलिस कमिश्नर ने चाइनीज मंझे एवं अवैध पटाखा कारोबार के विरुद्ध अभियान चलाकर कारवाई करने का दिया निर्देश

आगामी त्योहार के मद्देनजर यातायात व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी साथ ही चाइनीज मंझे एवं अवैध पटाखा कारोबार के विरुद्ध अभियान चलाकर कारवाई करने का पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने अपराध गोष्ठी में राजपत्रित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि अपराध नियंत्रण, विवेचना की गुणवत्ता, तकनीक आधारित पुलिसिंग, यातायात प्रबंधन एवं आगामी महत्वपूर्ण आयोजनों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यों में लापरवाही, अनावश्यक विलंब अथवा पर्यवेक्षण में कमी को गंभीरता से लिया जायेगा। प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही निर्धारित करते हुए दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कारवाई की जायेगी। किसी थाना अथवा बीट क्षेत्र का अपराधी दूसरे क्षेत्र में जाकर अपराध करता है, तो संबंधित थाना एवं बीट प्रभारी की भूमिका की समीक्षा कर जवाबदेही निर्धारित की जायेगी।

गुमशुदा बच्चों की बरामदगी में शिथिलता पर सख्त कारवाई

गुमशुदा बच्चों की बरामदगी में अपेक्षित प्रगति न होने पर पुलिस आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण में तत्काल प्रभावी कारवाई, तकनीकी संसाधनों का उपयोग एवं नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाये। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाये जाने पर संबंधित की जवाबदेही तय कर कठोर कारवाई की जायेगी। विवेचना में देरी बर्दाश्त नहीं, गुणवत्ता और समयसीमा अनिवार्य। यातायात जाम पर तत्काल कारवाई, हर प्रमुख चौराहे पर दिखेगी पुलिस। रायसी योजना के तहत रूट मार्शल एवं चौकी प्रभारी अपने क्षेत्रों में यातायात सुचारु रखने के लिए विशेष सतर्कता बरतें। चाइनीज मंझे और अवैध पटाखा कारोबार पर अभियान चाइनीज मंझे की बिक्री, भंडारण एवं वितरण करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कारवाई की जाए। बड़े गोदामों, आपूर्तिकर्ताओं एवं निर्माण से जुड़े लोगों को भी कारवाई के दायरे में लाया जाये। चाइनीज मंझे से होने वाली घटनाओं की रोकथाम में संबंधित थाना प्रभारी की जवाबदेही तय की जायेगी। लापरवाही पाये जाने पर नियमानुसार कारवाई होगी।

नौकरशाही के लिए न्यायालय का आदेश नहीं रखता कोई मायने

रामनगर। नौकरशाही के लिए न्यायालय के आदेश का कोई मायने नहीं है। यहां के सुल्तानपुर गांव के चक रोड से अतिक्रमण हटाने के मामले में फिलहाल यही दिखाई दे रहा है। जहां ग्रामीणों का कहना है कि तीन-तीन न्यायालय के आदेश के बावजूद आज तक न तो चकरोड से अतिक्रमण हटाया जा सका और न ही उसके बदले में जुर्माना वसूला जा सका। जिसे लेकर यहां का भाजपा का एक नेता काफी मशक्क्त करके थक चुका है द्य जबकि इस मामले में हाई कोर्ट का आदेश है कि ९० दिनों के भीतर किसी भी सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाकर उसे मुक्त कराया जाना चाहिए द्य इतना ही नहीं आवश्यकता पड़ने पर जुर्माना और विधिक कार्रवाई होनी चाहिए द्य लेकिन सरकारी महकमें मे बैठे अधिकारी न्यायालय के ही आदेश को गंभीरता से नहीं ले रहे द्य इस संबंध में बताया जाता है की यहां के सुल्तानपुर गांव में चक रोड पर एक व्यक्ति ने चहारदिवारी का निर्माण कराकर उसे अपने प्रयोग में ले लिया है द्य जिससे आवागमन करने वालों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेता देवेंद्र सिंह समेत दर्जनों ग्रामीणों ने इसकी शिकायत तहसील समेत विभिन्न अधिकारियों के यहां किया जहां से उनके पक्ष में फैसला सुनाया गया और चक रोड से आक्रमण हटाने के लिए आदेश दिये गये। इसी माह की आठ तारीख को जिलाधिकारी के यहां भी ज्ञापन देकर गुहार लगाया गया कि अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए, लेकिन अभी तक सरकारी महकमें के किसी अधिकारी के कान में जू तक नहीं रेंगा की वह इस गांव के चकरोड से अतिक्रमण हटवा सके। जिसको लेकर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश देखा जा रहा है।

सुल्तानपुर गांव के चकरोड से आज तक नहीं हटाया जा सका अतिक्रमण

एक नजर इधर भी

अवैध खनन : चौबेपुर में दो ट्रैक्टर सीज

चौबेपुर। क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रैमला गांव से मिट्टी लदे दो ट्रैक्टरों को सीज कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया। वही थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया की १४ अक्टूबर की देर रात पुलिस गश्त के दौरान उपनिरीक्षक राजेंद्र प्रसाद यादव ने रैमला गांव के पास मिट्टी लदे दो ट्रैक्टरों को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखते ही दोनों ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गये। पुलिस ने दोनों ट्रैक्टरों को अपने कब्जे में लेकर सीज कर दिया। वही पुलिस की इस कार्रवाई के बाद अवैध रूप से मिट्टी खनन और परिवहन करने वालों में हड़कंप की स्थिति है। पुलिस फरार चालकों की तलाश में जुटी है।

क्राइस्ट नगर एसबीआई शाखा में लाइसेंसी रिवॉल्वर से चली गोली, महिला कर्मी घायल

शिवपुर थाना क्षेत्र के चांदमारी स्थित क्राइस्ट नगर की एसबीआई शाखा में शुक्रवार को दोपहर लाइसेंसी रिवॉल्वर से अचानक गोली चलने से संविदाकर्मी अनुराधा त्रिपाठी घायल हो गयी। गोली उनके दाहिने पैर में घुटने के नीचे लगी। उन्हें उपचार के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल

भेजा गया। पुलिस घटना की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, जौनपुर जिले के सुजानगंज थाना क्षेत्र के हिम्मतनगर निवासी संजीव शुक्ल शुक्रवार को दोपहर बैंक खाते से संबंधित काम के लिए शाखा पहुंचे थे। वह एनएचआई कंपनी में जनरल मैनेजर के पद पर कार्यरत बताये जा रहे हैं। बैंक में प्रवेश के दौरान उन्होंने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर सुरक्षा गार्ड को सौंप दी थी। गार्ड ने रिवॉल्वर बैंक में रखी मेज की दराज में रख दी। बताया जा रहा है कि करीब २.४० बजे अनुराधा त्रिपाठी ने किसी काम से दराज खोली। इसी दौरान रिवॉल्वर नीचे गिर गयी और अचानक गोली चल गयी। गोली लगने से अनुराधा घायल होकर गिर पड़ीं। अचानक गोली चलने की आवाज से बैंक परिसर में अफरा-तफरी मच गयी। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलने पर शिवपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी ली। संजीव शुक्ल मूल रूप से जौनपुर के निवासी हैं और वाराणसी के लोढ़ान क्षेत्र में किराये के मकान में रहते हैं। थाना प्रभारी अजीत कुमार वर्मा ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कारवाई की जायेगी।

चौबेपुर चौराहे पर अचानक बेकाबू थार, दो दुकानों में घुसी, बाइक क्षतिग्रस्त, एक घायल

चौबेपुर। स्थानीय कस्बे के चौबेपुर चौराहे पर शुक्रवार को शाम अचानक बेकाबू हुई थार सड़क किनारे खड़ी रमेश सोनकर की मोटरसाइकिल को टक्कर मारते हुए लाई-चूड़ा, गट्टा और खाजा बेचने वाली दो दुकानों में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी, दुकानों का सामान बिखर गया और दो चौकियां टूट गयी। हादसे में हजारों रुपये के नुकसान का अनुमान है।इस दुर्घटना में पास खड़े पंकज सोनकर पुत्र कैलाश सोनकर घायल हो गये। उन्हें कस्बे के एक निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया गया। वहीं, कुणाल जायसवाल की दुकान पर बैठीं उनकी मां बिंदु देवी बाल-बाल बच गयी। दूसरी दुकान बबलू जायसवाल की है। नवरात्र के चलते चौराहे पर काफी भीड़भाड़ थी। ऐसे में थार के अचानक दुकानों में घुसने से अफरा-तफरी मच गयी। गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया। सूचना पर पहुंची चौबेपुर पुलिस ने थार चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

वाराणसी में भारतीय वायु सेना के शानदार प्रदर्शन का नजारा

गंगा के ऊपर का आसमान में लड़ाकू विमानों की गड़गड़ाहट, सटीक एरोबैटिक फॉर्मेशन और भारतीय वायु सेना के हैरतअंगेज़ करतबों से उठेगा गूंज

नमो घाट पर वायु सेना दिवस एरियल डिस्प्ले- २०२६ की मेज़बानी करने के लिए तैयार है। भारतीय वायु सेना की ९४वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में २५ को आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम की थीम विंग्स ओवर गंगा रखी गई है। यह आयोजन भारत की प्राचीन विरासत और उसकी आधुनिक एयरोस्पेस क्षमताओं का एक अद्भुत संगम होगा। गंगा और वाराणसी के ऐतिहासिक शहर की शानदार पृष्ठभूमि के बीच, भारतीय वायु सेना अपनी गति, शक्ति, सटीकता, फुर्ती और बेहतरीन तालमेल के ज़रिए अपनी उड़ान क्षमताओं का प्रदर्शन करेगी। इस कार्यक्रम में भारतीय वायु सेना की प्रमुख डिस्प्ले टीमें, जैसे सूर्य किरण एरोबैटिक टीम और सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम भी हिस्सा लेंगी। उनके प्रदर्शन में सटीक उड़ान, पलक झपकते ही किया जाने वाला तालमेल, अनुशासन और असाधारण उड़ान कौशल देखने को मिलेगा, जो वाराणसी के आसमान में दर्शकों को एक अविस्मरणीय अनुभव देगा। इस एरियल डिस्प्ले में कई तरह के विमान शामिल होंगे, जिनमें तेजस, लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर प्रचंड,आईएल - ७६, आईएल-७८, सी-२९५ और एएन-३२ के साथ-साथ एसयू-३० एमकेआई और राफेल जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमान शामिल हैं। इसके अलावा, भारतीय नौसेना और भारतीय सेना के विमान भी इसमें हिस्सा लेंगे, जो उनके बीच के संयुक्त तालमेल को दर्शाएंगे। जब ये विमान आसमान में उड़ान भरेंगे, तो यह नज़ारा केवल देखने में ही शानदार नहीं होगा, बल्कि यह उन प्रशिक्षणों, तकनीकों, तैयारियों और मानवीय प्रयासों की भी झलक देगा, जो हर सटीक करतब के पीछे छिपे होते हैं।

हर विमान और फॉर्मेशन का प्रदर्शन, एयरक्रू, इंजीनियरों, तकनीशियनों और ग्राउंड सपोर्ट स्टाफ की कड़ी मेहनत और उनके आपसी तालमेल का परिणाम है। यह एरियल डिस्प्ले आम लोगों तक पहुँचने और युवाओं को जोड़ने का एक अहम जरिया बनेगा। जो युवा उत्सुकता और बड़े सपनों के साथ आसमान की ओर देखते हैं, उनके लिए यह आयोजन एविएशन (विमानन), एयरोस्पेस तकनीक, नेतृत्व और राष्ट्र सेवा की दुनिया से जुड़ने का एक प्रेरणादायक मौका होगा। यह भारतीय वायु सेना में मौजूद करियर के विभिन्न विकल्पों को भी उजागर करेगा और युवाओं को प्रेरित करेगा कि वे आईएएफ को एक ऐसे करियर के रूप में देखें, जिसमें तकनीक, जिम्मेदारी, अनुशासन और एक उद्देश्य का संगम है।

नमो घाट अतिसंवेदनशील घोषित, आज से ही आम लोगों की आवाजाही बंद

नमो घाट को अति संवेदनशील घोषित करते हुए शुक्रवार से आम लोगों की आवाजाही को यहां प्रतिबंधित कर दिया गया। पुलिस की तैनाती के साथ ही घाट की ओर बने गेट को बंद कर दिया गया है। वहां निजी गार्ड भी तैनात कर दिए गए हैं। पूरी कवायद अगले हफ्ते होने वाले एयरशो को लेकर हो रही है। इस एयरशो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही कई वीवीआईपी का आगमन होगा। वायुसेना और सेना यहां एयरशो की तैयारियों में जुटी है। वीआईपी के लिए खास ग्रीन रूम और स्टेज बनाए जा रहे हैं। नमो घाट पर २२, २४ और २५ अक्तूबर को एयर शो होने वाला है। इसकी तैयारियों के बीच ही वायु सेना ने नमो घाट के फेज-२ को अपनी निगरानी में ले लिया है। यहां वायु सेना का कम्युनिकेशन सेटअप स्थापित किया गया है। सुरक्षा के लिहाज से इस क्षेत्र को अति संवेदनशील घोषित करते हुए आम लोगों के प्रवेश और आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए यहां पुलिस फोर्स भी तैनात कर दी गई है। नमो घाट के फेज-२ में वायु सेना के संचार उपकरणों और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं को देखते हुए सुरक्षा के विशेष इंतजाम किये गये हैं। इस क्षेत्र में अनधिकृत प्रवेश रोकने के लिए सुरक्षाकर्मियों को मुस्तैद किया गया है। एयर शो के दौरान वायु सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने में कम्युनिकेशन सेटअप की अहम भूमिका होगी।

पटाखा बनाने वाला पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, भेजा गया जेल

सारनाथ थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर में अवैध रूप से बारूद रखकर पटाखे बनाने के दौरान हुए भीषण विस्फोट के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी राजू खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे शुक्रवार को जेल भेज दिया। विस्फोट में उसका दो मंजिला मकान जमींदोज हो गया था, जबकि आसपास के आधा दर्जन से अधिक मकानों की खिड़कियां, दरवाजे और पोर्च क्षतिग्रस्त हो गये थे। हादसे में राजू की पत्नी चांदनी आग से झुलस गयी थी, जबकि उसका बेटा आदिल मलबे में दबकर घायल हो गया था। दोनों को मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार को शाम पैगंबरपुर स्थित राजू खान के मकान में पटाखे बनाते समय विस्फोट हुआ था। धमाका इतना तेज था कि दो मंजिला मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गया। आसपास के मकानों को भी काफी नुकसान पहुंचा। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गयी थी। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि राजू और उसके परिवार के सदस्य रिहायशी इलाके में अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री रखते थे और पटाखे बनाते थे। इस मामले में उपनिरीक्षक अमरजीत कुमार की तहरीर पर थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी की तहरीर पर भी राजू के खिलाफ बीएनएस की धारा १०९(१) और आर्म्स एक्ट की धारा ३/२५ के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

झाड़ियों में दिखा संदिग्ध, रुकने का इशारा किया तो कर दी फायरिंग

डीसीपी वरुणा राजेश पांडेय ने बताया कि एयर शो के मद्देनजर पुलिस देर रात सरायमोहाना घाट के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान झाड़ियों में एक संदिग्ध दिखायी दिया। सारनाथ पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, तो उसने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस टीम ने बचाव किया, लेकिन एक गोली सब इंस्पेक्टर अमरजीत की बुलेटप्रूफ जैकेट को छूकर निकल गयी। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कारवाई की। इसमें संदिग्ध के पैर में गोली लगी और वह गिर पड़ा। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर अस्पताल पहुंचाया।

पूरी तरह से कांप उठी सड़क

घटना के बाद आरोपी की मां और उसका बड़ा भाई है फरार

उधर, घटना के बाद राजू की मां मुन्नी खान और उसके बड़े भाई सलीम के भी फरार होने की जानकारी सामने आयी है। पुलिस दोनों की तलाश कर रही है। वहीं, विस्फोट से क्षतिग्रस्त मकान की छत का कुछ हिस्सा अब भी खतरनाक स्थिति में लटका हुआ है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम ने गाटर लगाकर अस्थिर हिस्से को सहारा दिया था। इसके बावजूद छत से हादसे की आशंका बनी हुई है। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने घटनास्थल के आसपास बैरिकेडिंग कर रास्ता बंद कर दिया है और मौके पर लगातार निगरानी की जा रही है।

संक्षेप

पति को लेने गयी पत्नी की हादसे में मौत

चौबेपुर। क्षेत्र के चंद्रावती के पास मोलनापुर में गुरुवार को देर रात बाइक को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गयी। हादसे में गाजीपुर जिले के तिरछी दुल्लहपुर निवासी पन्ना देवी (४३ वर्ष) की मौत हो गयी, जबकि उनके पति रामजग चौहान मामूली रूप से घायल हो गये। रामजग चौहान दुबई से लौटे थे। पत्नी पन्ना देवी उन्हें लेने बाबतपुर एयरपोर्ट गयी थीं। देर रात दोनों चालक अमिताभ चौहान के साथ कार से घर लौट रहे थे। मोलनापुर के पास बाइक को बचाने में कार अनियंत्रित हो गयी। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक दुर्गेश मिश्रा और अनुराग तिवारी घायलों को नरपतपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां चिकित्सक ने पन्ना देवी को मृत घोषित कर दिया। हादसे में उनकी १२ वर्षीय गोद ली हुई बेटी रुचि चौहान के सिर से मां का साया उठ गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दहेज की मांग पूरी न होने से विवाहिता को प्रताड़ित किये जाने के मामले में आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा

दहेज में पांच लाख रुपये और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को प्रताड़ित करने, गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालपुर-पांडेयपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली साहिस्ता परवीन की तहरीर के अनुसार, साहिस्ता परवीन का विवाह २५ अगस्त २०२४ को गोरखपुर निवासी सलमान खान के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही दहेज के लिए उन्हें ताना मारकर प्रताड़ित किया जाता रहा। पीड़िता ने अपनी जेठ और जेठानी पर पूर्व में एक लड़की को जलाकर मारने का प्रयास करने का भी आरोप लगाया है। तहरीर में कहा गया है कि आरोपितों ने पांच लाख रुपये और बुलेट मोटरसाइकिल लाने का दबाव बनाते हुए मांग पूरी नहीं होने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा ८५, ११५(२), ३५२ और ३५१(३) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा ३ और ४ के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

युवकों पर मारपीट का आरोप, पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज

लंका थाना क्षेत्र के बीएचयू अस्पताल के छोटे गेट के सामने गुरुवार को दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब युवकों ने सूरज पटवा पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने बीच-बचाव करने पहुंचे उसके मित्र प्रशांत को भी पीटा। इसके बाद आरोपी सूरज को खींचकर अस्पताल के छोटे गेट के भीतर परिसर में ले गये, जहां डंडे और नुकीली वस्तु से उसकी पिटायी की। घटना में सूरज को चोटें आयीं। जानकारी के अनुसार, नरिया के साकेत नगर निवासी सूरज पटवा गुरुवार दोपहर दुर्गाकुंड मंदिर में दर्शन करने के बाद अपने मित्र प्रशांत के साथ लंका की ओर जा रहा था। दोनों बीएचयू अस्पताल के छोटे गेट के सामने पहुंचे ही थे कि इसी दौरान १० से १२ युवकों ने सूरज को घेरकर हमला कर दिया। मित्र को बचाने के लिए प्रशांत ने बीच-बचाव किया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। घटना के बाद पीड़ित सूरज पटवा की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

फौजी के पिता से महीना वसूली करने का आरोप

लोहता। क्षेत्र के कोरऊत बाजार के पंकज गुप्त ने रज्जीपुर फीडर के अवर अभियंता पर आरोप लगाया है कि हर माह अपने मकान का बिजली का बिल दो हजार से चार हजार रुपये मेरे पिता विजय गुप्त जमा करते है। इसके बावजूद मेरे पिता के खिलाफ बाइपास बिजली चोरी का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। जबकि पंकज गुप्त फौज में नौकरी करते है। अभी वह कोलकाता में तैनात है। पंकज का कहना है कि क्षेत्र के अवर अभियंता सिद्धार्थ मौर्य कुछ दिन पहले घर पर आये और गलत तरीके से मोबाइल से बीडीओ बनाने लगे तब पिता ने उन्हें मना किया। अवर अभियंता ने उनसे बोलो कि बाइपास बिजली का इस्तेमाल करते है। हमें खुश कर दे। बीडीओ डिलीट कर दूंगा। इसी बात पर नाराज होकर मेरे पिता के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा कायम करा दिया गया। पंकज का कहना है कि मैं देश सेवा के लिए दिन रात खड़ा रहता हूँ। फिर भी पिता के खिलाफ मुकदमा कायम हो गया है। क्षेत्रीय अवर अभियंता से फोन से संपर्क किया गया लेकिन बात नहीं हो सकी। बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों का कहना है कि इस मामले की जांच करके उचित कारवाई की जायेगी। पीड़ित ने बताया कि गांव के व्यक्ति ने बताया कि आपके पिताजी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है थाने पर हुआ है या अन्य जगह यह मुझे नहीं मालूम है। हमारी पोस्टिंग कोलकाता में मैं जब छुट्टी पर आया, तो मुझे पता लगा।

चौबेपुर इलाके में बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

चौबेपुर क्षेत्र के झाँझूपुर गाँव में गुरुवार की रात चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़कर नकदी और गहनों समेत लगभग सवा दो लाख रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, झांझूपुर निवासी मुरारी तिवारी के पुत्र दीनदयाल तिवारी अपने परिवार के साथ जमशेदपुर में रहकर व्यापार करते हैं। जिससे उनका मकान खाली पड़ा हुआ था। चोरों ने इसी बात का फायदा उठाकर ताला तोड़कर अलमारी में रखी एक सोने की सिकड़ी, एक जोड़ी झुमके, तीन अंगूँठियाँ, चाँदी की करधनी, पायल, बिछिया, कीमती साड़ियाँ और १२ हजार पांच सौ रुपये नकद चुरा लिये। सुबह जब पीड़ित मुरारी तिवारी मकान की सफाई करने पहुँचे। तब चोरी की घटना की जानकारी हुई। उन्होंने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

जमीन पर निर्माण न करने की गृहस्वामी को मिली धमकी, मुकदमा दर्ज

बड़ागांव थानाक्षेत्र के कुड़ी गांव में बैनामा शुदा जमीन पर निर्माण करा रही भू-स्वामिनी के निर्माण कार्य को रोकते हुए उसी गांव के दो व्यक्तियों और उनके सहयोगियों ने तोड़फोड़ करते हुए निर्माण न कराने की धमकी दिया। पुलिस ने दो नामजद सहित अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच कर रही है। जैतपुरा थाना अंतर्गत डिगियां निवासिनी आशा जायसवाल ने पुलिस को दिये गये प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि वह कुड़ी गांव में जमीन खरीद कर दाखिल खारिज होने के उपरांत अपनी जमीन पर निर्माण कार्य करा रही हैं इसी बीच १५ अक्टूबर को कुड़ी गांव के ही आशीष कुमार मिश्र एवं श्याम सुंदर मिश्र अपने कुछ सहयोगियों के साथ निर्माण स्थल पर आकर मजदूरों को गाली देने लगे तथा पिलर के साथ ही मजदुरों के रहने के लिये टीन शेड गिरा दिये।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों के लिये ई-निविदा वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है:-

क्रम सं.-1. निविदा सं.: वमविइं-टीआरडी-लज-ओटी-233, कार्य का विवरण: पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में (कुल 11 रैंप) GKP-LJN सेक्शन के NSG-4 श्रेणी वाले 06 स्टेशनों (SWA, PATI, MUR-PF-4/5, MOTG, JBR, BUR) पर दिव्यांगजनों की सुविधाओं के लिए 'हार्मोनाइज्ड गाइडलाइंस' (एकीकृत दिशा-निर्देशों) के तहत FOB (दोनों प्लेटफॉर्मों) के लिए रैंप की व्यवस्था की जाएगी। ई-निविदा बन्द होने की तिथि व समय: 16-11-2026 व 15:00 बजे, ई-निविदा खुलने की तिथि व समय: 16-11-2026 व 15:30 बजे, अनुमानित लागत: ₹ 63,19,070.02, बयाना राशि: ₹ 1,26,400/-, निविदा मूल्य: ₹ 0.00, कार्य सम्पादन की अवधि: 12 माह।

नोट: (1) इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। (2) विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* को देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-226 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना संख्या: SRDEE-TRD-IZN-2026-27-T13 Date-16.10.2026

खुली ई-निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते है।

क्र.स. 1:- कार्य का नाम: इज्जतनगर मंडल में सहावरटाउन स्टेशन एवं शमशाबाद स्टेशन पर 2nd लूप लाईन के प्रावधान हेतु टीआरडी से संबंधित कार्य। टेंडर रिफरेंश नं. SRDEE-TRD-IZN-2026-27-T13, कार्य का अनुमानित लागत रुपया में: ₹1,79,47,981.49, धरोहर राशि रुपया में: ₹ 3,59,000.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में: शून्य, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 10.11.2026, 11:00, कार्य पूरा करने की अवधि: 12 माह,

खुली ई-निविदा दिनाक 10.11.2026 को 11.00 बजे तक जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in,** पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-228 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेंडरिंग निविदा सूचना

16:00	----	झंझारपुर जं.	----	18:15

चलने के दिन: 04410 शकूर बस्ती से दिनांक 05, 06, 07, 10, 11, 12, 13 एवं 14.11.2026 को एवं 04409 झंझारपुर जं. से दिनांक 06, 07, 08, 11, 12, 13, 14 एवं 15.11.2026 को।
ठहराव: नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., घोड़ासहन, बैरगनियां, सीतामढ़ी जं., जनकपुर रोड, कमतौल, शिशो हॉल्ट एवं सकरी जं. स्टेशन।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य।

09617/09618 उदयपुर सिटी - दिल्ली सराय रोहिल्ला - उदयपुर सिटी त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 12 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 09617 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 09618 आगमन	प्रस्थान
----	21:15	उदयपुर सिटी	04:00	----
11:15	----	दिल्ली सराय रोहिल्ला	----	13:45

चलने के दिन: 09617 उदयपुर सिटी से प्रत्येक बुद्धवार को दिनांक 21.10.2026 से 25.11.2026 तक एवं 09618 दिल्ली सराय रोहिल्ला से प्रत्येक बीरवार को दिनांक 22.10.2026 से 26.11.2026 तक।
ठहराव: मावली जं., चन्देरिया, भीलवाड़ा, बिजयनगर, अजमेर जं., किशनगढ़, फुलेरा जं., रींगस जं., नीम का थाना, नारनौल, अटेली, रेवाडी जं., गुडगाँव एवं दिल्ली छावनी स्टेशन।
स्थान: वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, वाता.-3 इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य।

08407/08408 खोरधा रोड़ जं. - आनन्द विहार (ट) - खोरधा रोड़ जं. त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 08407 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 08408 आगमन	प्रस्थान
----	12:15	खोरधा रोड़ जं.	10:45	----
22:30	----	आनन्द विहार (ट)	----	00:30

चलने के दिन: 08407 खोरधा रोड़ जं. से दिनांक 17.10.2026 को एवं 08408 आनन्द विहार (ट) से दिनांक 19.10.2026 को।
ठहराव: भुवनेश्वर, कटक, जाजपुर केन्दुझर रोड, भद्रख, बालेश्वर, हिजली, मेदिनीपुर, बिष्णुपुर, बांकुड़ा जं., आद्रा जं., नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमोहे, कोडरमा, गया जं., डेहरी ऑनसोन, सासाराम, भभुआ रोड, प. दीन दयाल उपाध्याय जं., सूबेदारगंज, गोविंदपुरी, टूण्डला जं. एवं गाजियाबाद।
स्थान: वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

04070/04069 नई दिल्ली - हावड़ा जं. - नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 04070 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 04069 आगमन	प्रस्थान
----	08:20	नई दिल्ली	18:45	----
10:50	----	हावड़ा जं.	----	15:00

चलने के दिन: 04070 नई दिल्ली से दिनांक 17.10.2026 को एवं 04069 हावड़ा जं. से दिनांक 18.10.2026 को।
ठहराव: अलीगढ़ जं. कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा जं., पटना जं., बख्तियारपुर जं., किऊल जं., झाझा, जसीडीह जं., मधुपुर जं., चितरंजन, आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान जं. एवं बैण्डेल जं. स्टेशन।
स्थान: वाता.-2 टीयर एवं वाता.-3 टीयर।

04085/04086 नई दिल्ली - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 04085 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 04086 आगमन	प्रस्थान
----	14:00	नई दिल्ली	23:30	----
03:00	----	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	----	10:00

चलने के दिन: 04085 नई दिल्ली से दिनांक 17.10.2026 को एवं 04086 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से दिनांक 18.10.2026 को।
ठहराव: सोनीपत जं., पानीपत जं., कुरुक्षेत्र जं., अम्बाला छावनी जं., ढंडारी कलां, जालंधर छावनी जं., पठानकोट छावनी, शहीद कप्तान सुनील कुमार चौधरी कठुआ, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।
स्थान: वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एव सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि विस्तृत जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

04485/04486 नई दिल्ली - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 04485 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 04486 आगमन	प्रस्थान
----	14:15	नई दिल्ली	23:30	----
03:00	----	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	----	10:00

चलने के दिन: 04485 नई दिल्ली से दिनांक 18.10.2026 एवं 20.10.2026 को एवं 04486 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से दिनांक 19.10.2026 एवं 21.10.2026 को।
ठहराव: सोनीपत जं., पानीपत जं., कुरुक्षेत्र जं., अम्बाला छावनी जं., ढंडारी कलां, जालंधर छावनी जं., पठानकोट छावनी, शहीद कप्तान सुनील कुमार चौधरी कठुआ, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।
स्थान: प्रथम वाता., वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

04231/04232 वाराणसी जं. - जम्मू तवी - वाराणसी जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 04231 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 04232 आगमन	प्रस्थान
----	13:40	वाराणसी जं.	17:40	----
21:00	21:10	लखनऊ जं.	10:05	10:15
15:20	----	जम्मू तवी	----	17:00

चलने के दिन: 04231 वाराणसी जं. से दिनांक 18.10.2026 को एवं 04232 जम्मू तवी से दिनांक 19.10.2026 को।
ठहराव: जौनपुर जं., अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, लखनऊ जं., शाहजहाँपुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद जं., सहारनपुर जं., अम्बाला छावनी जं., लुधियाना जं., जालंधर छावनी जं. एवं पठानकोट छावनी स्टेशन।
स्थान: वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

04201/04202 वाराणसी जं. - अयोध्या धाम जं. - वाराणसी जं. अनारक्षित एमईएमयू त्यौहार विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 88 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 04201 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 04202 आगमन	प्रस्थान
----	16:20	वाराणसी जं.	04:00	----
21:40	----	अयोध्या धाम जं.	----	22:20

चलने के दिन: 04201 वाराणसी जं. से एवं 04202 अयोध्या धाम जं. से दिनांक 18.10.2026 से 30.11.2026 तक (प्रतिदिन)।
ठहराव: शिवपुर, बीरापट्टी, बाबतपुर, पिन्डरा रोड हॉल्ट, खालिसपुर, त्रिलोचन महादेव, जलालगंज, सरकोनी, जफराबाद जं., जौनपुर जं., महगवाँ, मेहरावाँ, मानीकलाँ हॉल्ट, खेतासराय, शाहगंज जं., बिलवाई, तुलसी नगर, मालीपुर, जाफरगंज, अकबरपुर जं., कटहरी, गोशाईंगंज, अलना मारी, बिलहर घाट एवं दर्शन नगर स्टेशन।
स्थान: सामान्य।

रेलगाड़ियों का अस्थायी विस्तार

14212 नई दिल्ली - आगरा छावनी कैंट इंटरसिटी एक्सप्रेस का संचालन 05.11.2026 से 14.11.2026 से प्रभावी ग्वालियर स्टेशन तक विस्तार किया गया। 14211 आगरा छावनी - नई दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस का संचालन 06.11.2026 से 15.11.2026 से प्रभावी ग्वालियर स्टेशन से प्रारंभ होगी।

रेलगाड़ी सं.: 14212 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 14211 आगमन	प्रस्थान
----	17:40	नई दिल्ली	10:00	----
		कोई बदलाव नहीं		
22:05	22:20	आगरा छावनी जं.	05:40	05:45
23:18	23:20	धौलपुर जं.	04:35	04:37
00:10	00:12	मुरेना	03:28	03:30
01:40	----	ग्वालियर जं.	----	02:40

64426 नई दिल्ली - गाजियाबाद ईएमयू को अलीगढ़ जंक्शन तक बढ़ाया जाएगा और 64429 गाजियाबाद - नई दिल्ली ईएमयू अलीगढ़ जंक्शन से शुरू होगी, यह प्रक्रिया 05.11.2026 से 14.11.2026 तक प्रभावी रहेगी।

रेलगाड़ी सं.: 64426 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 64429 आगमन	प्रस्थान
----	09:55	नई दिल्ली	17:20	----
		कोई बदलाव नहीं		
10:45	10:55	गाजियाबाद	16:10	16:30
11:20	11:21	मारीपत	15:12	15:13
11:26	11:27	दादरी	15:01	15:02
11:31	11:32	बोड़ाकी हॉल्ट	14:55	14:56
11:37	11:38	अजायबपुर	14:50	14:51
11:45	11:46	दनकौर	14:42	14:43
11:53	11:54	वैर	14:34	14:35
11:59	12:00	चोला	14:28	14:29
12:04	12:05	गंगरौल हॉल्ट	14:23	14:24
12:09	12:10	सिकन्दरपुर	14:18	14:19
12:15	12:16	खुर्जा जं.	14:12	14:13
12:21	12:22	कमालपुर	14:05	14:06
12:26	12:27	डाँवर	14:00	14:01
12:35	12:36	सोमना	13:51	13:52
12:44	12:45	कुलवा	13:42	13:43
12:50	12:51	महरावल	13:36	13:37
13:00	----	अलीगढ़ जं.	----	13:30

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के संचालन की अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

रेलगाड़ी सं. एवं नाम	अतिरिक्त फेरों की तिथि	फेरों की संख्या
04052 नई दिल्ली – हावड़ा जं. त्यौहार विशेष	17.10.2026 एवं 21.10.2026	02
04051 हावड़ा जं. – नई दिल्ली त्यौहार विशेष	17.10.2026, 19.10.2026 एवं 23.10.2026	03
04081 नई दिल्ली – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा त्यौहार विशेष	26.10.2026 से 06.11.2026	12
04082 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा– नई दिल्ली त्यौहार विशेष	27.10.2026 से 07.11.2026	12

नोट:- अन्य सभी निर्देश यथावत रहेंगे।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चंदौली के चालक की बिहार में गोली मारकर हत्या

चंदौली। बिहार के समस्तीपुर में बदमाशों ने पिकअप चालक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान चंदौली सदर कोतवाली क्षेत्र के खगवल गांव निवासी अवनीश कुमार मौर्या (26 वर्ष) के रूप में हुई है। वह मद्धूपुर से पिकअप पर मिर्च लादकर बिहार जा रहा था। इस दौरान वाहन लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने उसे गोली मार दी। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताते है कि अवनीश कुमार मौर्या पिकअप वाहन पर मिर्च लादकर बिहार के लिए निकला था। इसी दौरान समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र में बूढ़ी गंडक नदी पर बने पुल के समीप सलखन्नी चौक के पास बदमाशों ने उसे निशाना बनाया। बताया जा रहा है कि बदमाश वाहन लूटने की कोशिश कर रहे थे। चालक अवनीश ने इसका विरोध किया तो बदमाशों ने उसे गोली मार दी। गोली लगने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस बदमाशों की पहचान करने और घटना के कारणों की पड़ताल में जुटी है। उधर, चंदौली के खगवल गांव में युवक की मौत की खबर पहुंचते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक का माहौल है।

रेल दुर्घटना से निबटने की तैयारियों को परखने के लिए माकड्रिल

मुगलसराय। पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) जंक्शन पर रेल दुर्घटना जैसी आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से व्यापक मॉकड्रिल आयोजित की गई। मंडल के संरक्षा विभाग के समन्वय से आयोजित इस अभ्यास में रेलवे के विभिन्न विभागों, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, जिला प्रशासन तथा अन्य संबंधित एजेंसियों ने भाग लिया। अभ्यास का उद्देश्य राहत एवं बचाव कार्यों, चिकित्सा सहायता, आपातकालीन सूचना के आदान-प्रदान तथा विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय की प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अभ्यास करना था। डीडीयू मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना पुरी ड्रिल के दौरान घटनास्थल पर मौजूद रहे। इस मॉक

मंडल रेल प्रबंधक ने की अभ्यास की समीक्षा

ड्रिल में एनडीआरएफ के 60 जवानों, 20 स्काउट्स एवं गाइड्स, राज्य पुलिस, नागरिक सुरक्षा, राज्य अग्निशमन सेवा तथा जिला चिकित्सा विभाग के साथ-साथ रेलवे के आपदा प्रबंधन से संबंधित लगभग 100 कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ प्रेम प्रकाश उपाध्याय, डिप्टी सीएमओ/चंदौली, आशीष सिंह चौहान, कमांडेंट/एनडीआरफ,प्रवीर यादवेंदु, मास्टर ट्रेनरसिविल डिफेंस,कमलेश तिवारी, एस.ओ.एफ.सी.डी. के अलावा डीडीयू मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक कुलदीप व वरीय मंडल संरक्षा अधिकारी संतोष कुमार सहित मंडल के कई अधिकारी भी उपस्थित थे। मॉकड्रिल के लिए गाड़ी संख्या 01450 (दानापुर-पुणे विशेष गाड़ी) के डीडीयू जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या 8 पर प्रवेश के दौरान एक यात्री कोच के पटरी से उतरने की काल्पनिक स्थिति बनाई गई। स्टेशन अधीक्षक, डीडीयू द्वारा दोपहर 12:04 बजे काल्पनिक दुर्घटना की सूचना दी गई, जिसके बाद राहत संसाधनों को सक्रिय करने की प्रक्रिया शुरू हुई। सायरन के साथ काल्पनिक दुर्घटना की सूचना मिलने पर डीडीयू और गया से दुर्घटना राहत चिकित्सा यान, दुर्घटना राहत ट्रेन तथा क्रेन सहित संबंधित राहत संसाधनों को सक्रिय किया गया। राहत संसाधनों को तैयार करने और रवाना करने की प्रक्रिया का अभ्यास किया गया, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए निर्धारित व्यवस्थाओं की तत्परता परखी जा सके।

माकड्रिल का अभ्यास करते रेल कर्मचारी,मौके पर डीआरएम। छाया: आज

रेलवे स्टेशन पर गंदगी से लोग परेशान

मुगलसराय। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर जगह-जगह गंदे पानी के बहाव व गंदगी लगे रहने से रेलवे के स्वच्छता अभियान पर सवालिया निशान लग रहा है। इतना ही नहीं दुर्गापूजा, दशहरा, दीपावली व छठपूजा पर्व पर साफ-सफाई व्यवस्था में कोताही बरते जाने पर लोगों में रोष भी व्याप्त है। बताया जाता है कि रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं० १ और २ रेल यात्री ट्रेन आगमन का प्रमुख रेलवे प्लेटफॉर्म है, जहां विभिन्न स्थान पर पानी बह रहा है। वहीं गंदगी फैली हुई दिखाई दे रही है, जो रेल प्रशासन के रख-रखाव पर सवालिया निशान लगा रहा है। ज्ञातब्य हो कि स्थानीय डीडीयू रेलवे जक्शन भारतीय रेल के प्रमुख जक्शनों में शामिल है, यहां से प्रतिदिन लगभग १५० यात्री ट्रेनों का आवागमन होता है। जिससे देश के विभिन्न राज्यों में रेल यात्री अपने गंतव्य स्थान को रवाना होते है। आगामी दुर्गापूजा,दीवापली व छठ पूजा को लेकर यात्रियों की संख्या में काफी इजाफा हो गया है। ऐसे में विभिन्न प्लेटफॉर्मों को साफ-सुथरा रखना जरूरी होता है। इसके साथ ही यात्रियों को किसी भी प्रकार की जोखिम न उठाना पड़े। ऐसे में प्लेटफार्मों को सूखा रखना जरूरी होता है ताकि यात्री फिसलकर दुर्घटना का शिकार न हो। परंतु इसके विपरीत स्टेशन के प्रमुख प्लेटफॉर्म १ और २ पर गंदगी फैली होने के साथ ही कई स्थानों पर पाईप से लिकेज पानी प्लेटफॉर्मों पर बहते हुए देखा गया। इसके साथ ही कुत्तों के झुंड प्लेटफॉर्म पर विचरण करते हुए देखे गए, जो यात्रियों के खाने के सामान छीनने के साथ ही उन्हें घायल भी कर सकते है।

एसपी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

चन्दौली। जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराये जाने के क्रम में 16 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया। जिसमें अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों के आवेदन लेकर उन्हें न्यायोचित/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारित करना व न्याय दिलाना ही चन्दौली पुलिस की प्राथमिकता है। पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न थानाक्षेत्रों से आए आवेदकों की शिकायतो को जनसुनवाई के माध्यम से गंभीरतापूर्वक सुना एवं संबंधित राजपत्रित अधिकारी (पुलिस) थाना प्रभारी से स्वयं वार्ता कर आवेदक की शिकायत का निराकरण किये

सामूहिक विवाह योजना के तहत ४१ जोड़ों ने लिए सात फेरे

धानापुर। स्थानीय ब्लॉक परिसर में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 41 जोड़ों का लिए सात फेरे के साथ विवाह सम्पन्न हुआ। मालूम हो कि धानापुर ब्लॉक परिसर में शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सभी 41 जोड़े एक दूजे के हुए। इसके लिए कुल 10 मंडप बनाए गए थे। इस योजना के तहत हर जोड़े के बैंक खाते में 64 हजार रुपये दिए जाते हैं। साथ हीए 21 हजार रुपये की विवाह सामग्री और 15 हजार रुपये व्यवस्थाओं पर खर्च होते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सैयदराजा विधायक थे। उन्होंने कहा कि सरकार की इस पहल से गरीब बेटियों के माता-पिता को राहत मिली है। यह भाजपा सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। विधायक ने सभी नवविवाहितों को प्रमाणपत्र, आशीर्वाद और उपहार दिए। ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह ने नवयुगलों को प्रेम और सौहार्द से जीवन जीने की सलाह दी। आयोजन की व्यवस्थाओं की खूब तारीफ हुईए जिससे वर-वधू के परिजन संतुष्ट दिखे। सामूहिक विवाह कार्यक्रम की सफलता के लिए एडीओ समाज कल्याण सौरभ कुमार सिंह की भी विशेष प्रशंसा हुई। इस दौरान खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार मिश्रा और प्रधान संघ अध्यक्ष राजेश सिंह, समेत कई लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कुमार यादव ने किया।

संक्षिप्त

छठें दिन मंदिरों, पूजा पंडालों को सजाने में जुटे श्रद्धालु

चकिया। शारदीय नवरात्र के छठवें दिन मां कात्यायनी माता की पूजा की गई। नगर में मां दुर्गा की भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। नगर स्थित काली जी मंदिर सहित विभिन्न दुर्गा मंदिरों और पूजा पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। मंदिरों में रंग-बिरंगी लाइटों, फूलों और सजावटी सामग्री से भव्य रूप देने की तैयारी चल रही है। नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। मंदिरों और पूजा पंडालों को सजाने में भक्त जुटे हुए हैं। मां दुर्गा के दर्शन-पूजन के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ने की उम्मीद है। नवरात्र के इस पावन अवसर पर पूरा नगर भक्तिमय माहौल में रंगा नजर आ रहा है। मां दुर्गा की आराधना और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

छात्रवृत्ति आवेदन अग्रसारित करने के लिए समय-सीमा तय

चंदौली। वित्तीय वर्ष/शैक्षणिक सत्र 2026-27 में अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग को छोड़कर) के छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना को लेकर जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रत्नेश सिंह ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण, उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेशों के क्रम में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रत्नेश सिंह ने जिले के सभी नोडल अधिकारियों, जिला विद्यालय निरीक्षक, उच्च तकनीकी, चिकित्सा, प्राविधिक एवं व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों के प्राचार्यों और प्रधानाचार्यों को निर्देश जारी किए हैं कि शिक्षण संस्थानों के स्तर पर लंबित आवेदनों को नियमानुसार जल्द से जल्द आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कक्षा 9 से 12 तक के छात्र/छात्राओं के लिए अंतिम तिथि 20 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। अन्य दशमोत्तर कक्षाओं (कक्षा 11-12 को छोड़कर) के लिए: अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2026 तय की गई है।

आज सामूहिक विवाह के बंधन में बंधेंगे ६० जोड़े

चकिया। स्थानीय विकासखंड परिसर में आगामी 17 अक्टूबर को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में कुल 60 जोड़े वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत करेंगे। इसके लिए चयन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। एडीओ समाज कल्याण अनुराग शुक्ला ने बताया कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष चकिया विकासखंड से 40, नौगढ़ ब्लॉक से आठ, शहाबगंज ब्लॉक से 11 तथा चकिया नगर क्षेत्र से एक जोड़े का चयन किया गया है। इनमें तीन मुस्लिम जोड़े भी शामिल हैं। ब्लॉक प्रमुख शंभू नाथ यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से पात्र जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जाएगा। आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। सामूहिक विवाह के जरिए आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को विवाह संबंधी खर्च में राहत मिलेगी और नवदंपतियों को नए जीवन की शुरुआत करने का अवसर मिलेगा।

मिशन शक्ति के तहत सम्मान, फीडबैक कार्यक्रम

चंदौली। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 6.0 अभियान के अंतर्गत 16 अक्टूबर को जनपद चंदौली में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी लाइन डॉ0 चारु द्विवेदी की गरिमामयी उपस्थिति/नेतृत्व में समस्त थानों के मिशन शक्ति केन्द्र परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा एक विशेष सम्मान एवं फीडबैक कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परिवार परामर्श केन्द्र के माध्यम से पूर्व में सुलझाए गए पारिवारिक विवादों के बाद साथ रह रहे जोड़ों व उनके परिजनों से संवाद स्थापित करना तथा समाज में सकारात्मक संदेश देना था।

मुख्य मार्ग पर गहरे गड्ढे होने से राहगीर परेशान

चंदौली। नियामताबाद विकासखंड के बरहुली गांव में मुख्य मार्ग की हालत खराब है। सड़क पर गहरे गड्ढे बन गए हैं और कई जगह गिट्टियां उखड़ चुकी हैं। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को आने-जाने में बहुत परेशानी हो रही है। खराब सड़क से हादसों का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय निवासी संजय, राहुल, सौरभ, बादल, मनीष, करन, शिवा, अनिल और रवि समेत ग्रामीणों ने बताया कि सड़क कई साल से बदहाल है। गड्ढों से दोपहिया वाहन चालकों को खास दिक्कत होती है। रात में रोशनी कम होने से गड्ढों का पता नहीं चलता जिससे हादसे की आशंका रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य मार्ग होने के बावजूद अधिकारी इसकी मरम्मत पर ध्यान नहीं दे रहे। लोगों ने विभाग से सड़क का जल्द निरीक्षण कर मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों को राहत मिले और आवागमन आसान हो।

त्योहारों को लेकर पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

चंदौली। आगामी त्योहारों के मद्देनजर जनपद में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल के निर्देश पर शुक्रवार को सदर कोतवाली पुलिस ने जिला मुख्यालय पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। कोतवाल बिंदेश्वर पांडेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की जांच की। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी। वाहनों के आवश्यक कागजात और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई। वहीं, जिन चारपहिया वाहनों पर ब्लैक फिल्म लगी हुई थी, उन्हें रुकवाकर फिल्म हटवाई गई। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में खलबली मची रही। सड़क पर पुलिस की सक्रियता देखकर वाहन चालक सतर्क नजर आए। वहीं, कुछ दोपहिया वाहन सवार रास्ता बदलकर निकलते दिखाई दिए। पुलिस टीम ने लोगों को यातायात नियमों का पालन करने और वाहन चलाते समय जरूरी दस्तावेज साथ रखने के निर्देश दिए।

रेलकर्मियों को मिलेगा ७८ दिन का बोनस

मुगलसराय। केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा रेलकर्मियों को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 78 दिनों के उत्पादकता आधारित बोनस (पीएलबी) को मंजूरी दिए जाने के एक दिन के भीतर ही पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल ने 15 अक्टूबर 2026 को अपने 13,470 गैर-राजपत्रित रेलकर्मियों को बोनस की राशि जारी कर दी। मंडल द्वारा कुल 23,88,41,832 रुपये (लगभग 23.88 करोड़ रुपये) का भुगतान किया गया है। इस अवधि में कार्य दिवसों के अनुपात में प्रत्येक पात्र कर्मचारी को अधिकतम 17,951 रुपये की दर से बोनस दिया गया है। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के दिशा-निर्देश पर की गई इस त्वरित कार्रवाई से कर्मचारी हितों के प्रति मंडल प्रशासन की प्रतिबद्धता परिलक्षित होती है। बोनस भुगतान की प्रक्रिया को निर्धारित समय में पूरा करने में कार्मिक विभाग एवं लेखा विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दोनों विभागों के बीच बेहतर समन्वय, तत्परता और कार्यकुशलता के परिणामस्वरूप मंजूरी के तुरंत बाद कर्मचारियों को बोनस जारी करना संभव हो सका।

बाल विवाह, सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ विद्यार्थियों को किया जागरूक

चकिया। सावित्री बाई फुले राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से संचालित मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत बाल विवाह एवं अन्य सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो. संगीता सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक करते हुए उनके उन्मूलन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह ने बाल विवाह, दहेज प्रथा सहित विभिन्न सामाजिक कुरीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन कुरीतियों का समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इनके उन्मूलन के लिए जागरूकता, शिक्षा और सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने तथा सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान किया। अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य प्रो. संगीता सिन्हा ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में युवाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों को जागरूकता, समानता और सकारात्मक सोच के माध्यम से समाज में बदलाव लाने के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन मिशन शक्ति प्रभारी डॉ. रोहित यादव ने किया। इस अवसर पर डॉ. रमाकांत गौड़, डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह, डॉ. अमिता सिंह, विश्व प्रकाश शुक्ल सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

नाम जोड़ने के लिए १७, २४ को बूथों पर लगेगा विशेष कैंप

चंदौली। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी न्यायिक रतन वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और प्रिंट मीडिया के प्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावली (मतदाता सूची) के अद्यतनीकरण तथा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से जुड़ी कार्ययोजना से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि हाल ही में प्रदेश में आई बाढ़ और अतिवृष्टि को ध्यान में रखते हुए जनपद के जीर्ण-शीर्ण एवं क्षतिग्रस्त मतदेय स्थलों का पुन: भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। इसके आधार पर 19 अक्टूबर तक नया आलेख तैयार कर लिया जाएगा। राजनीतिक दलों से अनुरोध किया गया है कि यदि इस संबंध में उनके पास कोई आपत्ति या सुझाव हो, तो वे 18 अक्टूबर तक अपने दलीय लेटर पैड पर इसे उपलब्ध करा दें। कहा कि जनपद के 1691 मतदेय स्थलों पर 17 अक्टूबर (शनिवार) और 24 अक्टूबर (शनिवार) को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक विशेष कैंपों का आयोजन होगा। इस दौरान बूथ लेवल अधिकारी उपस्थित रहकर छूटे हुए, पहली बार वोट देने वाले युवाओं, नवविवाहित महिलाओं और वंचित वर्ग के लोगों का नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 भरा जाएगा। स्पष्ट किया है कि रैन बसेरों, लेबर कॉलोनियों, बेघर और समाज के हाशिए पर मौजूद लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग ने 01 जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के आधार पर पुनरीक्षण का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। प्रस्तावित मतदेय स्थलों का अनुमोदन 02 नवंबर, निर्वाचक नामावली का आलेख प्रकाशन 12 नवंबर, दावे व आपत्तियां 12 नवंबर से 11 तक प्राप्त की जाएगी।

१० माह में नहीं हुआ सात किमी रोड का कायाकल्प

कमालपुर। स्थानीय से निकलने वाली सात किमी रोड दस माह बीतने वाले हैं फिर भी नहीं हुआ रोड का पुनरुद्धार। रोड के काम को बीरबर की खिचड़ी कहा जाय अथवा जिला प्रशासन की उदासीनता। कमालपुर रमरजाई रोड काफी संकरी थी। काफी प्रयास के बाद चौड़ी करण का शासन प्रशासन द्वारा प्रस्ताव पास कर माह जनवरी में कार्य शुरू कर दिया गया। रमरजाई रोड कस्बा कमालपुर से निकलती है जो गांव सभा जमुर्खा में पड़ती है। सड़क के दोनों तरफ पक्की नाली तथा आठ सौ मीटर आर सी सी पास की गई। बहुत हीलाहवाली के बाद दोनों तरफ नाली और आधा रोड आर सी सी ढाल कर छोड़ दिया गया है। ढाली गई आर सी सी रोड अथवा शेष रोड पर ट्रैक्टर ट्रॉली, छोटी, बड़ी गाड़ियां खड़ी हो जाने से अक्सर जाम की स्थितियां उत्पन्न हो जा रही है। जाम में राहगीर, ग्राहक तथा स्कूली बच्चों की दुर्दशा हो रही है जिसका कोपभाजन स्थानीय पुलिस हो रही है। कस्बा में रमरजाई रोड पर लगने वाले जाम को देखते हुए चौकी प्रभारी जयकरन सरोज ने सड़क का काम करा रहे ठीकेदार बब्बू सिंह से 13 अक्टूबर को मोबाइल फोन से बात कर जल्द काम शुरू करके शेष रोड का आर सी सी ढलाई कर आम जनता को राहत की बात कही। ठीकेदार ने सार्थक जवाब तो दिए पर आज तक शेष रोड पर आर सी सी का काम नहीं शुरू किया गया। आने वाले दिनों में कस्बा में दुर्गापूजा, रामलीला, दशहरा का मेला तथा विराट दंगल का आयोजन के बाद दीपावली और छठ पूजा का त्यौहार दिखाई दे रहा है। स्थानीय कस्बा के व्यापारी, क्षेत्रीय जनता तथा छात्रों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल आठ सौ मीटर आर सी सी रोड संपूर्ण कराकर जाम से मुक्ति दिलाने की मांग की है।

मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

कमालपुर। मिशन शक्ति अभियान के तहत कन्या जूनियर हाई स्कूल की छात्राओं को जागरूक, आत्मनिर्भर और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति सजग बनाने की दिशा में शुक्रवार को कमालपुर स्वास्थ्य केंद्र का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। छात्राओं ने अस्पताल की कार्यप्रणाली को करीब से जाना और मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। प्रभारी प्रधानाध्यापक जीनत कौसर के नेतृत्व में शिक्षक इमरान खान, प्रीति सिंह एवं सीमा सिंह छात्राओं को स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। शिक्षक इमरान खान ने छात्राओं को अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं से परिचित कराया। अस्पताल में पर्ची बनवाना,चिकित्सक मरीजों का परीक्षण, ब्लड की जांच तथा निर्धारित दवाएं कहां से प्राप्त की जाती हैं, छात्राओं को स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, जांच प्रक्रिया और उपचार से जुड़ी व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस पहल से छात्राओं को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक जानकारी हासिल करने का अवसर मिला, साथ ही उन्हें जरूरत पड़ने पर सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया भी समझाई गई। धानापुर ब्लॉक के कमालपुर संकुल अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाना और उन्हें आवश्यक सेवाओं की जानकारी देना रहा।

बाइक की टक्कर से दो घायल

कमालपुर। सैयदराजा-जमानिया मार्ग पर विकास खण्ड बरहनी के कंजेहरा गांव के पास शुक्रवार सुबह अज्ञात बाइक की टक्कर से दो लोग घायल हो गए। घायलों में एक व्यक्ति को गंभीर चोट आई है। परिजन उन्हें निजी वाहन से ट्रामा सेंटर ले गए, जहां उनका उपचार कराया जा रहा है। कंजेहरा गांव निवासी अमरेंद्र यादव सुबह अपने खेत से पशुओं के चारा के लिए चरी लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के पास तेज गति से आ रहा अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। अमरेंद्र यादव सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पास में खड़े गांव निवासी विंध्याचल यादव को भी हल्की चोट आई। हादसे के बाद बाइक सवार मौका का फायदा उठा कर फरार हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। परिजन गंभीर रूप से घायल अमरेंद्र को तत्काल ट्रामा सेंटर ले गए। घटना के बाद बाइक सवार की पहचान नहीं हो सकी।

सीहोरिया देवी धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

इलिया। शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर क्षेत्र के सिहर गांव स्थित पहाड़ी पर विराजमान मां सीहोरिया देवी धाम शुक्रवार को श्रद्धा, भक्ति और विश्वास के अद्भुत संगम का साक्षी बना। मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। पूरा धाम 'जय माता दी' के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान हो उठा। भक्तिमय वातावरण में हर ओर आस्था की अविरल धारा बहती नजर आई। सुबह की पहली किरण के साथ ही मां के दरबार में मत्था टेकने के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक अनवरत जारी रहा। करीब 360 सीढ़ियों की कठिन चढ़ाई भी भक्तों के उत्साह और श्रद्धा को डिगा नहीं सकी। हाथों में नारियल, चुनरी और पूजा की थाली लिए श्रद्धालु मां के दरबार में पहुंचे और शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि,खुशहाली तथा कल्याण की कामना की। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में दर्शन-पूजन को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया। क्षेत्र में प्रचलित मान्यता के अनुसार, मां सीहोरिया देवी के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई मुराद पूरी होती है। इसी अटूट विश्वास के चलते आसपास के गांवों के साथ दूर-दराज के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु यहां खिंचे चले आते हैं। मनोकामना पूर्ण होने पर अनेक भक्त गाजे-बाजे के साथ धाम पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना करते हैं और मां के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों और मंदिर समिति की ओर से व्यवस्थाएं संभाली जा रही हैं। नवरात्र के दौरान सीहोरिया देवी धाम में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ मां के प्रति क्षेत्रवासियों की गहरी आस्था और अटूट विश्वास को बयां कर रही है। आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ने की संभावना है।

नवागत खंड शिक्षा अधिकारी का शिक्षकों ने किया स्वागत

चकिया। ब्लॉक संसाधन केंद्र पर शुक्रवार को नवागत खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश मिश्रा का उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से स्वागत किया गया। सिद्धार्थनगर जनपद से स्थानांतरित ओम प्रकाश मिश्रा ने चकिया में कार्यभार्य संभाले इस दौरान शिक्षक संघ के अध्यक्ष अजय गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकारिणी के सदस्यों और शिक्षकों ने नवागत अधिकारी का स्वागत किया। अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि शिक्षक और अधिकारी मिलकर चकिया की शैक्षिक गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए कार्य करेंगे। साथ ही प्रत्येक विद्यालय को निपुण बनाने और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में हरसंभव सहयोग किया जाएगा। वहीं, नवागत खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश मिश्रा ने कहा कि चकिया के शिक्षकों में भरपूर ऊर्जा और क्षमता है। इस ऊर्जा का उपयोग विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को बेहतर शिक्षा देने और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करने में किया जाएगा। इस अवसर पर बाबूलाल, राजेश पटेल, जयप्रकाश सिंह पटेल, अनिल यादव, अशोक प्रजापति, चौधरी अजीत सिंह, कविंद्र गौतम, अमित मौर्य, दीपक द्विवेदी, प्रदीप जैसल, अशोक, जेपी पाल, कृष्णकांत उपाध्याय, शशांक मिश्रा सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

सागर स्पोर्टिंग क्लब के तत्वावधान में निकली कलश यात्रा

पड़ाव। शारदीय नवरात्र के षष्ठी तिथि के अवसर पर सागर स्पोर्टिंग क्लब के तत्वावधान में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक यात्रा में सुजाबाद गांव की सैकड़ों महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने गंगा नदी से 108 कलशों में पवित्र जल भरा और ढोल-नगाड़ों के साथ माता रानी के जयकारे लगाते हुए सुजाबाद गांव से पड़ाव चौराहे तक यात्रा निकाली। इसके बाद दुर्गा पूजा पंडाल में विधि-विधान से कलश स्थापित किया गया। कलश यात्रा में शामिल महिलाओं और पुरुषों ने पारंपरिक वेशभूषा में लाल रंग के वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रखा। माता रानी के जयकारों और ढोल-नगाड़ों की गूंज से पूरा मार्ग भक्तिमय हो उठा। आचार्यों की देखरेख में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश यात्रा संपन्न हुई। इस अवसर पर सागर स्पोर्टिंग क्लब के संस्थापक अध्यक्ष एवं मूर्तिकार सागर साहनी ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार षष्ठी तिथि को दुर्गा पूजा पंडाल में माता रानी का अनुष्ठान किया जाता है। इसी क्रम में गांव की महिलाओं, पुरुषों और युवतियों ने गंगा जल भरकर भव्य कलश यात्रा निकाली और पंडाल में कलश स्थापित किया।

खराब सड़कों की पैच मरम्मत एक सप्ताह में पूर्ण कर रिपोर्ट दें अधिकारी-डीएम

शासन की प्राथमिकताओं एवं मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की योजनाओं में तेजी लाने के दिये निर्देश

ज्ञानपुर डीएम शैलेष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं एवं मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्माण कार्यों, पूर्वांचल विकास निधि, निर्माणाधीन सड़कों, सेतु निर्माण, क्रिटिकल गैप निधि, उद्यान, कृषि, मत्स्य, आश्रय तथा अन्य विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की समीक्षा में जिलाधिकारी ने दुग्ध विकास अधिकारी को बैठक मे उनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया। बैंको का ऋण अनुपात पीएम सूर्यघर, एम एसएमई, मुख्यमंत्री आवास, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की अपेछित प्रगिति ख़राब होने पर सम्बंधित विभाग के अधिकारियो को कड़ी हिदायत देते होते कहा की माह में प्रगिति सुधार करें अन्यथा सम्बंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। साथ ही साथ लोक निर्माण विभाग, जिला पंचायत, नहर विभाग, मंडी समिति, नगर पालिका, नगर पंचायत, जल निगम, से सम्बंधित अधिकारियो को निर्देश दिया की ख़राब सड़को की पैच मरम्मत का कार्य एक सप्ताह में पूर्ण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराये। यह भी सुनिश्चित करें की कार्य मानक व गुणवत्ता के अनुरूप कराये। फैमिली आईडी, निर्माण की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति एवं सुधार न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। कार्य में लापरवाही बरतने के कारण समस्त खंड विकास अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए की फैमली आइडी में तेजी लाए। मुख्यमंत्री सीएम डैशबोर्ड समीक्षा के दौरान बी श्रेणी, सी श्रेणी एवं डी श्रेणी वाले संबंधित विभाग के अधिकारियों को ए श्रेणी में लाने का निर्देश दिया अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि केवल पात्र लाभार्थियों को ही योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाए। यदि किसी स्तर पर किसी अपात्र व्यक्ति का चयन पाया जाता है तो उससे तत्काल धनराशि की वसूली सुनिश्चित की जाए। अन्यथा संबंधित खंड विकास अधिकारी की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि जनपद की सभी गौशालाओं का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा वहां आवश्यक सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखा जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अव्यवस्था पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी समस्त कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को अपने कार्यों में प्रगति में सुधार लाएं जो भी कार्य करें मानक व गुणवत्ता के अनुरूप करें। मानक एवं गुणवत्ता में कहीं कमी मिली तो संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी जिम्मेदारी जवाबदेही तय की जाएगी इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार चक, जिला विकास अधिकारी सपना अवस्थी, जिला अर्थ संख्याधिकारी अनिल कुमार सिंह, जिला आबकारी अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

२३ अक्तूबर को मतदान के लिए पात्र कर्मचारियों को मिलेगा विशेष आकस्मिक अवकाश

ज्ञानपुर। वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान में भाग लेने के लिए पात्र कर्मचारियों को विशेष आकस्मिक अवकाश दिया जाएगा। शुक्रवार को मतदान के दिन यह सुविधा उन कर्मचारियों को मिलेगी, जो संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के बोनाफाइड मतदाता हैं और मताधिकार का प्रयोग करना चाहते हैं। जिलाधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर शैलेष कुमार ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के 13 अक्टूबर 2026 के पत्र के क्रम में शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में विज्ञप्ति जारी की है। इसके तहत वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2026 के मतदान दिवस पर पात्र कर्मचारियों को विशेष आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किया गया है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में कार्यरत ऐसे कर्मचारी, जो विश्वविद्यालय से स्नातक हैं और स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों से होने वाले विधान परिषद चुनाव के लिए वैध मतदाता के रूप में पंजीकृत हैं, उन्हें मतदान करने के लिए यह सुविधा दी जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागाध्यक्षों और कार्यालयाध्यक्षों को शासन के निर्देशों के अनुसार पात्र कर्मचारियों को नियमानुसार विशेष आकस्मिक अवकाश उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसका उद्देश्य कर्मचारियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी का अवसर देना और मतदान के प्रति उनकी जिम्मेदारी सुनिश्चित करना है।

गैस सिलेंडर में छिपाकर ले जा रहा था ५.४७ लाख का गांजा, गिरफ्तार

गोपीगंज। पुलिस ने शुक्रवार रात चेकिंग के दौरान स्कूटी से गांजा तस्करी के आरोप में प्रयागराज निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसके पास से 10.958 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 5,47,900 रुपये बताई गई है। आरोपी गांजे को पुलिस से बचाकर ले जाने के लिए स्कूटी की डिग्गी में रखे गैस सिलेंडर के अंदर सफेद पन्नियों में छिपाकर ले जा रहा था। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी राधेश्याम गुप्ता (59) प्रयागराज जिले के उतरांव थाना क्षेत्र के बबुआपुर गांव का निवासी है। शुक्रवार, 16 अक्टूबर की रात गोपीगंज पुलिस टीम वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान स्कूटी सवार राधेश्याम को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में गैस सिलेंडर के अंदर छिपाकर रखा गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने स्कूटी और एक मोबाइल फोन भी कब्जे में लिया है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह सोनभद्र से सस्ते दाम पर गांजा खरीदकर लाता था और उसे अधिक कीमत पर बेचकर मुनाफा कमाता था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ प्रदेश के विभिन्न जिलों में चार मुकदमे दर्ज हैं। इस मामले में गोपीगंज थाने में मुकदमा अपराध संख्या 415/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 और मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सचिदानन्द पांडेय, उपनिरीक्षक राजेंद्र प्रसाद ओझा, कांस्टेबल नीरज निराला, हेड कांस्टेबल निखिल कुमार और संदीप पटेल शामिल रहे।

सुलह-समझौते से फिर एक हुए ३५ दम्पती, पुलिस ने सम्मानित कर लिया फीडबैक

ज्ञानपुर। मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के तहत शुक्रवार को पुलिस लाइन ज्ञानपुर स्थित सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पारिवारिक विवादों के निस्तारण के बाद सुलह-समझौते और मध्यस्थता से फिर एक हुए 35 दंपत्तियों और उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। साथ ही उनके वर्तमान पारिवारिक जीवन के संबंध में फीडबैक भी लिया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक सीमा सिंह और परिवार परामर्श केंद्र की टीम मौजूद रही। इस दौरान एएसपी शुभम अग्रवाल ने दंपत्तियों और उनके परिजनों से बातचीत कर उनके पारिवारिक जीवन की स्थिति जानी। उन्होंने दंपत्तियों को आपसी संवाद, विश्वास, सामंजस्य और सहयोग बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कहा कि पारिवारिक विवादों को आपसी समझ और सहमति से सुलझाने से रिश्तों को मजबूत बनाने में मदद मिलती है। परिवार में आपसी तालमेल और संवाद बनाए रखना सुखद जीवन के लिए जरूरी है। भदोही पुलिस के अनुसार, महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के साथ ही पारिवारिक विवादों के निस्तारण तथा परिवारों को टूटने से बचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

मंथरा-कैकेयी संवाद, श्रीराम वनवास की लीलाओं का भावपूर्ण मंचन

सुरियावां। नगर की ऐतिहासिक रामलीला में वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा मंथरा-कैकेयी संवाद, कैकेयी कोप भवन, श्रीराम वनवास, निषादराज

मिलन, दशरथ मरण एवं भरत आगमन की लीलाओं का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय और प्रभावशाली संवादों के माध्यम से रामायण के इन मार्मिक प्रसंगों को जीवंत कर दिया। श्रीराम के वनवास और राजा दशरथ के वियोग के दृश्यों ने दर्शकों को भावुक कर दिया। मंचन के दौरान मंथरा द्वारा कैकेयी को राजा दशरथ से वरदान मांगने के लिए प्रेरित करने, कैकेयी के कोप भवन में जाने तथा भगवान श्रीराम के वनवास जाने के प्रसंगों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। वहीं, वनगमन के दौरान निषादराज से श्रीराम की भेंट और राजा दशरथ के प्राण त्यागने की लीला ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। भरत आगमन के प्रसंग ने भी दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं भदोही विधानसभा प्रभारी राकेश वर्मा जी तथा भाजपा नेता गोरेलाल पाण्डेय जी उपस्थित रहे। अतिथियों ने भगवान श्रीराम की लीला का दर्शन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम के जयकारों के साथ लीलाओं का आनंद लिया। कलाकारों की शानदार प्रस्तुति से पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस अवसर पर श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन श्री नंदलाल गुप्ता जी, संचालक अशोक उमर वैश्य, महामंत्री अवधेश उमर वैश्य, संयुक्त मंत्री अश्वनी साहू, कोषाध्यक्ष छेदीलाल साहू, लोकेश सेठ, जय कुमार, हरिमोहन, प्रकाशचंद, संतोष, मनीष जायसवाल, सूचना मंत्री मनोज मोदनवाल, , वैभव, विशाल, अमित एवं आनंद मोदनवाल सहित समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

डांडिया-गरबा की धूम, बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

गोपीगंज। ज्ञानपुर रोड स्थित सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध डोनिव पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को शारदीय नवरात्र के अवसर पर डांडिया-गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे छात्र-छात्राओं ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। गरबा की धुन पर थिरकते

बच्चों से विद्यालय परिसर उत्सवमय हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ज्ञानपुर नगर अध्यक्ष एवं गोपीगंज व्यापार मंडल अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल ने मां दुर्गा की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। मां दुर्गा की वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज हुआ। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी, फूल-मालाओं और झालरों से सजाया गया था। मां दुर्गा की भव्य झांकी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। महोत्सव में जूनियर और सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने समूहों में गुजराती गरबा और पारंपरिक डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। घाघरा-चोली और कुर्ता-पगड़ी में सजे बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों पर अभिभावकों और शिक्षकों ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने भारतीय लोक संस्कृति, परंपरा और सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि वर्ष 2003 से संचालित संस्थान शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, संस्कार और नैतिक मूल्यों के विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। ऐसे आयोजन बच्चों में एकता, अनुशासन, सहयोग और आत्मविश्वास की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। विद्यालय के प्रबंधक रतन शंकर जायसवाल ने अतिथियों और उपस्थित लोगों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर किरण त्रिपाठी, संजय त्रिपाठी, फरीन, मुकेश दुबे, दिनेश कुमार, शिवम पांडे, दीप्ति सिंह, सौम्या सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम

ज्ञानपुर। मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी शैलेष कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने विभिन्न क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। जुलूसों और विसर्जन स्थलों पर मजिस्ट्रेट के साथ पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। अधिकारियों ने विसर्जन मार्गों के गड्ढे दूर कराने, बिजली के तारों की जांच, बैरिकेडिंग और घाटों पर नाव, स्टीमर व गोताखोरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। भीड़ नियंत्रण के लिए एक बार में अधिकतम पांच प्रतिमाओं के विसर्जन और निर्धारित क्रम का पालन कराने को कहा गया। नावों पर केवल अधिकृत नाविकों और गोताखोरों को ही जाने की अनुमति होगी। स्थानीय तालाबों पर भी सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने पूजा समितियों से निर्धारित मार्गों का पालन करने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि अफवाह फैलाने या शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। प्रशासन और पुलिस की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं।

जल निगम की लापरवाही से ग्रामीण सड़क बदहाल

कटरा। कोनिया क्षेत्र के बसगोती मवैया में जल निगम के ठेकेदारों की

लापरवाही से हाल ही में बनी 300 मीटर पक्की सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। पाइपलाइन बिछाने के नाम पर जेसीबी से तोड़ी गई इस सड़क को बीते तीन महीने से मरम्मत के इंतजार में यूं ही छोड़ दिया गया है। मार्ग पर आए दिन राहगीर और दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ऐसा ही हाल पड़ोसी ग्रामसभा भभौरी का भी है, जहां सड़क खोदने के महीनों बाद भी न तो रास्ता दुरुस्त हुआ और न ही पेयजल आपूर्ति शुरू हो सकी। प्रमुख समाजसेवी निशांत सिंह ने कहा कि जनता को न पानी मिल रहा है और न ही चलने लायक सड़क। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से लापरवाह ठेकेदारों पर कार्रवाई करने, सड़क की तत्काल मरम्मत कराने और समयबद्ध जलापूर्ति शुरू करने की मांग की है।

कोइरौना में दिनदहाड़े साइकिल चोरी

कोइरौना। थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। आधा दर्जन से अधिक चोरियों का खुलासा नहीं होने के बीच अब दिनदहाड़े साइकिल चोरी का मामला सामने आया है। त्रिभुवनपुर ग्रामसभा के खेदौपुर निवासी अजय गौतम पुत्र श्यामा शंकर गौतम की साइकिल दो अज्ञात युवक बाइक पर लादकर फरार हो गए। पीड़ित ने कोइरौना पुलिस को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

विराट बिरहा का मुकाबला २१ को

सुरियावा नगर क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 5 दीन दयाल नगर पुरानापुर में विराट बिरहा का जंगी मुकाबला 21 अक्टूबर 2026 को रात्रि 8:00 बजे से शुरू होगा गायक कलाकार उजाला यादव आजमगढ़ और सुदई राम यादव गोपीगंज भदोही के बीच होगा यह कार्यक्रम नव युवक दुर्गा पूजा समिति पूरनापुर सुरियावा के सौजन्य से होगा यह जानकारी अध्यक्ष प्रकाश यादव और संरक्षक संतोष यादव ने संयुक्त दी है।

शारीरिक शिक्षा विभाग एवं संस्कृत विभाग में विभागीय परिषद का गठन

भदोही। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग और संस्कृत विभाग में विभागीय परिषदो का गठन किया गया। शारीरिक शिक्षा विभाग प्रभारी बृजेश कुमार ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए छात्रों को शारीरिक शिक्षा विषय के महत्त्व से अवगत कराया । शारीरिक शिक्षा केवल अध्ययन का विषय नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण करने की एक कला और विज्ञान दोनों है। विद्यार्थियों की मानसिक तथा शारीरिक दक्षता एवं ज्ञान परीक्षण के आधार पर शारीरिक शिक्षा परिषद् के विभिन्न पदाधिकारियों का चयन किया गया। सत्र 2026-27 के लिए विभागीय परिषद् में उपाध्यक्ष के पद पर अंकित कुमार भारती, बी.ए. तृतीय वर्ष, सचिव पद के लिये अरुन कन्नौजिया, बी.ए. द्वितीय वर्ष तथा कोषाध्यक्ष के पद पर राहुल कुमार, बी.ए.प्रथम वर्ष का चयन किया गया। कक्षा प्रतिनिधि के रूप में विकास शर्मा, बीए तृतीय वर्ष , अन्नू कन्नौजिया, बीए द्वितीय वर्ष एवं साक्षी विश्वकर्मा, प्रथम वर्ष का चयन हुआ। संस्कृत विभाग में विभागीय परिषद के विभिन्न पदाधिकारियों का चयन विद्यार्थियों की भाषाई दक्षता एवं ज्ञान का परीक्षण के लिए विशेष प्रतियोगिताएं आयोजित कर किया गया । प्रतियोगिताओं में मुख्य रूप से शब्द रूप, धातु रूप परीक्षण एवं संस्कृत संभाषण को आधार बनाया गया। कक्षा प्रतिनिधि के रूप में हुस्ना परवीन बीए द्वितीय वर्ष, ऊषा बीए द्वितीय वर्ष एवं एकता यादव प्रथम वर्ष का चयन हुआ। प्राचार्य प्रो माया ने नवचयनित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पुलिस ने किया दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास

ज्ञानपुर। आगामी त्योहारों के मद्देनजर जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए शुक्रवार को पुलिस लाइन ज्ञानपुर के परेड ग्राउंड में दंगा नियंत्रण स्कीम का पूवाज़्भ्यास और बलवा ड्रिल आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के नेतृत्व में हुए अभ्यास में पुलिस अधिकारियों और जवानों ने दंगा नियंत्रण उपकरणों एवं शस्त्रों के संचालन का अभ्यास किया। शुक्रवार परेड के दौरान एसपी अभिनव त्यागी ने सलामी लेने के बाद टोलीवार ड्रिल का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों में अनुशासन, एकरूपता और कार्यदक्षता बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद एसपी अभिनव त्यागी और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल की उपस्थिति में बलवा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास कराया गया। इस दौरान एसपी, एएसपी सहित सभी क्षेत्राधिकारियों ने स्वयं दंगा नियंत्रण उपकरणों और शस्त्रों का संचालन कर अभ्यास में भाग लिया। थाना और चौकी प्रभारियों के साथ पुलिसकर्मियों ने भी उपकरणों के इस्तेमाल का अभ्यास किया। विभिन्न टीमों ने बलवा नियंत्रण की कारज़्वाई का प्रदर्शन कर आपात परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को आकस्मिक परिस्थितियों में तत्परता, समन्वय और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अभ्यास का उद्देश्य आगामी त्योहारों के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल को तैयार रखना है।

गोपीगंज में राज्य कर विभाग ने किया व्यापारी संवाद

गोपीगंज। नवरात्र और दीपावली के त्योहारों को देखते हुए शुक्रवार को गोपीगंज नगर स्थित एक लॉन में राज्य कर विभाग की ओर से व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें रेडीमेड वस्त्र, किराना, ज्वेलरी और मिठाई कारोबार से जुड़े व्यापारियों ने हिस्सा लिया। अधिकारियों ने व्यापारियों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए जरूरी जानकारी दी। साथ ही जीएसटी के विभिन्न प्रावधानों और कर संबंधी प्रक्रियाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान त्योहारों के सीजन में कारोबार के दौरान आने वाली समस्याओं और जीएसटी से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। इस मौके पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल भदोही के जिलाध्यक्ष घनश्याम दास गुप्ता और गोपीगंज नगर अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल सहित विभिन्न कारोबार से जुड़े व्यापारी मौजूद रहे। राज्य कर विभाग की ओर से सहायक आयुक्त राजेंद्र पटेल और राज्य कर अधिकारी मनोज अग्रवाल ने व्यापारियों को जीएसटी के प्रावधानों की जानकारी दी।

औराई विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास कार्य से विपक्षी मायूस



महराजगंज। औराई के भाजपा विधायक पूर्व मंत्री दीनानाथ भास्कर ने कहा है कि वाराणसी क्षेत्र की शिक्षक और स्नातक एमएलसी चुनाव में भाजपा दोनो सीटें जीतेंगी। इसके लिए वह औराई विधान सभा क्षेत्र में गांव गांव संपर्क में जुटे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी क्षेत्र की इन दोनों सीटों के लिए सभी कार्यकर्ता प्रण प्राण से जुटे हुए हैं। पूर्व मंत्री भाजपा विधायक दीनानाथ भास्कर एमएलसी चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में भ्रमण के बाद अपने आवास त्रिलोकपुर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि औराई विधानसभा क्षेत्र में उन्होंने अब तक 28 पुलों का निर्माण कराया है। गांवों में सड़क बिजली पानी से लेकर तमाम ऐसे बड़े विकास कार्य हुए हैं जिससे विपक्षी दलों के साथ विपक्ष की मानसिकता रखने वाले लोग घबरा गए हैं। एक सवाल के जवाब में कहा कि भाजपा एमएलसी चुनाव के बाद विधान सभा चुनाव भी जीतेंगी और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनेगी। मुक्तापुर में सड़क को लेकर विरोध के सवाल पर कहा कि यह प्रायोजित विरोध चुनाव के मद्देनजर कराया जा रहा है। उन्होंने इंटरलॉकिंग सड़क दी थी लेकिन कुछ लोगों से इसका विरोध कराकर लेपन सड़क की मांग करायी गयी उसका भी प्रस्ताव भेजा गया है। मिर्जापुर भदोही मार्ग को फोरलेन के साथ पुरूषोत्तमपुर में रेलवे का ओवरब्रिज के सवाल पर कहा कि विधान सभा चुनाव से पहले इसका भी शिलान्यास करने का भरोसा मुख्यमंत्री ने दिया है।

नवरात्रि पर सुरक्षा को लेकर पुलिस सतर्क

महाराजगंज। शारदीय नवरात्रि पर्व के मद्देनजर जिले में शांति, सुरक्षा और सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने औराई थाना क्षेत्र के महाराजगंज बाजार में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की। इस दौरान एएसपी ने बाजार में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कराई। उन्होंने यातायात व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए संबंधित पुलिसकर्मियों को बाजार में आवागमन सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। एएसपी ने पुलिसकर्मियों को पर्व के दौरान लगातार गश्त करने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। पुलिस की इस कार्रवाई का उद्देश्य नवरात्रि के दौरान बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने के साथ ही लोगों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना है।

नवरात्र सप्तमी आज, होगी प्राण प्रतिष्ठा, शुरू होगा दर्शन पूजन

गोपीगंज। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों मे शारदीय नवरात्र मे बनाए गए पूजा पंडालो मे स्थापित मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा 17 अक्टूबर शनिवार को की जाएगी प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही दर्शन पूजन का क्रम शुरु हो जाएगा। गोपीगंज नगर के काली महाल मे मां सिंह वाहिनी श्रृंगार समिति (शिवम क्लब)द्वारा 75 लाख की लागत से बनाए गए बहुचर्चित पूजन पंडाल सहित विभिन्न पूजन समतियो द्वारा जगह जगह बनाए गए पूजन पंडाल मे स्थापित आदिशक्ति मां दुर्गा की प्रतिमा मे विधि विधान पूर्वक प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत सप्तमी से दर्शन पूजन शुरु होगा कुछ स्थानो पर ग्रामीण क्षेत्रों बनाए गए पूजन पंडाल मे नियमित दर्शन पूजन का क्रम नवरात्र के पहले दिन से ही शुरु हो गया है आदर्श दुर्गा श्रृंगार समिति सुजात पुर,जय मां दुर्गा श्रृंगार समिति जोहरपुर, जय मां दुर्गा श्रृंगार समिति धारा विश्वंभर पट्टी सहित अन्य स्थानों पर स्थापित पूजन पंडाल में दर्शन पूजन का क्रम नवरात्र के पहले दिन से चल रहा है।

कात्यायनी माता के आराधना से वैवाहिक बाधाएं होती हैं दूर

कांवल। भगवती दुर्गा के छठे स्वरूप माता कात्यायनी की पूजा शुक्रवार को भी जनपद में बड़े धूमधाम के साथ हुई। कात्यायनी माता के बारे में बताया जाता है कि मां कात्यायनी की पूजा करने से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही व्यक्ति के सारे पाप नष्ट हो जाते हैं। मां दुर्गा का छठा स्वरुप है मां कात्यायनी का। मां कात्यायनी का जन्म ऋषि कात्यायन के घर हुआ था इसलिए इनका नाम कात्यायनी पड़ा। मां कात्यायनी की पूजा करने से व्यक्ति को काम, मोक्ष, धर्म और अर्थ इन चारों फलों की प्राप्ति हो जाती है।

शांति भंग की आशंका में छह गिरफ्तार, २६२ वाहनों का चालान

ज्ञानपुर। जनपद पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्रवाई करते हुए छह लोगों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया। वहीं, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाकर कुल 262 वाहनों का चालान किया गया। इनके विरुद्ध चार लाख एक हजार रुपये का शमन शुल्क लगाया गया। पुलिस की ओर से 15 अक्टूबर को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ज्ञानपुर थाना क्षेत्र में उपनिरीक्षक अच्छेलाल ने कस्बा ज्ञानपुर से चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। वहीं, भदोही थाना क्षेत्र में उपनिरीक्षक विजय सरोज ने राजपुरा से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। सभी छह आरोपियों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170, 126 और 135 के तहत कारज़्वाई करते हुए संबंधित न्यायालय में चालान किया गया। दूसरी ओर, यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती दिखाई। अभियान के दौरान 120 दोपहिया और 142 चारपहिया वाहनों समेत कुल 262 वाहनों का चालान किया गया।

छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

गोपीगंज। मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत शुक्रवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय जखांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक सीमा सिंह ने एंटी रोमियो टीम के साथ छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव और सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इसमें महिला हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, एंबुलेंस सेवा 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और आपातकालीन सेवा 112 के उपयोग के बारे में बताया गया।

बच्चों को बाल अधिकारों और संरक्षण के प्रति किया जागरूक

गोपीगंज। आस्था महिला एवं बाल विकास संस्थान की ओर से शुक्रवार को औराई क्षेत्र के लालानगर स्थित विद्यालय में बाल अधिकारों एवं संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी और बच्चों के यौन शोषण जैसी गंभीर सामाजिक समस्याओं के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा और संरक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। उन्हें बताया गया कि बाल उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने के लिए जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी जरूरी है।

कोइरौना या ऊंज के पास तहसील बनाने की मांग

ऊंज। कोनिया क्षेत्र में तहसील स्थापना की मांग को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर कोइरौना अथवा जीटी रोड पर ऊंज के पास तहसील स्थापित करने की मांग की गई। ग्रामीणों का कहना है कि तहसील बनने से क्षेत्र के लोगों को राजस्व और प्रशासनिक कार्यों के लिए ज्ञानपुर नहीं जाना पड़ेगा। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि कोनिया क्षेत्र काफी दूर तक फैला हुआ है। ऐसे में यहां के लोगों को तहसील संबंधी कार्यों के लिए ज्ञानपुर जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों खर्च होते हैं। यदि कोइरौना या जीटी रोड पर ऊंज के पास तहसील स्थापित कर दी जाए तो क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी बैठक में रामविलास यादव, डॉ. हरिगेन बिंद, रविकांत बिंद, विजय बहादुर बिंद, छोटेलाल गौड़, भगवतीदीन बिंद, धनीशंकर बिंद, राममूर्ति, सूर्यबली यादव और रामप्रताप यादव सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

सत्य नारायण पुनः बने श्रीनारायण इंटर कालेज के प्रधानाचार्य

कटरा । जनपद के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान श्रीनारायण इंटर कॉलेज, कोनियां धनतुलसी के सत्यनारायण मिश्र को पुन: विद्यालय के प्रधानाचार्य पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आयोग से चयनित पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. भरत चक्रवर्ती के अन्यत्र स्थानांतरण के बाद रिक्त हुए पद पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा वरिष्ठ शिक्षक सत्य नारायण मिश्र को पुन: प्रधानाचार्य की कमान सौंपी गई। इस अवसर



पर विद्यालय के शिक्षक ज्ञान प्रकाश शुक्ला, प्रशांत सिंह, गणेश पाण्डेय, सतेन्द्र यादव, कंजू सिंह सहित समस्त विद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहे।

श्रीराम के बाण से धराशायी हुए बाली

गोपीगंज। बाबा बड़े शिव धाम प्रांगण में चल रही प्राचीन रामलीला में शुक्रवार को बाली वध की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। भगवान श्रीराम के आदर्श, सुग्रीव की पीड़ा और बाली के अहंकार से जुड़े प्रसंगों को कलाकारों ने सजीव अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया। लीला के दौरान हनुमान-सुग्रीव मिलन, सुग्रीव और बाली के बीच युद्ध तथा भगवान श्रीराम के बाण से बाली के धराशायी होने के दृश्यों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। बघेल परिवार की ओर से आयोजित रामलीला में कलाकारों ने रामायण के प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत कर दर्शकों को धर्म, मर्यादा और न्याय का संदेश दिया। हनुमान की भूमिका अनुज कुमार त्यागी गुरु, सुग्रीव की भूमिका हिमांशु पाठक और बाली की भूमिका दीपक पाठक ने निभाई।

उद्यमियों को दी गयी बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी

ज्ञानपुर। जनपद में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देश पर अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय की ओर से एमएसएमई संवाद बैठक आयोजित की गई। इसमें उद्यमियों

को बैंकिंग सुविधाओं, ऋण प्रक्रिया, सरकारी योजनाओं और स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान यूको बैंक ने लाभार्थियों को 4.90 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए। वहीं, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत यूनियन बैंक सहित अन्य बैंकों ने उद्यमियों को कुल 2.30 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के एलडीओ जितेंद्र शर्मा ने बैंकिंग सुविधाओं, आरबीआई के दिशा-निर्देशों, ऋण प्रक्रिया और व्यवसाय की स्थापना एवं विस्तार से जुड़ी जानकारियां दीं। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक दयाशंकर सरोज ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना समेत अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में बताया।

सराफा की दुकान में चोरी मामले में पांच गिरफ्तार, तीन के पैर में लगी गोली

तरवां क्षेत्र के कम्हरिया-कुर्थियां और निजामाबाद क्षेत्र के बड़ागांव नहर पुलिया के पास हुआ आमना-सामना

आजमगढ़। तरवां क्षेत्र के कम्हरिया-कुर्थियां और निजामाबाद क्षेत्र के बड़ागांव नहर पुलिया के पास शुक्रवार की भोर में हुई मुठभेड़ में पुलिस ने दो स्थानों पर हुई आभूषण की दुकान में चोरी के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान तीन आरोपियों के पैर में गोली लगने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपियों के पास से तमंचा, कारतूस, चोरी में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की अर्टिगा कार व 24 लाख के जेवर आदि बरामद हुए।

निजामाबाद क्षेत्र के फरिहां चौक पर 24 सितंबर की रात्रि में ओम ज्वेलर्स का शटर तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण एवं 60 हजार नकद चोरी कर लिए गए थे, जबकि तरवां क्षेत्रान्तर्गत खरिहानी बाजार में नौ अक्टूबर की रात वैभव ज्वेलर्स का ताला तोड़कर चांदी एवं सोने के आभूषण चोरी कर लिए गए थे। मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों का पता लगाने में जुटी थी। इस बीच शुक्रवार की भोर में लगभग सवा तीन बजे थाना प्रभारी तरवां राजीव कुमार सिंह की टीम से कम्हरिया-कुर्थियां के पास बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। आरोप

पिस्तौल, कारतूस, चोरी में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की कार, २४ लाख के जेवर बरामद

है कि बदमाशों ने पुलिस पर फायर कर दिया और जवाबी कार्रवाई में रामसागर बांसफोर पुत्र बेचन बांसफोर निवासी मध्य प्रदेश घायल हो गया, जबकि निन्ही पुत्र कन्हैया निवासी डोड़ोपुर, थाना निजामाबाद गिरफ्तार कर लिया गया। तरवां क्षेत्र में मुठभेड़ की सूचना के बाद संदिग्ध सफेद रंग की बिना नंबर प्लेट वाली अर्टिगा गाड़ी का पीछा करते हुए निजामाबाद पुलिस टीम बड़ागांव नहर पुलिया के पास पहुंची, जहां गाड़ी झाड़ियों में फंस गई। पुलिस के अनुसार, गाड़ी से उतरे बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की और जवाबी कार्रवाई में सुनील पुत्र छोटक निवासी जनपद मिर्जापुर व रमाशंकर पुत्र कुबेर बेसल निवासी जनपद सिंगरौली, मध्य प्रदेश घायल हो गया, जबकि अनिल पुत्र छोटक निवासी तेंदुआ खुर्द, थाना लालगंज, जनपद मिर्जापुर को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने फरिहां से चोरी कुछ आभूषण बेचकर अर्टिगा गाड़ी खरीदने तथा शेष आभूषणों को बेचने के लिए ले जाने की बात बताई। बताया कि समूह बनाकर ज्वेलरी की दुकानों की रेकी की जाती थी। इसके बाद रात्रि में दुकानों के शटर एवं ताले तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए जाते थे। सुनील पर 20, अनिल पर 5, रामसागर पर 4, निन्ही पर 1 व रमाशंकर पर 1 मुकदमा दर्ज बताया गया है। मुठभेड़ में थानाध्यक्ष तरवां राजीव कुमार सिंह एवं थाना प्रभारी निजामाबाद राकेश कुमार सिंह की टीम शामिल रही।

रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं पर हुई चर्चा

एसबीआई की स्टेशन शाखा ने लगाया विशेष शिविर, बैंकिंग सुविधाओं एवं साइबर अपराध से बचाव के प्रति किया जागरूक

कैंट स्टेशन स्थित रेलवे मजदूर भवन में शुक्रवार को रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतीय स्टेट बैंक की स्टेशन शाखा की ओर से पेंशनर्स की बैंक संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए विशेष शिविर लगाया गया। शिविर में सहायक शाखा प्रबंधक प्रियंका सिंह, अनुपम पाठक एवं राहुल सिंह ने पेंशनर्स को बैंक की विभिन्न सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही सेवानिवृत्ति के बाद प्राप्त होने वाली धनराशि के सुरक्षित एवं बेहतर निवेश को लेकर उपयोगी सुझाव दिए। बैंक अधिकारियों ने पेंशनर्स को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए उनसे बचाव के उपाय भी बताए.इस अवसर पर एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह ने महंगाई भत्ते (डीए) की अविलंब घोषणा करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार को महंगाई भत्ते के एरियर का भुगतान दीपावली से पूर्व सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि कर्मचारी एवं पेंशनर्स त्योहार खुशी-खुशी मना सकें.बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष एस.पी. श्रीवास्तव, महामंत्री हरिशंकर सिन्हा, आर.सी. पांडेय, वैकुंठ सिंह, हरिराम यादव, एस.एन. सिंह सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे।

सामाजिक और नैतिक दायित्वों का भी निर्वहन करे छात्र - डाक्टर महेंद्र नाथ पांडेय

बीएचयू के दक्षिणी परिसर में विश्व खाद्य दिवस पर राष्ट्रीय सम्मेलन एवं फूडस्पार्क कार्यक्रम

काशी हिंदू विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी परिषद के सदस्य एवं भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉक्टर महेंद्र नाथ पांडेय ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करनी चाहिए। उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देते हुए अपने ज्ञान एवं कौशल का उपयोग समाज के कल्याण के लिए करना चाहिए। वह शुक्रवार को बीएचयू के राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, बरकछा स्थित डीडीयू कौशल केंद्र में विश्व खाद्य दिवस-२०२६ के अवसर पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन का विषय सतत खाद्य उत्पादन एवं प्रसंस्करण में नवाचार खाद्य, स्वास्थ्य, पोषण और पर्यावरण के बीच समन्वय था। इसके साथ फूडस्पार्क-५.० का भी आयोजन किया गया। सम्मेलन में विशेषज्ञों ने खाद्य सुरक्षा, पोषण, जनस्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी चुनौतियों के समाधान में वैज्ञानिक अनुसंधान एवं नवाचार की भूमिका पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता कला संकाय की अधिष्ठाता प्रोफेसर सुषमा घिल्डियाल ने किया।

सम्मेलन में तीन मुख्य और चार आमंत्रित व्याख्यान सहित २० से अधिक मौखिक शोध प्रस्तुतियां और ४० पोस्टर प्रस्तुतियां हुईं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। फूडस्पार्क-५.० के अंतर्गत विद्यार्थियों ने खाद्य विषयक मॉडल, खाद्य रंगोली, मिलावट की जांच तथा स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा पर आधारित प्रदर्शन किए। इनके माध्यम से खाद्य गुणवत्ता, सुरक्षित भोजन और उपभोक्ता जागरूकता का संदेश दिया गया। अतिथियों का स्वागत दक्षिणी परिसर के आचार्य प्रभारी प्रोफेसर बी. एम. एन. कुमार ने किया। कार्यक्रम में सीएसआईआर-केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान के मुख्य वैज्ञानिक प्रोफेसर पी. पी. गोथवाल, सम्मेलन के संयोजक डॉक्टर आर. एस. मिश्र और डॉक्टर जय प्रकाश वर्मा आदि उपस्थित थे। संचालन आयोजन सचिव डॉक्टर प्रज्ञा मिश्र ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर कुलदीप बौद्ध ने किया।

मंडुवाडीह में दिखेगा 'भूत बंगले' का थीम! १२ फीट ऊंची मां ब्रह्मचारिणी की प्रतिमा होगी आकर्षण का केंद्र

वाराणसी। शारदीय नवरात्रि में मंडुवाडीह का माहौल इस बार कुछ अलग और खास होने वाला है। वाराणसी के मंडुवाडीह वार्ड नंबर-६ में आदर्श स्पोर्टिंग क्लब की ओर से इस वर्ष 'भूत बंगला' थीम पर आकर्षक दुर्गा पूजा पंडाल तैयार किया जा रहा है। मंडुवाडीह

सप्तमी को खुलेंगे मां के पट, नवमी पर डांडिया और दशमी को होगा जागरण; १९८६ से दुर्गा पूजा का आयोजन कर रहा आदर्श स्पोर्टिंग क्लब

बाजार की सब्जी मंडी के पास बन रहे इस पंडाल को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह है। खास बात यह है कि पंडाल में मां ब्रह्मचारिणी की १२ फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की जाएगी, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र होगी। क्लब के संरक्षक श्रीनाथ उर्फ बबलू गुप्ता ने बताया कि गुरुवार को पंडाल में मां ब्रह्मचारिणी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इस वर्ष मां सफेद वस्त्र धारण कर भक्तों को दर्शन देंगी। पंडाल के निर्माण में भूत बंगले की थीम को ध्यान में रखा जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को एक अलग तरह का अनुभव मिलेगा। मां के पट सप्तमी को खोले जाएंगे, जिसके बाद भक्त दर्शन-पूजन कर सकेंगे।

सप्तमी से दशमी तक होंगे विशेष आयोजन

आदर्श स्पोर्टिंग क्लब की ओर से दुर्गा पूजा के दौरान धार्मिक आयोजनों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी तैयारी की गई है। सप्तमी के दिन प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन होगा। नवमी पर युवतियों और महिलाओं के लिए विशेष डांडिया कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें महिलाएं और युवतियां उत्साह के साथ हिस्सा ले सकेंगी। वहीं, दशमी के दिन जागरण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मां दुर्गा की महिमा का गुणगान होगा।

१९८६ से परंपरा निभा रहा आदर्श स्पोर्टिंग क्लब

आदर्श स्पोर्टिंग क्लब की स्थापना वर्ष १९८६ में हुई थी। तब से क्लब दुर्गा पूजा का आयोजन कर धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ा रहा है। इस वर्ष क्लब के अध्यक्ष अंशु गुप्ता हैं। आयोजन को सफल बनाने में लव गुप्ता, विशाल गुप्ता उर्फ विक्की, अभिषेक कान्हा, राजेंद्र सोनकर, मोनू पंडित, धीरज पटेल और सौरभ भारद्वाज सहित अन्य सदस्य जुटे हुए हैं।

किसान का शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम, आरोपी पिता-पुत्र पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज

मिर्जामुराद। क्षेत्र के चक्रपानपुर (बरमपर) बस्ती में गुरुवार की रात करंट की चपेट में आने से मृत किसान बबलू बिंद (४० वर्ष) का शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी सविता समेत अन्य परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे। ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान पुलिसकर्मियों और ग्रामीणों के बीच हम कर नोकझोंक हुई। सूचना पर पहुंचे इलाकाई दरोगा पवन यादव और पुलिसकर्मी अखिलेश तिवारी ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। मृतक की पत्नी सविता बिंद की तहरीर पर पुलिस ने गांव निवासी पड़ोसी विष्णु बिन्द और उसके बेटे राजकुमार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या सम्बन्धि प्रा थमिकी दर्ज किया है। बतादे कि बबलू गुरुवार कि रात अपने सब्जी के खेत में सिंचाई कर रहे थे। आरोप है कि नीलगायों से फसल बचाने के लिए विष्णु ने अपने खेत की लोहे की फेंसिंग में सीधे बिजली का कनेक्शन जोड़ रखा था। इसी दौरान पैर फिसलने से बबलू करंट प्रवाहित फेंसिंग की चपेट में आ गये। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजन उन्हें खोजते हुए खेत पहुंचे तो वह फेंसिंग से चिपके मिले। ग्रामीणों ने बिजली कटवाकर उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

प्रेमिका से मिलने आये युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

मेंहनगर, आजमगढ़। मेंहनगर थाना क्षेत्र में प्रेमिका से मिलने आए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। पुलिस हत्या और आत्महत्या समेत विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार मेंहनगर थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती से मिलने के लिए गुरुवार की रात जहानागंज क्षेत्र का युवक आया हुआ था। शुक्रवार सुबह करीब सात बजे सूचना मिली कि युवक ने कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खाने के बाद फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष अभिराज सरोज की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने कथित प्रेमिका को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस युवक की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस की जांच जारी है। उधर घटना की जानकारी के बाद युवक के परिवार के लोग भी थाने पहुंच गए। परिवार वालों ने भी हत्या की आशंका जताई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जमीन सीमांकन के बाद लगे पत्थर को उखाड़ फेंक जबरन किया कब्जा

मिर्जामुराद। क्षेत्र के डंगहरिया गांव में जमीन के सीमांकन के बाद लगाये गये निशानदेही के पत्थर को उखाड़ने और खेत पर कब्जे का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए भोनू पटेल ने शुक्रवार को पुलिस से शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भोनू के अनुसार, आराजी संख्या ३२ का उपजिलाधिकारी राजातालाब के आदेश पर सीमांकन कराया गया था। सात सितंबर को राजस्व विभाग ने पुलिस की मौजूदगी में मेड़बंदी करायी थी। आरोप है कि इसके बाद गांव के वीरेंद्र उर्फ सोहन, जितेंद्र पटेल, विपिन पटेल, अनिल उर्फ गोलू और महिमा ने मेड़बंदी के लिए लगाये गये पत्थरों को उखाड़कर फेंक खेत जोतवा दिया। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस मामले की जांच का काररवाई में जुट गयी।

विशेष मतदाता शिविर आज, ३३६० बूथों पर मिलेंगे बीएलओ

मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित लोगों और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं के लिए शनिवार को जिले के सभी

१८ वर्ष की उम्र पूरी कर चुके युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का मौका

३३६० मतदान स्थलों पर विशेष शिविर लगाया जाएगा। बीएलओ सुबह १० बजे से शाम चार बजे तक बूथों पर मौजूद रहकर मतदाताओं से आवेदन प्राप्त करेंगे।अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि बीएलओ एएसडी और नो-मैपिंग वाले मतदाताओं की सूची के साथ बूथों पर उपस्थित रहेंगे। इस दौरान फार्म-६, ६ए, ७ और ८ प्राप्त किये जायेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और पर्यवेक्षकीय अधिकारी बूथों का निरीक्षण भी करेंगे। अनुपस्थित मिलने वाले बीएलओ के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि १८ वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा फार्म-६ के जरिए मतदाता सूची में नाम दर्ज करा सकते हैं। नाम हटाने के लिए फार्म-७ तथा नाम, पता या अन्य विवरण में संशोधन के लिए फार्म-८ भरा जाएगा। शिविर २४ अक्टूबर को भी लगेगा। मतदाता श्वष्टद्धहश्वञ्ज मोबाइल एप और निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के जरिए भी आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

१९ को जारी होगी मतदेय स्थलों की सूची, २५ तक आपत्ति का मौका

वाराणसी। १२०० मतदाताओं के मानक पर मतदेय स्थलों के पुनर्गठन की कवायद तेज हो गचप है। शुक्रवार को सर्किट हाउस सभागार में हुई बैठक में अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित मतदेय स्थलों का आलेख्य प्रकाशन १९ अक्टूबर को होगा। सूची में किसी तरह की विसंगति या आपत्ति होने पर संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को २५ अक्टूबर तक लिखित आपत्ति या सुझाव देना होगा। इसके बाद आपत्तियों का निस्तारण कर सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा। वहीं, १२ नवंबर को मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन होगा। दावे-आपत्तियां ११ दिसंबर तक ली जाएंगी और अंतिम सूची चार जनवरी २०२७ को जारी होगी।

बीएचयू के मधुबन लान में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित, वीसी ने की पूजा

काशी हिंदू विश्वविद्यालय में १६ से २१ अक्टूबर तक मधुबन लान में दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया है। शुक्रवार को दुर्गा पूजा आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक वाइस चांसलर प्रोफेसर अजित कुमार चतुर्वेदी ने मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना और पूजा-अर्चना में सहभागिता की। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों और परिसर के समस्त समुदाय को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता: श्लोक का उल्लेख करते हुए कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है। हमें इस विचार को अपने जीवन में आत्मसात कर अपने आचरण में उतारने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने सभी को दुर्गा पूजा और आगामी दशहरे की शुभकामनाएं दीं। दुर्गा पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर भास्कर भट्टाचार्य सहित समिति के पदाधिकारी और सदस्य भी उपस्थित रहे। महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विश्वविद्यालय में आयोजित यह उत्सव आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ने के साथ ही परिसर के विभिन्न समुदायों को एक साथ आने का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर वाइस चांसलर की पत्नी श्रीमती चारु चतुर्वेदी, रजिस्ट्रार राजन श्रीवास्तव सहित विश्वविद्यालय के निदेशकगण, संकाय प्रमुख और विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

मिर्जामुराद में हाईवे पार कर रही महिला की अज्ञात वाहन से दबकर मौत

मिर्जामुराद। क्षेत्र के लालपुर चट्टी के पास प्रयागराज-वाराणसी हाईवे पर शुक्रवार शाम सड़क पार कर रही करीब ५५ वर्षीय अज्ञात महिला की वाहन की चपेट में आने से मौत हो गयी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला हाईवे पार कर रही थी। इसी दौरान वाराणसी की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची मिर्जामुराद पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव जिला मोर्चरी में रखवा दिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, महिला आसपास के इलाकों में भीख मांगकर गुजर-बसर करती थी। थाना प्रभारी गोपाल जी कुशवाहा ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है।

काशी विद्यापीठ बी.पी.एड. एवं एम.पी.एड. की प्रवेश काउन्सिलिंग स्थगित

काशी विद्यापीठ में सत्र २०२६-२७ में बी.पी.एड. एवं एम.पी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु १७ अक्तूबर को आयोजित काउन्सिलिंग अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गयी है। रजिस्ट्रार डाक्टर सुनीता पाण्डेय ने बताया कि काउन्सिलिंग की अगली तिथि अलग से घोषित की जाएगी।

भेलूपुर पुलिस ने पारिवारिक विवाद सुलझाने वाले दंपतियों को किया सम्मानित

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति ६.० अभियान के तहत वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस महिलाओं की सुरक्षा, पारिवारिक विवादों के समाधान और वैवाहिक संबंधों में मधुरता बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को थाना भेलूपुर की मिशन शक्ति टीम ने आपसी विवाद सुलझाकर सुखमय वैवाहिक जीवन व्यतीत कर रहे दंपतियों को सम्मानित किया।

सुलह के बाद खुशहाल जीवन जी रहे दंपती सम्मानित

पिंडरा। मिशन शक्ति ६.० अभियान के तहत फूलपुर और सिंधोरा पुलिस ने पारिवारिक विवादों में सुलह के बाद खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे दंपतियों को सम्मानित किया। पुलिस टीम ने काउंसलिंग और आपसी बातचीत के जरिये पति-पत्नी के बीच मतभेद दूर कराकर समझौता कराया था। सिंधोरा मिशन शक्ति केंद्र पर मिले प्रार्थना पत्रों में करीब ३५ प्रतिशत मामले पति-पत्नी के विवाद से जुड़े थे। वहीं, फूलपुर पुलिस ने भी पारिवारिक विवादों में दोनों पक्षों की समस्याएं सुनकर सुलह करायी। समझौते के बाद फीडबैक लेने पर दंपतियों के संबंध सामान्य होने की जानकारी मिली। पुलिस टीम ने दंपतियों को सम्मानित कर भविष्य में भी प्रेम, विश्वास, सहयोग और सौहार्द बनाये रखने के लिये प्रेरित किया। इस दौरान सिंधोरा थानाध्यक्ष पंकज पांडेय तथा फूलपुर में वरिष्ठ उपनिरीक्षक विनोद कुमार त्रिपाठी, महिला उपनिरीक्षक अनुराधा मौर्या सहित मिशन शक्ति टीम तथा सिंधोरा में थानाध्यक्ष पंकज कुमार पांडेय, महिला उपनिरीक्षक दीप्ति शर्मा, महिला कांस्टेबल पूनम यादव और संध्या पांडेय मौजूद रहीं।

एक नज़र इधर भी

बीएचयू में ३३२ मेधावी विद्यार्थियों को मिला अकादमिक उत्कृष्टता पुरस्कार

काशी हिंदू विश्वविद्यालय के स्वतंत्र भवन में शुक्रवार को आयोजित प्रथम अकादमिक एक्सीलेंस अवॉर्ड समारोह में सम सेमेस्टर की परीक्षाओं में ८.५ या उससे अधिक सीजीपीए हासिल करने वाले ३३२ मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सत्र २०२५-२६ से शुरू की गई इस पहल के तहत अब विश्वविद्यालय हर साल यूजी और पीजी स्तर के लगभग पांच सौ छात्रों को पुरस्कृत करेगा। समारोह में सर्वाधिक ९२ पुरस्कार कला संकाय, ७८ विज्ञान संस्थान और ३० कृषि विज्ञान संस्थान के छात्रों को मिले। १०० से अधिक छात्र संख्या वाले पाठ्यक्रमों में शीर्ष तीन एवं ५० से १०० तक वाले में दो और ५० से कम छात्र संख्या वाले पाठ्यक्रमों में शीर्ष एक छात्र को यह सम्मान दिया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए वाइस चांसलर प्रोफेसर अजीत कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि अकादमिक उत्कृष्टता ही विश्वविद्यालय के अस्तित्व का मूल उद्देश्य है। विद्यार्थियों की उपलब्धियों को पहचान देने के लिए विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कैलेंडर में विशेष दिवस शामिल करने की आवश्यकता महसूस की गई। विद्यार्थियों की प्रतिभा का सम्मान उनकी पढ़ाई के दौरान ही किया जाना चाहिए, ताकि उनकी उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित कर सकें। उन्होंने शिक्षकों को विश्वविद्यालय की वास्तविक नींव बताते हुए उनके योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार राजन श्रीवास्तव, छात्र अधिष्ठाता प्रोफेसर रंजन कुमार सिंह और अपर परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर जी.पी. सिंह , संकाय सदस्यों और अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

मनुस्मृति का ९० प्रतिशत भाग आज भी उपयोगी और प्रासंगिक - प्रोफेसर आशुतोष दयाल माथुर

काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कला संकाय स्थित संस्कृत विभाग की ओर से आयोजित द्विदिवसीय विशिष्ट व्याख्यान में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर आशुतोष दयाल माथुर ने कहा कि मनुस्मृति का ९० प्रतिशत भाग आज भी उपयोगी और प्रासंगिक है, जबकि १० प्रतिशत भाग समसामयिक संवेदनाओं के अनुरूप नहीं है। धर्मशास्त्र की वर्तमान प्रासंगिकता विषय पर उन्होंने कहा कि मनुस्मृति में सामाजिक समरसता, स्त्री अधिकार, शिक्षा, प्रशासन और आर्थिक विषमता जैसी वर्तमान समस्याओं के समाधान के सूत्र मिलते हैं। उन्होंने कहा कि मनुस्मृति पुत्र और पुत्री दोनों को समान मानती है तथा पुत्री को पिता की संपत्ति में हिस्सा देने की बात करती है। स्त्री की रक्षा का अर्थ उसे बंधन में रखना नहीं है। उन्होंने ग्राम व्यवस्था को स्वावलंबी बनाने और परिवारों को टूटने से बचाने में भी धर्मशास्त्रों की उपयोगिता बताई। उन्होंने कहा कि प्राचीनता को सर्वोपरि मानने या नवीनता की अवहेलना करने के बजाय समय और लोक के अनुसार ग्राह्य सिद्धांतों को स्वीकार करना चाहिए। संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सदाशिव कुमार द्विवेदी ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों का दायित्व परम्परा से जुड़े समसामयिक प्रश्नों पर भावनात्मक आग्रह के स्थान पर बौद्धिक, तार्किक एवं विवेकपूर्ण विचार-विमर्श के अवसर उपलब्ध करना हैं जो इन व्याख्यानों के माध्यम से संभव है। जिन्होंने संवाद किया, वे अस्तित्व में बने रहें परन्तु जिन्होंने रूढ़ीवादिता को महत्त्व दिया वे समाप्त हो गये। अध्यक्षता प्रोफेसर कृष्ण मोहन पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर पवन कुमार पाण्डेय ने किया।

बनारस घराने के विख्यात तबला वादक पं लच्छू महाराज का मना जन्मोत्सव

तबला वादन, गायन और गिटार वीणा की प्रस्तुति

बनारस घराने के विख्यात तबला वादक पंडित लच्छू महाराज का ८२वां जन्मोत्सव शुक्रवार को रविंद्रपुरी स्थित रूप कमल सभागार में मनाया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि काशी हिंदू विश्वविद्यालय के मंच कला संकाय के तबला विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डाक्टर प्रवीण उद्धव और विशिष्ट अतिथि डॉ. कमला शंकर ने दीप प्रज्वलन एवं चित्र पर माल्यार्पण कर किया। अतिथियों ने महाराज के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया। महाराज के शिष्य डॉ. सुब्रत राय चौधरी ने तीनताल में एकल तबला वादन

कर उठान, गत, फर्द और विभिन्न बंदिशों से श्रोताओं की वाहवाही बटोरी। पंडित अशोक झा ने राग यमन में छोटा ख्याल 'सुमिरन कर ले' और बनारसी ठुमरी प्रस्तुत की। तबले पर पंडित जनेश्वर चौबे ने संगत की। प्रोफेसर डाक्टर संजय वर्मा ने गिटार वीणा पर राग दरबारी कान्हड़ा में मसीतखानी गत और देवी स्तुति प्रस्तुत की। उनके साथ पंडित किशन रामडोहकर ने संगत की। संचालन संजय पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन रवीश दत्त मिश्र ने किया।

ट्रेनों में छिनैती करने वाला छिनैत सारनाथ स्टेशन से गिरफ्तार

ट्रेनों में झपट्टा मारकर यात्रियों का गहना और नगदी छीनने वाले को वाराणसी सिटी की आरपीएफ टीम ने शुक्रवार को सारनाथ स्टेशन से पकड़ लिया है। उसके पास से सोने का लाकेट और ४५७० रूपए बरामद किये गये हैं। आरपीएफ इंस्पेक्टर भुवनेश्वरी ने बताया कि पकड़ा गया मोहम्मद आलम सारनाथ थाना क्षेत्र के जवाहिर नगर कॉलोनी का निवासी है। पूछताछ में उसने बताया कि पवन एक्सप्रेस में यात्रा कर रही एक महिला से लॉकेट, कृषक एक्सप्रेस में महिला का पर्स और राजधानी एक्सप्रेस से यात्री के बैग की चोरी की थी। टीम में जीआरपी एसआई जितेंद्र कुमार सिंह और संजय कुमार समेत आरपीएफ और जीआरपी के जवान शामिल रहे।

कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की रोमांटिक एंटरटेनर 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का वर्ल्ड टीवी प्रीमियर

एक संयोग भरी मुलाकात, अनपेक्षित प्यार और दिल की ख्वाहिशों व परिवार की जिम्मेदारियों के बीच एक मुश्किल फैसला। इन्हीं के इर्द गिर्द घूमती है 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' की कहानी। रोमांस, हँसी मज़ाक, पारिवारिक जज़्बातों और प्यार में पड़ने की खुशी से सजी यह फिल्म दिखाती है कि क्या दो लोग अपने परिवार की उम्मीदों और जिम्मेदारियों के बीच अपने रिश्ते को निभा पाते हैं। देखिए 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' का प्रीमियर, ज़ी सिनेमा पर, रविवार, 18 अक्टूबर, दोपहर 12 बजे। समीर विद्वांस के निर्देशन में बनी 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' में कार्तिक आर्यन रेहान 'रे' मेहरा के किरदार में हैं, जो अमेरिका में रहने वाला एक आत्मविश्वासी और बेफिक्र वेडिंग प्लानर है। वहीं, अनन्या पांडे रूमी वर्धन सिंह के किरदार में हैं, जो एक ऐसे प्यार की तलाश में है, जिसमें सच्चाई हो और रिश्ता दिल से जुड़ा हो। फिल्म की कहानी दो ऐसे लोगों की है, जिनकी सोच और व्यक्तित्व एक दूसरे से बिल्कुल अलग हैं, लेकिन फिर भी वो अनजाने में एक दूसरे की तरफ खिंचे चले आते हैं। हँसी-मज़ाक भरी नोकझोंक, दिल छू लेने वाले पल और अपने परिवारों से गहरे जुड़ाव के बीच उनका रिश्ता धीरे धीरे मजबूत होने लगता है। लेकिन, तभी उन्हें एक मुश्किल हकीकत का सामना करना पड़ता है। अपने परिवार के प्रति उनकी जिम्मेदारियाँ उन्हें साथ भविष्य बनाने से रोक सकते हैं। रोमांस, जज़्बातों और पारिवारिक ड्रामे से सजी यह फिल्म प्यार और फर्ज के बीच संतुलन बनाने की चुनौती को सामने लाती है। यह सवाल भी उठाती है कि क्या रे और रूमी परिवार की उम्मीदों और ज़िंदगी में जरूरी समझौतों के बीच अपने रिश्ते को निभा पाएँगे? फिल्म में जैकी श्रॉफ, नीना गुप्ता और कई अन्य कलाकार भी अहम् सहायक भूमिकाओं में नज़र आएँगे। दिलकश अदाकारी, हल्की फुल्की कॉमेडी, खूबसूरत लोकेशन्स और परिवार के साथ बिताए दिल छू लेने वाले पलों से सजी 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' एक ऐसी एंटरटेनर है, जो प्यार, रिश्तों और हमारी ज़िंदगी को आकार देने वाले लोगों की अहमियत का जश्न मनाती है।

बिहार समाचार

बक्सर में ५० हजार रिश्वत लेते दरोगा गिरफ्तार

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। बिहार के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र में तैनात दरोगा नीरज कुमार को निगरानी विभाग की टीम ने 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। दरोगा पर एक केस में पैरवी के लिए पीड़ित पक्ष से लगातार घूस मांगने का आरोप है। पीड़ित की शिकायत पर निगरानी टीम ने कारवाई की। निगरानी विभाग के डीएसपी विनोद कुमार की नौ सदस्यीय टीम यहां पहुंची और सब इंस्पेक्टर नीरज कुमार को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया।

बंदरको बचानेमें खड़े ट्रकमें घुसी बाइक, गयी जान

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। बिहार के बक्सर जिले के औद्योगिक थाना के अहिरौली मोड पर बंदर को बचाने के प्रयास में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी जिससे बाइक सवार 20 वर्षीय दहिवर निवासी अनिकेत पासवान की मौके पर मौत हो गयी जबकि 16 वर्षीय शिवम पासवान गंभीर रूप से घायल हो गया उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है।

ट्रक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। रोहतास जिले के धौड़ाड थाना क्षेत्र के धनकाढ़ा गांव के समीप बीते शाम एन एच-19 पर ट्रक की टक्कर से 65 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गयी। मृतक की पहचान धनकाढ़ा निवासी विष्णु दयाल के रूप में हुई है जानकारी के अनुसार विष्णु दयाल खेत से जानवरों के लिए घास काटकर सिर पर रखकर घर लौट रहे थे। सड़क पार करने के दौरान एक अज्ञात ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गयी। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि धनकाढ़ा के पास फोरलेन पर सुरक्षित क्रासिंग नहीं होने से लोगों को जान जोखिम में डालकर सड़क पार करनी पड़ती है। यहां पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को चार लाख रुपये मुआवजा देने और अंडरपास निर्माण की मांग की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम हटाने का प्रयास किया। थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

महिला की चाकू मारकर हत्या

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। रोहतास जिले के धर्मपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत रुपहता गांव में दो अज्ञात व्यक्तियों ने एक महिला पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी। मृतका की पहचान रुपहथा निवासी मुन्ना प्रसाद की पत्नी गीता देवी के रूप में हुई है। रोहतास पुलिस के अनुसार दो लोगों ने गीता देवी पर चाकू से हमला कर उन्हें बुरी तरह घायल कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां से बेहतर उपचार के लिए बनारस रेफर किया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस घटना के पीछे के कारणों, संभावित साजिश और संलिप्त व्यक्तियों की पहचान के लिए विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है।

करमचट डैम पर रास्ते को लेकर दो विभाग आमने-सामने

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। रोहतास जिले में दो विभागों के अधिकारियों के बीच चेनारी प्रखंड स्थित करमचट बांध पर रास्ते के विवाद को लेकर वन विभाग और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के बीच तीखी बहस शुरू हो गयी है। जल संसाधन विभाग की ओर से करमचट डैम पर फिलहाल मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। इसे देखते हुए विभाग ने डैम पर आम लोगों को प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। विभाग का मानना है कि डैम पर लोगों के आने और रील बनाने के कारण मरम्मत कार्य में बाधा पहुंच रहा है। इधर जल संसाधन विभाग ने डैम का रास्ता बंद किए जाने पर वन विभाग ने आपत्ति जताई है।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
11वां तल, दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स,
लोधी रोड, नई दिल्ली-110003
रिक्ति सूचना
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के अधीन एक वैधानिक निकाय, केंद्रीय वक्फ परिषद, नई दिल्ली में सचिव के पद को भरे जाने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
2. उक्त पद को केंद्र सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्वायत्तशासी या वैधानिक निकाय के अर्हक सेवारत अधिकारियों में से अथवा केंद्र सरकार में उप सचिव या निदेशक या उससे ऊपर के स्तर के सेवानिवृत्त अधिकारियों में से प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के आधार पर भरा जाना है।
3. विस्तृत विज्ञापन, आवेदन का प्रारूप आदि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय तथा केंद्रीय वक्फ परिषद, नई दिल्ली की वेबसाइटों अर्थात् minorityaffairs.gov.in एवं centralwaqfcouncil.gov.in पर उपलब्ध हैं।
4. विधिवत भरे हुए आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशित होने की तारीख से 45 दिन है।
अवर सचिव (वक्फ)
CBC 27101/11/0001/2627

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त, लो.नि.वि., मीरजापुर

पत्रांक-4702/53एम0-मी0वृत्त/2026 दिनांक:-09.10.2026

अल्प कालीन निविदा सूचना
(ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0, मीरजापुर द्वारा उ.प्र. लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत कालम-'13 ठेकेदारों से अधोलिखित कार्य के आइटम दर के आधरार पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि आई.टी.बी. की धारा-4 के अनुसार कार्य प्राप्त करने के सम्बन्ध में न्यूनतम अर्हता रखता है:-

क्र. सं.	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	अनुरक्षण लागत	कुल लागत	धरोहर धनराशि (रू. लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी प्रभार	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्यकारी अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	ठेकेदार का पंजीयन श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य(बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार) स्वीकृति की प्रत्याशा में												
1.	भदोही	मुख्यालय सपतहा से ग्रामपुर असनाथ भभौटी ममहर मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य (05वर्ष अनुरक्षण सहित)	1000.00	25.00	1025.00	20.50	निविदा मूल्य 300.00+2000.00 स्टेशनरी चार्ज + जी.एस.टी. आन-लाईन भुगतान कुल रू. 2720.00 मात्र	10 माह	प्रान्तीय खण्ड लो.नि.वि. भदोही	मीरजापुर वृत्त लो.नि.वि. मीरजापुर	मुख्य अभियन्ता मीरजापुर क्षेत्र लो.नि.वि. मीरजापुर	A

2. कार्य पूर्ण करने की समयावधि कालम सं0 9 के अनुसार होगी।
3. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से 120 दिवस होगी।
4. निविदा प्रस्तुत करने के पश्चात वापस नही ली जा सकती।
5. ई-निविदा सूचना एवं बिड डाक्यूमेन्ट (SBD) आन लाईन दिनांक-22.10.2026 से 12.11.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक ई-टेण्डरिंग पोर्टल (htttp://e-tender.up.nic.in पर ही सबमिट किया जायेगा।
6. यदि कोई शुद्धि पत्र (Corrigendum) बाद में प्रकाशित होता है तो इसकी पूर्ण जानकारी केवल ई-टेण्डरिंग पोर्टल वेबसाइट http://e-tender.up.nic.in पर ही सार्वजनिक की जायेगी।
निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

नोट :- ई-निविदा की समस्त शर्ते ई-टेण्डरिंग पोर्टल वेबसाइट http://e-tender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(एस.के. सरोज)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड-2, लो0नि0वि0
भदोही

(डी.के. सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त,लो0नि0वि0
मीरजापुर

उ.प्र.-258413 दिनांक-15.10.2026
वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

राहुल नौजवानों की ऊर्जा को अराजकता बढ़ाने में लगा रहे हैं- राजनाथ सिंह

लखनऊ (आससे)। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दिल्ली में पिछले दो दिनों में हुए घटनाक्रम गंभीर सवाल खड़े करते हैं। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल नौजवानों की ऊर्जा को अराजकता बढ़ाने में लगा रहे हैं। वो बांग्लादेश की तरह हिंसा करके रिजीम चेंज करने की बात कर रहे हैं। उनका निशाना एसआईआर और ज्ञानेश कुमार नहीं है बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को ध्वस्त करना इनका एजेंडा है। वो बांग्लादेश की तरह हिंसा फैलाकर रिजीम चेंज करने की बात कर रहे हैं। राहुल गांधी को समझना चाहिए कि लोकतंत्र अराजकता फैलाने या भारत के विकास में बाधा डालने का लाइसेंस नहीं है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ में प्रेस कांफ्रेंस कर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आरोपों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कभी भी चुनावी प्रक्रिया पर सवाल नहीं उठाये जबकि कांग्रेस ने जमकर अनियमितताएं की हैं। कांग्रेस के लोग चुनाव आयोग जो कि एक

संवैधानिक संस्था है उसे बदनाम करने का काम कर रहे हैं। राहुल गांधी का हाइड्रोजन बम दीवाली का पटाखा साबित हुआ। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की लगातार पराजय का कारण वोट चोरी नहीं है बल्कि काम चोरी है। 1984 के बाद कांग्रेस को कभी भी केंद्र में पूर्ण बहुमत नहीं मिला है जबकि भाजपा उस समय दो लोकसभा सीटों की पार्टी थी जिसने 2014 और 2019 में केंद्र में पूर्ण बहुमत की सरकार बनायी। उन्होंने कहा कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर भी ध्यान देना चाहिए। राहुल गांधी को जनमत का सम्मान करते हुए काम करना चाहिए। भारत के भविष्य की जिम्मेदारी सबकी है। हमें टकराव नहीं संवाद का मार्ग चुनना चाहिए। कांग्रेस के शासन काल में तीन बड़े अक्षम्य अपराध हुए। इंदिरा जी की ओर से इमरजेंसी लगायी गयी। 1984 में सिख भाईयों का नरसंहार हुआ और 1990 में रामभक्तों का खून बहाने वालों की सरकार को बचाया गया। रक्षामंत्री ने कहा कि इंदिरा जी ने आपातकाल लगाकर देश के लोकतंत्र को सलाखों के पीछे डालने का काम किया। राहुल गांधी संविधान को अपनी जेब में रखते हैं। कांग्रेस ने चुनाव आयोग को कठपुतली बना रखा था। 1993 में चुनाव आयोग में रातोंरात दो चुनाव आयुक्त नियुक्त किये गये। कांग्रेस के नेहरू गांधी परिवार के करीबी नवीन चावला को देश का मुख्य चुनाव आयुक्त बनाया गया। रक्षामंत्री ने कहा कि 1993 से वोटर आईडी कार्ड होता ही नहीं था।

रविवार से मंगलवार तक विशिष्ट अनुष्ठान व आराधना में लीन रहेंगे मुख्यमंत्री

गोरखपुर (आससे)। शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ की पावन तपोस्थली गोरखपीठ में शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा से जारी आध्यात्मिक अनुष्ठान रविवार से अपने सबसे विशिष्ट और पावन पड़ाव की ओर अग्रसर होंगे। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार से मंगलवार तक अनवरत तीन दिनों तक विशेष अनुष्ठान, पूजन और पारंपरिक उत्सवों में लीन रहेंगे। अष्टमी (रविवार, 18 अक्टूबर) की शाम यह गोरखपीठ के पारंपरिक निशा पूजा में सम्मिलित होंगे जबकि सोमवार (19 अक्टूबर) को नवमी तिथि पर उनके द्वारा कन्या पूजन का अनुष्ठान किया जाएगा। नवरात्र की पूर्णता के बाद दशहरे के दिन मंगलवार (20 अक्टूबर) को गुरु गोरखनाथ की विशिष्ट पूजा कर गोरक्षपीठाधीश्वर, गोरखनाथ मंदिर से निकलने वाली विजयादशमी शोभायात्रा की अगुवाई करेंगे।

71 कस्तूरबा विद्यालयों की 2,672 छात्राओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार बेटियों को शिक्षा के साथ कौशल, स्वावलंबन और रोजगार के अवसरों से जोड़ने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को आधुनिक और रोजगारपरक कौशल से लैस करने के लिए 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के तहत शैक्षिक सत्र 2026-27 में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने प्रदेश के 71 कस्तूरबा विद्यालयों की 2,672 छात्राओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रशिक्षण कक्षाएं आगामी 2 नवंबर से शुरू होंगी।योगी सरकार की इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को पारंपरिक स्कूली शिक्षा के साथ व्यावहारिक कौशल प्रदान करना है, ताकि वे भविष्य में रोजगार प्राप्त करने के साथ स्वरोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में भी आगे बढ़ सकें। विशेष रूप से ग्रामीण और वंचित वर्ग की बालिकाओं को आधुनिक तकनीक और उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण देकर उनके लिए आत्मनिर्भरता के नए अवसर तैयार किए जाएंगे।

छात्रों की आड़ में सत्ता बदलने की साजिश-प्रधान

नयी दिल्ली (आससे)। पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि छात्रों के हितों और व्यवस्था में सुधार के नाम पर शुरू हुए विरोध प्रदर्शन का असली मकसद देश में अराजकता फैलाना और राजनीतिक व्यवस्था को अस्थिर करना है। खुले तौर पर सत्ता परिवर्तन और बांग्लादेश से प्रेरणा लेने की बात करना विरोध प्रदर्शन के पीछे की मंशा को स्पष्ट करता है। धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि देशहित, व्यवस्था को ठीक करने के दावे और छात्रों के हितों के नाम पर शुरू हुए विरोध प्रदर्शन का असली चरित्र अब किसी से छिपा नहीं है। खुले तौर पर सत्ता बदलने और बांग्लादेश से प्रेरणा लेने की बात करना स्पष्ट करता है कि यह छात्रों की आड़ में केवल देश में अराजकता फैलाने और राजनीतिक व्यवस्था को अस्थिर करने की सोची-समझी साजिश है। प्रधान ने कहा कि विदेशी ताकतों के दम पर सत्ता हासिल करने का सपना देखने वालों को समझना चाहिए कि भारत में सत्ता परिवर्तन केवल लोकतांत्रिक प्रक्रिया से होता है। उन्होंने दावा किया कि देश की जनता अलोकतांत्रिक सोच को कभी स्वीकार नहीं करेगी। धर्मेंद्र प्रधान ने राहुल गांधी पर चुनावी जनादेश का अपमान करने और लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति अविश्वास पैदा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया से मनचाहा परिणाम नहीं मिलने पर कांग्रेस जनता के बीच संस्थाओं को लेकर अविश्वास पैदा करने की कोशिश करती है। उन्होंने एक्स पर लिखा, हार का ठीकरा लगा चुके नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बार-बार जनता के जनादेश को अपमानित करते हैं। चुनावी प्रक्रिया से मनचाहा परिणाम न मिलने पर लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति अविश्वास पैदा करने की कांग्रेस की कोशिश और राजनीतिक स्वार्थ के लिए आये दिन जनता को परेशान करना इनका हमेशा से उद्देश्य रहा है।

डॉप्लर रडार देगा यूपी में तूफान-अतिवृष्टि की पूर्व सूचना

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार मौसम संबंधी आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने और लोगों की जान बचाने के लिए तकनीक का सहारा ले रही है। इसी दिशा में प्रदेश में पांच डॉप्लर वेदर रडार स्थापित करने की योजना बनाई गई, जिसमें से दो स्थापित कर दिए गए हैं। वहीं तीन अन्य शहरों के लिए प्रक्रिया जारी है। इन व्यवस्थाओं से मौसम की निगरानी बेहतर होगी और आपदा से पहले जरूरी कदम उठाने में मदद मिलेगी। राहत आयुक्त डॉ. ऋषिकेश भास्कर यशोद के मुताबिक प्रदेश में मौसम की निगरानी को मजबूत करने के लिए आजमगढ़, लखनऊ, झांसी, अलीगढ़ और वाराणसी में पांच डॉप्लर वेदर रडार स्थापित करने की योजना बनाई गई। अब तक आजमगढ़ और वाराणसी में रडार की स्थापना हो चुकी है, जबकि शेष तीन स्थानों पर काम प्रक्रियाधीन है। इन रडार से मिलने वाले आंकड़ों के आधार पर तेज बारिश, आंधी-तूफान और अन्य गंभीर मौसमी घटनाओं की निगरानी व पूर्वानुमान लगाने में मदद मिलेगी। हर रडार की रेंज लगभग 250 से 500 किलोमीटर तक होती है।

यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/
आज
निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राईब करें।

सूर्योदय : ०५.५६
सूर्यास्त : ०५.३०
तापमान
अधि. : ३२.०
न्यून. : २३.०

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुरः** बैंक रोड, **प्रयागराजः 3**,लीडर रोड, **कानपुरः** बांसमण्डी, **झांसीः** झोंकन बाग, **लखनऊः 1**,जापलिंग रोड, **आगराः** महात्मा गांधी रोड, **बरेलीः** रोड नं. **3** परसाखेड़ा, **पटनाः** फ्रेजर रोड, **रांचीः** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुरः** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022452
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोन:- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
Website : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

पत्रांक- 4479(i)/निविदा (नि0ख0)-बलिया वृत्त/2026 दिनांक-12.10.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद बलिया में निम्नलिखित कार्य की प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसके लिए लोक निर्माण विभाग के 'ए,बी,सी'मार्ग श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही कॉलम 11 के अनुसार निविदा डालने हेतु पात्र होंगे। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0-4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली-भाँति अध्ययन कर लें।

2. कार्य का विवरणः

क्र0 स0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करनें की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
स्वीकृत के प्रत्याशा में। (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)										
1	बलिया	टकरसन गोठौली सम्पर्क मार्ग से कोईरी का डेरा मार्ग का निर्माण कार्य। (लम्बाई- 1.000 कि0मी0) (05वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित)	(निर्माण (71.42) + अनुरक्षण (1.82) कुल लागत 73.24	5.67	(स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी.एस.टी. रू0 2590.00	06 माह वर्षा ऋतु सहित	निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया	बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता आ0क्षे0, लो0नि0वि0, आजमगढ़	ए,बी,सी
2	बलिया	टकरसन रघुनाथपुर सम्पर्क मार्ग से पीपरपाती हरिजन बस्ती तक मार्ग का निर्माण कार्य।(लम्बाई-1.000 कि0मी0) (05वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित)	(निर्माण (65.71) + अनुरक्षण (1.68) कुल लागत 67.39	5.37	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
3	बलिया	तिखमपुर से ढेलहवा बाबा होते हुए हनुमान बाल विद्या मंदरि ओझा छपरा तक मार्ग का निर्माण कार्य। (लम्बाई-1.200 कि0मी0) (05वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित)	(निर्माण (84.91) + अनुरक्षण (2.17) कुल लागत 87.08	6.36	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	ए,बी
4	बलिया	भीखपुर सायर माता मंदिर से रामआशीष उपाध्याय के खेत होते हुए परसपुर प्राथमिक विद्यालय तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य। (लम्बाई-1.000 कि0मी0) (05वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित)	(निर्माण (71.49) + अनुरक्षण (1.82) कुल लागत 73.31	5.67	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	ए,बी,सी
5	बलिया	बलिया बांसडीह मार्ग से बांसडीह थाने के बगल से हैवन पब्लिक स्कूल होते हुए एस0एस0 पैरामाउन्ट स्कूल तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य। (लम्बाई-1.300 कि0मी0) (05वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित)	(निर्माण (92.19) + अनुरक्षण (2.35) कुल लागत 94.54	6.73	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	ए,बी
6	बलिया	बसंतपुर हस्तमाली सिवान से वासुदेवपुर पासवान बस्ती व श्रीपुर सिवान होते हुए इमीलयी तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य। (लम्बाई-1.800 कि0मी0) (05वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित)	(निर्माण (128.38) + अनुरक्षण (3.27) कुल लागत 131.65	8.59	तदैव	10 माह वर्षा ऋतु सहित	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
7	बलिया	ग्राम देवकली से रामजी बरई के घर होते हुए मिड़ढा तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य।(लम्बाई-1.500 कि0मी0) (05वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित)	(निर्माण (106.61) + अनुरक्षण (2.72) कुल लागत 109.33	7.47	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
8	बलिया	महावीर घाट कंसपुर वजीरपुर गंगा घाट मार्ग से बरमेश्वर ठाकुर के डेरा होते हुए कपिल ठाकुर के घर तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य।(लम्बाई-2.000 कि0मी0) (05वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित)	(निर्माण (142.26) + अनुरक्षण (3.63) कुल लागत 145.89	9.30	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक-05.11.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह् से दिनांक-12.11.2026 के अपरान्ह् 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि-12.11.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक-12.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्ववत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0-1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट - निविदा की समस्त शर्ते वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(केशरी प्रकाश)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,बलिया
उ.प्र.-258372, दिनांक-15.10.2026

(राजेश चौधरी)
अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

शेष

तिरंगा मार्च...

जाएगी। वहीं एक अन्य नोटिस में एक साल वाली शर्त का जिक्र है। दीपक को नोटिस देने के लिए दिल्ली पुलिस एनसीपी-एसपी के प्रवक्ता अनीश गवांडे के घर पहुंची थी। दीपक अनीश गवांडे के घर पर ही ठहरे हुए हैं। सीजेपी ने शुक्रवार शाम पांच बजे से कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क तिरंगा मार्च निकालने का ऐलान किया है। सीजेपी समर्थक कनॉट प्लेस में तिरंगा लेकर जुटे हुए हैं। इस बीच पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। सेंट्रल पार्क के पास भारी सुरक्षा बल भी मुस्तैद है। आम आदमी पार्टी ने तिरंगा मार्च का समर्थन दिया है। वहीं अन्य छात्र संगठन भी सड़कों पर उतरने के लिए तैयार हैं इधर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई से मना कर दिया। देश की सर्वोच्च कोर्ट के समक्ष इस याचिका में सेंट्रल पार्क को बंद करने के की गुहार लगाई गई थी। कोर्ट ने कहा है कि उम्मीद है कि सभी संबंधित पक्ष समझदारी से काम लेंगे। अभिजीत दीपके सीजेपी के संयोजक हैं। जून-जुलाई में दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बात से ही वे लगातार केंद्र सरकार को अलग-अलग मुद्दों पर घेरने की कोशिश कर रहे हैं। जून-जुलाई में सीजेपी ने 36 दिनों तक जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया था और यह विरोध प्रदर्शन शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बाद ही खत्म हुआ था।

आदेश अनुचित...

भरपाई के लिए कदम उठाये जायेंगे। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क को बंद करने संबंधी नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर तुरंत सुनवाई करने से इनकार करते हुए कहा कि हम आशा करते हैं कि सभी लोग समझदारी से काम लेंगे। पीठ ने कहा कि इन दिनों में छोटे दुकानदारों की रोजी-रोटी चलती है। हम जानते हैं कि इस फैसले से पूरे परिवारों को कितनी मुश्किलों और परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। न्यायमूर्ति बागची ने कहा अगर कारोबार को नुकसान होता है और हम यह पाते हैं कि आपके मुवक्किलों के संबंध में यह आदेश गैरकानूनी है, तो हम अपने संवैधानिक अधिकारों का इस्तेमाल करेंगे। जब ऐसी स्थिति आयेगी, तब उससे निपटने पर विचार करेंगे। दिल्ली किराना कमेटी और 'दिल्ली आयरन एंड हार्डवेयर मर्चेंट्स एसोसिएशन' की ओर से पेश हुए अधिवक्ता जय अनंत देहाद्राई ने याचिका पर तत्काल सुनवाई करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि विरोध-प्रदर्शन और उसके बाद लगाये गये प्रतिबंधों से प्रतिदिन 200 करोड़ रुपये के कारोबार पर असर पड़ेगा।

दिल्ली पुलिस...

का सामना किया था, लेकिन उनमें से किसी ने जवाब में हाथ नहीं उठाया और पूरी दुनिया ने इसे देखा था। उन्होंने कहा कि पुलिस हड्डियां तोड़ सकती है, सत्याग्रह नहीं। राहुल गांधी ने कहा कि देश के युवा, विशेषकर युवतियां, 'निडर, दृढ़ और एकजुट' हैं तथा लोकतंत्र के लिए खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं उनके साथ खड़ा हूं।

यूपी में पदक...

की सीधी भर्ती हो रही है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर पिछली सरकार के कार्यकाल पर निशाना साधा। कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में भय और अराजकता का ऐसा माहौल था, जहां बेटियों के सपनों पर पहरे थे, हौसलों पर बंदिशें थीं और प्रतिभा अवसर के अभाव में दम तोड़ने को मजबूर थी। खेल के मैदान माफिया के कब्जे में थे, संसाधन नदारद थे और बेटियों की उड़ान को पंख देने के बजाय, उनके सपनों को चारदीवारी में कैद कर दिया गया था। मुख्यमंत्री ने 2017 के बाद आये बदलाव को भी इंगित किया। कहा कि विगत साढ़े 9 वर्षों में प्रदेश में बदलाव की नयी गाथा लिखी गयी है। भय का स्थान सुरक्षा ने लिया है, उपेक्षा का स्थान प्रोत्साहन ने लिया है और संसाधनों के अभाव का स्थान खेल सुविधाओं के विस्तार ने लिया है। गांव के खेल मैदानों और ब्लाक स्तरीय मिनी स्टेडियम से लेकर जिला स्तरीय स्टेडियम, मंडल स्तरीय स्पोर्ट्स कालेज तथा मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय तक, बेटियों को अपनी प्रतिभा निखारने का सशक्त आधार मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि ओलम्पिक, कामनवेल्थ एवं एशियन गेम्स के पदक विजेताओं को लाखों-करोड़ों के पुरस्कार और 'पदक लाओ, पद पाओ' के तहत सीधी भर्ती जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं।

संसद सत्र...

का आग्रह किया था। लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया। इसके बाद 14 अप्रैल की देर शाम बिल को सार्वजनिक किया गया और 16 अप्रैल को विशेष सत्र बुला लिया गया। हालांकि, आम सहमति न होने के कारण 17 अप्रैल 2026 को यह विधेयक लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत हासिल करने में विफल रहा। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि वह इसके बाद भी 16 जुलाई और 27 अगस्त को पत्र लिख चुके हैं, और अब यह चौथी बार है जब वह सर्वदलीय बैठक की मांग दोहरा रहे हैं।

सऊदी अरबमें...

को रियाद हवाई अड्डे पर हुए हमले में घायल भारतीय नागरिकों में से दो आईसीयू, एक हाई डिपेंडेंसी यूनिट और तीन सामान्य वार्ड में भर्ती हैं। इस बीच, रियाद के किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान सेवाएं निलंबित हैं, जबकि दम्माम, जेद्दा और मदीना हवाई अड्डों से उड़ानों का संचालन जारी है। भारतीय विमानन कंपनियों ने 17 अक्टूबर तक सऊदी अरब से आने-जाने वाली उड़ानें रद्द कर दी हैं। हालांकि, सऊदी अरब की विमानन कंपनी सऊदिया दम्माम, जेद्दा और मदीना से अपनी निर्धारित उड़ानें संचालित कर रही है।

बुलन्दशहर : पेड़से...

40 किमी दूर डिबाई तहसील के नरौरा थाना क्षेत्र रतनपुर के पास तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने घायलों को निकाला और एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें हायर मेडिकल सेंटर रेफर कर दिया गया। हादसे में पांच लोगों की मौत हुई है उनकी पहचान कासगंज जनपद के सिढ़पुरा क्षेत्र स्थित गांव देहली बुजुर्ग निवासी रामदीन (50) उनके पुत्र लोकेंद्र और लोकेंद्र की बेटी एक वर्षीय प्रगति, प्रवीन की पत्नी बबिता (35) और चालक शिवशंकर मिश्र (55) के रूप में हुई है।

रोडवेज आउटसोर्स...

देने का आदेश दिया गया। लेकिन शासन के आदेश को दरकिनार करते हुए 8400 रुपये प्रति कर्मी भुगतान किया जा रहा है। ऐसे में परिषद के प्रांतीय महामंत्री गिरीश मिश्र की ओर से प्रबंध निदेशक पीएन सिंह को भेजे गए पत्र को संज्ञान में लेकर प्रधान प्रबंधक श्रम कल्याण अंकुर विकास ने मुख्य प्रधान प्रबंधक प्राविधिक से आउटसोर्स कर्मियों के पारिश्रमिक दरों में बदलाव करते हुए भुगतान की अनुमति मांगी है।

मेरठ सांप...

यही बताया गया कि अमित की मौत सर्पदंश से हुई है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की जांच में हत्या की बात सामने आयी। मामले में अभियोजन पक्ष ने 12 गवाहों के बयान दर्ज कराये थे। सजा सुनाने से पहले न्यायाधीश ने मनुस्मृति का जिक्र करते हुए कहा कि अधर्म करके कभी धर्म से नहीं जीत सकता। अदालत की टिप्पणी में सावित्री का भी उल्लेख किया गया, जो यमराज से भिड़ गयी थीं।

उज्जैनमें महामंडलेश्वर...

ने पूरी तरह जमींदोज कर दिया। सुबह-सुबह पोकलेन और जेसीबी से हुई कारवाई नगर निगम के भवन अधिकारियों के अनुसार, निगम की टीम ने पूरी योजना के तहत सुबह करीब 5 से 6 बजे के बीच मौके पर दबिश दी। इस विशाल ढांचे को गिराने के लिए चार पोकलेन मशीनों और एक जेसीबी का इस्तेमाल किया गया। सुबह की पहली किरण के साथ ही शुरू हुई इस कारवाई से आसपास के क्षेत्र में हलचल मच गयी। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने और कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए भारी पुलिस बल और नगर निगम का अमला मौके पर पूरी तरह मुस्तैद रहा।

बेगुसराय : ज्वेलरी...

हुई इस भीषण गोलीबारी से डर कर दुकानदार के मालिक अंदर मौजूद ग्राहक जान बचाकर बाहर की तरफ भाग गए। अपराधियों ने इसका फायदा उठाकर काउंटर और तिजोरी में रखे लगभग 200 ग्राम सोने का आभूषण, 2 किलो चांदी के जेवर और कैश समेट लिया। व्यस्त बाजार में दिनदहाड़े हुई इस वारदात से व्यापारियों में भारी आक्रोश फैल गया। दुकानदारों ने सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस गज बढ़ाने की मांग को लेकर सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। घटना के सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से आठ खोखा बरामद कर बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान शुरू कर दिया है।

रेलवे ट्रैकपर...

में एक ड्रोन तैनात है। रेलवे की योजना मार्च 2027 तक इनकी संख्या 22 करने की है। ईस्ट कोस्ट रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक जनवरी से 15 सितंबर 2026 के बीच ड्रोन से 3,033 उड़ानें भरीं। इनमें संबलपुर मंडल में सबसे ज्यादा 1,329 उड़ानें हुईं। रायगढ़ा में 1,024 और खुर्दा रोड मंडल में 680 उड़ानें भरी गईं। इनमें से 1,265 उड़ानें संवेदनशील रेलवे संपत्तियों की सुरक्षा के लिए थीं। इनके जरिये पथराव, तोड़फोड़ और केबल चोरी रोकने के साथ आग लगने के खतरे पर भी नजर रखी गई। ड्रोन में नाइट विजन और थर्मल कैमरे लगे हैं। इनकी मदद से रात में भी निगरानी की जा सकती है। जंगलों, पहाड़ी इलाकों, सुरंगों, पुलों और सुनसान रेलखंडों पर इनका इस्तेमाल किया जा रहा है। रेलवे स्टेशनों, कोचिंग यार्ड और महत्वपूर्ण परिसरों की निगरानी भी इनसे हो रही है। ईस्ट कोस्ट रेलवे के मुताबिक, पुरी में 2026 की रथ यात्रा के दौरान भीड़ प्रबंधन में ड्रोन से मदद मिली।

निर्णायक जंग जीतने पर होगी नजरें

भारत को बल्लेबाजी में करना होगा सुधार, वेस्टइण्डीज को कप्तान होप, रदरफोर्ड से होगी एक और बड़ी पारीकी उम्मीद, पांचवां टी-२० आज

बेंगलुरू (एजेन्सियां)। भारत और वेस्टइण्डीज की टीमें जब २-२ की बराबरी के बाद शनिवार को निर्णायक पांचवें और अन्तिम टी-२० मुकाबले में उतरेगी तो दोनों की नजरें जीत के साथ शृंखला फतह करने पर होगी। करो या मरो बन गये इस मुकाबले में भारत को अपनी बल्लेबाजी की कमियों से पार पाते हुए बेहतर प्रदर्शन करना होगा चूंकि कैरेबियाई टीम ने अब तक मेजबान को कांटे की टक्कर दी है। भारत के लिये समस्या शीर्ष क्रम से शुरू होती है। संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ५६ रन बनाये जबकि अभिषेक का योगदान दो रन का रहा। एक बार साझेदारी टूटने के बाद मध्यक्रम पारी को संभाल नहीं सका। ईशान किशन, कप्तान श्रेयस अय्यर और नमन धीर बड़ी पारियां खेलने में नाकाम रहे। लखनऊ में पहले टी-२० में १०२ रन बनाने के बाद श्रेयस ने अगले तीन मैचों में ४०, एक और १६६ रन बनाये। यहां हारने से बतौर कप्तान श्रेयस की छवि को ठेस पहुंचेगी। आयरलैण्ड और इंगलैण्ड से हारने के बाद जिम्बाब्वे और अफगानिस्तान को हराकर उन्होंने आत्मविश्वास हासिल किया। श्रेयस की कप्तानी को खतरा नहीं है लेकिन अनुभवी और आक्रामक विरोधी टीम के सामने उनकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल जरूर उठ सकते हैं। तीसरे नम्बर पर ईशान ने ४३, ३७ और छह रन बनाये हैं। वहीं नमन धीर की पारियां चार, १० और शून्य की रही है। तिलक वर्मा और नीतिश कुमार रेड्डी भी हैदराबाद में १२-१ से १४.४ ओवर के बीच कोई चौका नहीं लगा सके। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में

न्यूजीलैण्ड के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेली गयी है। कुछ आईपीएल मैचों के अलावा यहां बड़े मैच भी नहीं खेले गये। ऐसे में भारत स्पिनर कुलदीप यादव को फिर से टीम में ला सकता है। तीसरे और चौथे मैच में बाहर रहे कुलदीप का अनुभव टीम के लिये कारगर साबित हो सकता है। वहीं पिछले मैच में कंधे की चोट का शिकार हुए अर्शदीप सिंह की जगह अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की टीम में वापसी हुई है। प्रिंस यादव, मयंक यादव, नमन धीर और रेड्डी कैरेबियाई बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा सके हैं। लिहाजा ऐसे में भुवनेश्वर का अनुभव काफी कारगर साबित होगा। वेस्टइण्डीज के लिये कप्तान शाई होप और शेरफान रदरफोर्ड २६१ और २२१ रन बना चुके हैं और शृंखला में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शीर्ष दो स्थानों पर हैं। भारत को इन दोनों को जल्दी आउट करना होगा जैसा इंदौर में तीसरे टी-२० के दौरान किया था।

भारत-श्रेयस अय्यर (कप्तान), ईशान किशन, संजू सैमसन (विकेटकीपर), नमन धीर, वैभव सूर्यवंशी, तिलक वर्मा (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, शिवम दुबे, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, प्रिंस यादव, रवि बिश्नोई, मयंक यादव।

वेस्टइंडीज-शाई होप (कप्तान और विकेटकीपर), ज्वेल एंड्रयू (विकेटकीपर), शिमरोन हेटमायर, आमिर जांगू (विकेटकीपर), कामिल पूरन, रोवमैन पावेल, शेरफान रदरफोर्ड, क्वेंटिन सैम्पसन, रोस्टन चेज, कीमो पाल, रोमारियो शेफर्ड, शमर स्प्रिंगर, मैथ्यू फोर्ड, अकील होसेन, शमर जोसेफ, गुडाकेश मोती।

समय-रात्रि सात बजेसे।

दीप्ती और निक्की ने दिलायी भारत को जीत

महिला टी-२०
जिमबाब्वे चार विकेटसे हारा

रायपुर (आससे)। दीप्ति शर्मा (४९) और निक्की प्रसाद (अजेय ३९) की विषम परिस्थिति में खेली गयी उपयोगी पारी और दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए की गयी ६३ गेंद में ८२ रन की साझेदारी के दम पर भारत ने तीन मैचों की महिला टी-२० शृंखला के पहले मुकाबले में शुक्रवार को जिम्बाब्वे को चार विकेट से पराजित कर १-० की बढ़त हासिल कर ली। भारते पहले जिम्बाब्वे को २० ओवर में पांच विकेट पर ११४ रन पर रोकने के बाद २६ गेंद शेष रहते छह विकेट पर ११६ रन बना लिए। दूसरा मुकाबला इसी मैदान पर रविवार को खेला जायेगा। ११५ रन के सामान्य लक्ष्य के सामने भारत की शुरुआत हाहाकारी रही और उसने १९ गेंद में ही अपने चार शीर्ष बल्लेबाजों को १९ रन पर ही खो दिया। कप्तान स्मृति मंधाना ने दो चौके लगा तेवर दिखलाये लेकिन उनके इस तेवर को न्याशा ग्वान्जुरा ने खतरनाक होने से पहले ही शांत कर दिया। मंधाना केवल नौ रन ही बना सकी। इसके बाद अनुष्का शर्मा एक चौका लगा कर न्याशा ग्वान्जुरा की दूसरी शिकार हो गयी। कप्तानी की जिम्मदारी से मुक्त होकर पहली बार उतरी हरमप्रीत कौर ने तो और निराश कर दिया और एक रन बना कर पवेलियन लौट गयी। अब निगाहें शेफाली वर्मा पर टिकी थी लेकिन वे भी दो गेंद खेल कर केवल चार रन बना कर न्याशा ग्वान्जुरा की तीसरी शिकार हो गयी। टीम संकट में थी ऐसे में निक्की प्रसाद और अनुभवी दीप्ति शर्मा ने क्रीज पर पांव जमा लिए और जिम्बाब्वे की गेंदबाजों का दिलेरी से सामना करते हुए टीम के खाते में रन जोड़ना शुरू कर दिया जिससे टीम संकट से निकलने में सफल हो गयी। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए ६३ गेंद में ८२ रन की बेशकीमती साझेदारी कर भारत को जीत के करीब ला दिया। लेकिन दीप्ति अर्द्धशतक से एक रन पहले ओलिंडर चेरी की शिकार हो गयी। दीप्ति ने ४९ रन के लिए ३७ गेंद खेली जिसमें आठ चौके शामिल रहे। भारत को जीत के लिए १४ रन चाहिए थे लेकिन जब टीम का स्कोर ११० रन था ऋचा घोष (सात, एक छक्का) भी आउट हो गयी। दूसरे छोर पर डटी निक्की ने ३५ गेंद में छह चौके की सहायता से ३९ रन की अजेय पारी खेल कर भारत का स्कोर १५.४ ओवर में छह विकेट पर ११६ रन कर दिया। न्याशा ग्वान्जुरा ने १८ रन देकर तीन विकेट लिए। इससे पहले टास हार कर पहले खेलने को बाध्य जिम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले ओवर की अन्तिम गेंद पर क्रांति गौड़ ने बिलव्ड बिजा को खाता खोलने से पहले ही पगबाधा कर दिया। मेहमान टीम को पहला झटका सात रन पर लगा। लेकिन इसके बाद केलिस नधलोवु और मोडेस्टर मुपाचिक्वा ने लड़खड़ाये कदम को संभाल लिया और दूसरे विकेट के लिए ५६ गेंद में ५३ रन की सधी साझेदारी कर जिम्बाब्वे को एक सम्मानजनक स्कोर की ओर बढ़ाया। यह जोड़ी खतरनाक हो रही थी जिसे तोड़ने के लिए नयी कप्तान स्मृति मंधाना ने अपने गेंदबाजों को बदल-बदल कर अजमाया। आखिरकार इस जोड़ी को श्रीचरणी ने मोडेस्टर मुपाचिक्वा का रिटर्न कैच लेकर तोड़ा। मोडेस्टर मुपाचिक्वा ने पवेलियन लौटने से पहले २६ गेंद में एक चौके की मदद से १६ रन बनाये। जिम्बाब्वे का स्कोर दो विकेट पर ६० रन हो गया। इस जोड़ी के जुदा होने के साथ ही जिम्बाब्वे की रन गति सुस्त हो गयी जिसे बढ़ाने के चक्कर में सलामी बल्लेबाज केलिस नधलोवु अरुंधति रेड्डी की गेंद पर चकमा खा कर बोल्ड हो गयी। उन्होंने ४२ रन के लिए ४४ गेंद खेली जिसमें छह चौके शामिल रहे। मेहमान टीम को तीसरा झटका ८३ रन पर लगा। टीम को न्याशा ग्वान्जुरा से बड़ी पारी की उम्मीद थी लेकिन वे निराश कर गयी और केवल नौ रन बना कर नंदिनी शर्मा की गेंद पर स्टंप हो गयी। मिशेल मावुंगा खाता भी नहीं खोल सकी और नंदिनी का दूसरा शिकार हो गयी। यह तो भला हो शायनें मायर्स का जिन्होंने अन्त में ३३ गेंद में चार चौके, दो छक्के की मदद से ४३ रन की तेज अजेय पारी खेल दी जिससे जिम्बाब्वे की टीम २० ओवर में पांच विकेट पर ११४ रन बनाने में सफल हो सकी। नंदिनी शर्मा ने ११ रन देकर दो विकेट लिए।

सुहास, भाविना का जीत से आगाज

पैरा एशियाई खेल

नागोया (एजेन्सियां)। दो बार के पैरालम्पिक रजत पदक विजेता और गत चैम्पियन सुहास एल वाई ने एशियाई पैरा खेलों की बैडमिंटन स्पर्धा में जीत के साथ आगाज करते हुए पुरुषों के एकल एसएल फोर ग्रुप ई मैच में बांगलादेश के जायतू धर को सीधे गेम में हरा दिया। प्रशासनिक अधिकारी सुहास ने टोक्यो और पेरिस पैरालम्पिक में रजत पदक जीता था जबकि पिछले एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक हासिल किया था। उन्होंने यह मुकाबला २१-८, २१-११ से जीता। पुरुषों के एकल एसएल फोर वर्ग में अभिजीत सखुजा ने चीनी ताइपे के एन चुआन येह को २१-१७, २१-१२ से मात दी। टोक्यो पैरालम्पिक स्वर्ण पदक विजेता और एशियाई पैरा खेलों के रजत पदक विजेता कृष्णा नागर ने चीनी ताइपे के जिया सियांग लिंग को २१-५, २१-४ से हराकर जीत के साथ आगाज किया। एसएच-छह वर्ग में एक और भारतीय सिवराजन सोलाइमलाइ ने ग्रुप डी में फिलीपींस के जान साइरस मेकलांग को २१-७, २१-६ से हराया। मिश्रित युगल एसएल श्री और एसयू फाइव ग्रुप ए के मैच में भारत की मनीषा रामदास और प्रमोद भगत ने चीन के लिशुआन शियांग और टोंगटोंग को २१-१६, १९-२१, २१-१६ से मात दी। मानसी जोशी और रुत्विक रघुपति हालांकि अपना मुकाबला हार गये। महिला एकल एसएल श्री वर्ग में पूर्व विश्व चैम्पियन मानसी जोशी को चीन की यूमेइ लियू ने २१-१५, १४-२१, २१-१५ से हराया। दूसरी ओर टोक्यो पैरालम्पिक रजत पदक विजेता भाविना पटेल ने अपने अभियान का आगाज कुवैत की अहद अलशरीदी पर महिला टेबल टेनिस स्पर्धा के पहले दौर में जीत के साथ किया। भाविना ने महिला एकल ग्रुप ए के क्लास ४-५ मैच में ११-६, ११-३, ११-६ से जीत दर्ज की। पैरा टेबल टेनिस में क्लास चार और क्लास पांच व्हीलचेयर खिलाड़ियों (क्लास १-५) के बीच उच्च-कार्यशील स्तरों को दर्शाते हैं, जहां खिलाड़ियों के पास बैठने के संतुलन और कोर या हाथ के नियंत्रण की अलग-अलग डिग्री होती है। बेबी सहाना रवि ने महिला एकल क्लास नौ ग्रुप बी के मैच में वियतनाम की थि होआ फुओंग पंगुयेन को ११-६, ११-५, ११-४ से हराया। पैरा टेबल टेनिस में क्लास नौ उन अथलीटों के लिए एक स्टैंडिंग स्पोर्ट्स क्लास है जिनके पैरों या खेलने वाले हाथ में हल्की शारीरिक दिक्कतें हैं या जिनके न खेलने वाले हाथ में गंभीर दिक्कतें हैं। शुभम वाधवा ने पुरुष एकल क्लास तीन ग्रुप मैच में नेपाल के केशव थापा को ११-६, ११-४, ११-९ से हराया। जेहान मदान ने हमवतन संदीप डांगी को ११-८, १२-१०, १०-१२, ११-६ से मात दी।

अर्शदीप की जगह भुवनेश्वर शामिल

बेंगलुरू (एजेंसियां)। अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को शुक्रवार को कंधे में चोट से जूझ रहे अर्शदीप सिंह के कवर के तौर पर वेस्टइण्डीज के खिलाफ २-२ से बराबरी पर है। शृंखला का निर्णायक मुकाबला शनिवार को यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जायेगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को कहा बुधवार को हैदराबाद में वेस्टइण्डीज के खिलाफ चौथे टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अर्शदीप सिंह को गेंदबाजी करने वाले हाथ के कंधे पर चोट लगी थी जिसके बाद भुवनेश्वर कुमार को टीम में शामिल किया गया है। कहा गया है कि अंतिम टी-२०अंतरराष्ट्रीय मैच में अर्शदीप की उपलब्धता पर फैसला उनकी चोट से उबरने की स्थिति को देखते हुए मुकाबले से पहले लिया जायेगा। ३६ वर्षीय भुवनेश्वर को इससे पहले २२ अक्टूबर से क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैण्ड के खिलाफ शुरू होने वाली टी-२० शृंखला के लिए भी भारतीय टीम में चुना गया था।

गिल तीन अय्यर दो एकदिनी में करेंगे कप्तानी

न्यूजीलैण्ड दौरा

नयी दिल्ली (एजेंसियां)। भारत और न्यूजीलैण्ड के बीच होने वाली पांच मैचों की एकदिनी और टेस्ट शृंखला के लिए भारतीय टीम का एलान कर दिया गया। एकदिनी शृंखला के शुरुआती तीन मुकाबलों में शुभमन गिल टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि उपकप्तान श्रेयस अय्यर को अंतिम दो मैचों के लिए कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। वहीं ईशान किशन को चौथे और पांचवें एकदिनी के लिए उपकप्तान बनाया गया है। टेस्ट और एकदिनी शृंखला के बीच कम समय को ध्यान में रखते हुए चयनकर्ताओं ने टीम में यह बदलाव किया है। दोनों टीमों के बीच एकदिनी शृंखला की शुरुआत चार नवम्बर से होगी। शुभमन गिल शुरुआती तीन एकदिनी मुकाबलों में १६ सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे। श्रेयस अय्यर इस दौरान उपकप्तान की भूमिका निभायेंगे। पहले तीन मैचों के लिए केएल राहुल को विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में टीम में शामिल किया गया है। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अनुभवी बल्लेबाज पूरी शृंखला के लिए उपलब्ध रहेंगे। इनके अलावा अक्षर पटेल, नितीश कुमार रेड्डी और नमन धीर को भी दोनों चरणों की टीम में जगह मिली है। अंतिम दो मुकाबलों की टीम में तिलक वर्मा और तेज गेंदबाज औकिब नबी को शामिल किया गया है। वहीं झारखंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज कुमार कुशाग्र और तेज गेंदबाज यश ठाकुर को पहली बार वनडे टीम में जगह मिली है। विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल के अलावा तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज और प्रसिद्ध कृष्णा केवल शुरुआती तीन एकदिनी मुकाबलों के लिए टीम का हिस्सा होंगे। प्रसिद्ध कृष्णा की उपलब्धता उनकी फिटनेस और बाईं हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरने पर निर्भर करेगी। ये खिलाड़ी इसके बाद टेस्ट शृंखला की तैयारी के लिए टीम से अलग हो जायेंगे। इसी वजह से अंतिम दो एकदिनी मैचों के लिए टीम में कुछ नये खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। एकदिनी टीम में अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और भुवनेश्वर कुमार को जगह नहीं मिली है।



भारतीय टीम में अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव जैसे प्रमुख गेंदबाज भी शामिल हैं। इनके अलावा गुरनूर बराड़ और ऋतुराज गायकवाड़ को भी दोनों चरणों की टीम में जगह दी गयी है। टेस्ट टीम-शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल (उपकप्तान), देवदत्त पडिक्कल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर)*, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, अंशुल कंबोज, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, साई सुदर्शन, नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज।

अमृता फाइनल में, कोमल को कांस्य

अण्डर-२३ विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप

लास वेगास (एजेन्सियां)। भारत की अमृता पुजारी ने अंडर-२३ विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में महिलाओं के ७२ किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल में प्रवेश कर लिया। अमृता ने कजाखस्तान की साबिरजानोवा को ७-१ से हराने के बाद सेमीफाइनल में चीन की वेंजिन कियू को १०-८ से मात दी। महाराष्ट्र के सोलापुर की अमृता का सामना अब यूक्रेन की इरिना जाब्लोत्स्का से होगा। दूसरी ओर कोमल ने महिलाओं के ५९ किलो वर्ग में कजाखस्तान की विक्टोरिया के को ७-२ से हराकर कांस्य पदक जीता। इससे पहले वह सेमीफाइनल में यूक्रेन की एलिना फिलिपोविच से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गयी थी। उन्होंने कनाडा की एला फाइंडिंग को हराया था। स्वीटर ५३ किलो वर्ग में रेपेचेज के जरिये कांस्य पदक की दौड़ में है। वह क्वार्टर फाइनल में क्रिस्टेले रौड्रिगेज डोबलर से २-११ से हार गयी थी। डोबलर के फाइनल में पहुंचने से स्वीटी को रेपेचेज खेलने का मौका मिला है जिसमें वह चीन की शियापटोंग झेंग से खेलेगी। वैष्णवी पाटिल भी ६५ किलो वर्ग में रेपेचेज के जरिये पदक की दौड़ में है। वह जापान की हारूका कोबारू से खेलेंगी। दीक्षा मलिक महिलाओं के ७६ किलो वर्ग में पांचवें स्थान पर रही। वीजा से जुड़े कारणों से भारत महिलाओं के ५० किलो, ५५ किलो, ५७ किलो और ६२ किलो वर्ग और ग्रीको रोमन ६० किलो, ७७ किलो, ८२ किलो, ९७ किलो और १३० किलो में खिलाड़ी नहीं उतार सका है।

महासंघों को अब मिलेंगे ५० करोड़

नयी दिल्ली (एजेंसियां)। देशमें अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओंके आयोजन को बढ़ावा देनेके लिए खेल मंत्रालयने शुक्रवारको राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को ५० करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता देनेका प्रावधान किया है। मंत्रालयने संशोधित राष्ट्रीय खेल महासंघ सहायता योजनाके संचालन संबंधी दिशा-निर्देश जारी करते हुए यह घोषणाकी। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनोंके लिए महासंघोंको अधिकतम दो करोड़ रुपये तक की सहायता दी जाती थी। मंत्रालयके अनुसार संशोधित दिशा-निर्देश भारत के दीर्घकालिक खेल दृष्टिकोण और २०३६ ओलम्पिकको मेजबानीकी दावेदारीके साथ २०३० राष्ट्रमंडल खेलोंकी तैयारियोंके अनुरूप तैयार किये गये हैं। मंत्रालयके अनुसार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओंकी मेजबानीके लिए दी जाने वाली वित्तीय सहायता आयोजनके स्वरूप और महत्व, भाग लेने वाले देशों तथा खिलाड़ियोंकी संख्याके आधारपर तय की जायेगी।

अजय स्केटिंग अकादमी चैम्पियन

वाराणसी। अजय स्केटिंग अकादमी के बच्चों ने शानदार खेलका प्रदर्शन करते हुए डालिम्स सनबीम ग्लोबल स्कूल सिगरामें हुई प्रथम किड्स वारियर प्रमोशनल स्केटिंग चैम्पियनशिप में चैम्पियन होनेका गौरव हासिल किया। राजेश डोंगरा स्केटिंग स्कूल प्रथम रनरअप तथा डालिम्स सनबीम वर्ल्ड स्कूल पहड़िया द्वितीय रनरअप रहा। २५ स्कूलों के लगभग १५० बच्चों की तीन आयु वर्ग की हुई इस चैम्पियनशिपमें स्वास्तिक सिंह, अभ्युदय सिंह, अथर्व अग्रहरी, मोहम्मद इब्राहिम, धृति श्रीवास्तव, अनायरा यादव, अग्रिमा, दिवीशा वर्मा, नेहाल, विविक्षा सिंह, केशव, हिम्मत सिंह, आर्यावर्त चौरसिया, श्रीहन शाह, अथर्व गुप्त, मृणाल, शिशिर शुक्ला, राव्या, अनिका अग्रवाल, वनिक कपूर ने स्वर्ण पदक हासिल किया। मैच के पश्चात मेजबान स्कूल के सह निदेशक माहिर मधोप और कडली कैटर पीलर स्कूल की प्रधानाचार्य रश्मि शर्मा के साथ डालिम्स सनबीम स्कूल सिगराकी प्रधानाचार्य प्रतिभा द्विवेदी ने पुरस्कार वितरित किया। इस मौकेपर जिला रोलर स्पोर्ट्स स्केटिंग असोसियेशन के उपाध्यक्ष मोहिउद्दीन, रवि सिंह, सागर गौड़, अभिषेक शर्मा, अजय पटेल, नीरज गुप्त, अंजली गुप्ता, विशाल सिंह आदि मौजूद रहे।

श्रेयांश ने दिलायी आदर्श क्रिकेट क्लब को जीत

वाराणसी। प्लेयर आफ द मैच श्रेयांश उपाध्याय (५५) के आक्रामक अर्द्धशतक के सहारे आदर्श क्रिकेट क्लब ने यहां हरउआ स्थित ओलम्पियन विवेक सिंह स्टेडियम में शुक्रवार को सगीर अहमद जूनियर अण्डर-१६ क्रिकेट लीग में दृष्टि क्रिकेट क्लब को आठ विकेट से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। दृष्टि क्रिकेट क्लब ने पहले खेलते हुए निहाल यादव ५३ और श्रेयांश यादव के १८ रन के सहारे सिमटनेसे पहले ३५ ओवर में १२९ रन बनाये। प्रख्यात सिंह और निष्कर्ष पाण्डेय ने दो-दो विकेट चटकाये। जवाब में आदर्श क्रिकेट क्लब की टीम ने २०.४ ओवर में ही केवल दो विकेट खोकर १३३ रन बना लिए। श्रेयांशके अलावा लक्ष्य सेठ ने ३५ और प्रख्यात सिंह ने अजेय २२ रन बनाये।

शिखर ने लगायी सुनहरी छलांग, शुभम, रतिमा को रजत

मण्डलीय विद्यालयीय अथलेटिक्स

वाराणसी। वाराणसीके शिखर ने अपने खेल कौशलका शानदार मुजाहरा पेश करते हुए गाजीपुर में शुक्रवारसे शुरू ७०वीं मण्डलीय विद्यालयीय अथलेटिक्स प्रतियोगिताके पहले दिन जूनियर बालक वर्ग में ऊंची कूद स्पर्धा का स्वर्ण पदक हासिल किया। शिखरकी सुनहरी कामयाबी के बाद वाराणसी को फिर खुशी का पल दिया शुभम पाल ने जिसने जूनियर बालक वर्ग के १०० मीटर दौड़ में दूसरा स्थान हासिल करते हुए ट्रैक से चांदी का तमगा उठाया। बालिकाओं के जूनियर वर्ग में रतिमा पटेल ने भी अपने दमखम का प्रदर्शन करते हुए ४०० मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किया। तीनों पदक विजेता खिलाड़ी विकास इण्टर कालेजके छात्र हैं। पदक विजेता खिलाड़ियोंकी इस सफलता पर संयुक्त शिक्षा निदेशक वाराणसी मण्डल दिनेश सिंह, मण्डलीय क्रीड़ा सचिव राजेश कुमार सिंह और विद्यालयके चेयरमैन डाक्टर एके सिंह ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

हाफ मैराथन का मार्ग बदला

नयी दिल्ली (एजेंसियां)। भारतीय निर्वाचन आयोगके खिलाफ जारी विरोध-प्रदर्शनोंके बीच रविवार को आयोजित होने वाली दिल्ली हाफ मैराथनके आयोजकोंने शुक्रवारको दौड़ के मार्ग में मामूली बदलाव की घोषणा की है जिसके तहत धावक रेल भवन, संसद मार्ग और पटेल चौकसे होकर नहीं गुजरेंगे। प्रदर्शनके कारण इन तीनों स्थानोंके आसपास पुलिसने भारी बैरिकेडिंग कर रखी है। विरोध प्रदर्शनोंको देखते हुए आयोजकों ने दौड़के मार्गमें संशोधन किया है। आयोजकोंके अनुसार धावक कर्तव्य पथ से बाईं ओर मुड़कर सेवा तीर्थ गोलचक्कर की ओर जायेंगे। इसके बाद वे मौलाना आजाद रोड पर बाईं ओर मुड़ेंगे। वहां से यू-टर्न लेकर सेवा तीर्थ गोलचक्कर के आसपास से होते हुए रफी मार्ग पहुंचेंगे और फिर दाईं ओर मुड़कर दोबारा कर्तव्य पथ पर आ जायेंगे। इससे पहले धावक कर्तव्य पथ से दाईं ओर मुड़कर रेल भवन, संसद मार्ग और पटेल चौक की ओर जाते थे। इस बार संसद मार्ग से दौड़ की शुरुआत भी नहीं होगी।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए. द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल — शनिवार, 17 अक्टूबर 2026

मेष-	परिवार में खुशी, अपेक्षित सहयोग, पुरातन विवाद हल, वातावरण अनुकूल, हर्ष भी।
वृषभ-	स्वास्थ्य की चिन्ता, संकल्प-विकल्प, मानसिक बेचैनी, समस्याएं उत्पन्न, सुख में कमी।
मिथुन-	निराशा का समापन, अनुकूल घटनाएं, मंगल आयोजन, धन निवेश, क्षमता में वृद्धि।
कर्क-	आरोग्यसुख, मित्रों से सहयोग, धनसंचय में प्रवृत्ति, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम।
सिंह-	आर्थिक पक्ष बेहतर, मान-सम्मान की प्राप्ति, धर्म में आस्था, मनोरंजन में रुचि।
कन्या-	उलझनें प्रभावी, शत्रु सक्रिय, राजकीय कष्ट, मान-सम्मान की चिंता, मानसिक तनाव।
तुला-	परिस्थितियों में सुधार, जिम्मेदारियों की पूर्ति, घरेलू वातावरण सुखद, धर्म में आस्था।
वृश्चिक-	साहसिक प्रयास प्रगति पर, वाद-विवाद की निवृत्ति, आश्वासनों से राहत, हर्ष भी।
धनु-	व्यवसाय में विस्तार, प्रगति का प्रयास, कर्ज की अदायगी, आत्मविश्वास में वृद्धि।
मकर-	कार्यों में उदासीनता, कटुवचन से कष्ट, मनोबल में कमी, सुख का अभाव, हानि भी।
कुम्भ-	व्यक्तित्व का विकास, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, वातावरण मनोनुकूल, नौकरी में पदोन्नति।
मीन-	अभीष्टसिद्धि, निराशा का समापन, जनसम्पर्क का सुयोग, धनागम का लाभ, प्रसन्नता।

आज है जिनका जन्मदिन — 17 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 17 का मूलांक 8 का स्वामी ग्रह शनि एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। सूक्ष्मदर्शिता विशेष गुण होगा। आपकी इच्छा शक्ति दृढ़ होगी। बहुत जल्दी क्रोधित हो जायेंगे। आपके जीवन में अनेकों बार उतार-चढ़ाव के क्षण आयेंगे। आपकी महत्वकांक्षाएँ बहुत ऊँची रहेगी। में ईर्ष्या भावना अधिक रहेगी। आपके कार्यों में नवीनता की झलक मिलेगी। धार्मिक अध्यात्मिक कृत्यों में झुकाव अधिक रहेगा। क्रोध की स्थिति में अपना ही नुकसान कर लेंगे। सहज ही कुछ भी प्राप्त नहीं कर पायेंगे इसके लिए कठिनाईयों के दौर से गुजरना पड़ेगा। जनकल्याम की ओर रुझान रहेगा। छोटे एवं तुच्छ कार्यों से संतुष्ट नहीं होंगे। कोई भी कार्य जल्दबाजी में नहीं करेंगे। ये व्यक्ति हानि पहुँचाने की दिशा में गुप्त षडयंत्र करेंगे। देवी-देवता की पूजा एवं अर्चना नियमित रूप से करें। दैनिक जीवन में हरा एवं नीला रंग का प्रयोग अधिकतम करें। शनिवार के दिन शनि ग्रह से सम्बन्धित वस्तुओं का दान भी करें। शुद्ध शाकाहार जीवन अपनाएँ। सुख-समृद्धि के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र	: ॐ शं शनैश्चराय नमः	मास	: जनवरी, अक्टूबर एवं दिसम्बर
व्रत	: शनिवार	वर्ष	: 8, 17, 26, 35, 44, 53, 62, 71
दिन	: सोमवार, गुरुवार एवं शनिवार	रंग	: हरा, नीला, काला एवं भूरा
दिनांक	: 8, 17, 26	जन्मरत्न	: नीलम उपरत्न : नीली
अंक	: 2, 4, 6, 7	जड़ी	: लाल चन्दन की जड़

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—20 जनवरी से 20 फरवरी, 20 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

यन्त्र

12	7	14
13	11	9
8	15	10

सुडोकू ४०८६

		4						1
	1			6		5		
8			4					
		2	9					
	5					3	6	
			2					4
	3				5			
								9

हल ४०८५

6	2	1	7	8	4	3	9	5
7	9	8	5	6	3	4	1	2
3	5	4	9	1	2	7	6	8
4	6	2	1	3	5	9	8	7
8	3	9	2	4	7	1	5	6
5	1	7	6	9	8	2	4	3
1	4	5	3	2	6	8	7	9
9	7	3	8	5	1	6	2	4
2	8	6	4	7	9	5	3	1

महिंद्रा ने लॉन्च की एक्सयूवी 3एक्सओ जेडएनजी

देश की प्रमुख एसयूवी निर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने आज एक्सयूवी 3एक्सओ जेडएनजी लॉन्च की। कंपनी के इस पहले मुख्यधारा के सीएनजी यात्री वाहन की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 9.99 लाख रुपये रखी गई है। एक्सयूवी 3एक्सओ जेडएनजी के साथ महिंद्रा ने सीएनजी सेगमेंट में दमदार ड्राइविंग अनुभव देने की कोशिश की है। इसमें टर्बोचार्ज्ड इंजन दिया गया है, जो सीएनजी और पेट्रोल, दोनों मोड में 82 किलोवाट की पावर और 200 एनएम का टॉर्क देता है। एसयूवी की प्रमाणित ईंधन दक्षता 24.7 किमी प्रति किलोग्राम है। इससे ग्राहक ड्राइविंग के रोमांच से समझौता किए बिना कम खर्च में गाड़ी चलाने का विकल्प चुन सकते हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के ऑटोमोटिव कारोबार के अध्यक्ष डॉ. वेलुसामी आर. ने कहा एक्सयूवी 3एक्सओ जेडएनजी का स्पष्ट वादा है-बिना किसी समझौते के बेहतर अनुभव। आज ग्राहक एसयूवी की जगह, तकनीक, सुरक्षा और ड्राइविंग अनुभव के साथ सीएनजी का कम खर्च भी चाहते हैं। सेगमेंट में सबसे ज्यादा टॉर्क, टर्बोचार्ज्ड परफॉर्मेंस और शानदार ईंधन दक्षता के साथ यह गाड़ी सीएनजी की उपयोगिता और एसयूवी के रोमांच को एक साथ लाती है। इससे सीएनजी एसयूवी को लेकर ग्राहकों की अपेक्षाओं के लिए नया मानक तय होगा। एक्सयूवी 3एक्सओ जेडएनजी में टर्बो इंजन की ताकत, आकर्षक डिजाइन, पर्याप्त जगह, आधुनिक तकनीक, आराम और सुरक्षा का मेल दिया गया है।

आईसीआईसीआई लाइफ के मुनाफे में 26.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी

पहली छमाही में 760 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

मुंबई -वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में कंपनी के व्यक्तिगत सुरक्षा बीमा कारोबार में सालाना आधार पर 47.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई जबकि पेंशन और नियमित आय देने वाली वार्षिकी योजनाओं के कारोबार में 50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसके परिणामस्वरूप, व्यक्तिगत बीमा का कुल बीमित मूल्य सालाना आधार पर 34.9 प्रतिशत बढ़कर 2.32 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह ग्राहकों को मिलने वाले बीमा कवर में उल्लेखनीय विस्तार को दर्शाता है।कंपनी का नया कारोबार प्रीमियम पहली छमाही में सालाना आधार पर 25प्रतिशत बढ़कर 11,821 करोड़ रुपये हो गया। नए कारोबार का मूल्य (वीएनबी) 22.3 प्रतिशत बढ़कर 1,283 करोड़ रुपये रहा, जबकि वीएनबी मार्जिन 26 प्रतिशत दर्ज किया गया। इस दौरान, कंपनी का कर पश्चात लाभ (पीएटी) 26.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 760 करोड़ रुपये पर पहुँच गया। आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) सिद्धार्थ मिश्रा ने कहा ग्राहकों को प्राथमिकता देना हमेशा से आईसीआईसीआई लाइफ के कामकाज का मूल सिद्धांत रहा है और आने वाले वर्षों में भी हमारी सभी गतिविधियों का मार्गदर्शन यही सोच करेगी। सुरक्षा बीमा और वार्षिकी योजनाएँ हमारी दीर्घकालिक रणनीति के केंद्र में हैं। इनके माध्यम से हम भारत में उन जरूरतों को पूरा कर रहे हैं, जिनके लिए अभी पर्याप्त बीमा कवरेज उपलब्ध नहीं है।

वी ने भारत के पहले प्रीपेड फैमिली प्लान के साथ की एक नई शुरूआत

वी के दृष्टिकोण वी पे सब हैं वीआईपी के अनुसार हर व्यक्ति को सभी महत्वपूर्ण फायदे मिलने ही चाहिए। इसी वादे को आगे बढ़ाते हुए, वी लेकर आए हैं वी प्रीपेड फैमिली प्लान भारत का पहला ऐसा प्लान जो पारंपरिक प्लान्स से बिल्कुल अलग है। इसके द्वारा परिवार के सदस्य एक दूसरे से दूर चाहे देश के किसी भी कोने में हों, वे एक-दूसरे के साथ डेटा शेयर कर सकते हैं। वी द्वारा पेश की गई यह नई सुविधा प्रीपेड इस्तेमाल के पुराने तरीके को पूरी तरह से बदल देगी। क्योंकि इससे यूजर्स को अपने परिवार के सदस्यों के साथ डेटा शेयर करने की सुविधा मिलती है, खासकर तब जब उनका डेटा खत्म होने वाला हो। इस लॉन्च के बारे में बात करते हुए, वी के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर अवनीश खोसला ने कहा वी में, हमारा मानना है कि सबसे बेहतरीन इनोवेशन अक्सर इंसानी जीवन की सरल सच्चाइयों से जुड़े होते हैं। प्रीपेड का भविष्य सिर्फ ज़्यादा डेटा देने तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्राहकों को यह आज़ादी देने में है कि वे उस डेटा का इस्तेमाल कैसे करना चाहते हैं। वी प्रीपेड फैमिली प्लान, मोबाइल प्लान के पारंपरिक तरीकों को चुनौती देता है। यह एक ऐसा साहसिक कदम है जो प्रीपेड प्लान को लोगों के जीवन, काम करने और कनेक्टेड बने रहने के तरीके के अनुसार ज़्यादा उपयोगी बनाता है। यह प्लान सबको साथ लेकर चलने सोच को फिर से साबित करता है। यह सुनिश्चित करता है कि परिवार के सदस्य आपस में जुड़े रहें और ज़रूरत पड़ने पर देश में कहीं से भी एक-दूसरे के साथ डेटा शेयर कर सकें।

कार्यालय सहायक अभियन्ता द्वितीय
देवकली पम्प नहर प्रखण्ड-प्रथम, गाजीपुर

अल्पकालिक निविदा सूचना संख्या- 05/स0अ0द्वि0/2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से इस उपखण्ड के प्रशासनिक नियंत्रण में आने वाली निम्नलिखित नहरों के सिल्ट सफाई के कार्य हेतु नीचे अंकित लाट सं0-1 से लाट सं0-21 तक के लिए मुहरबन्द निविदायें वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 24.10.2026 को अपराहन 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। सभी निविदायें दिनांक 24.10.2026 को अपराहन 04.00 बजे सहायक अभियन्ता द्वितीय, देवकली पम्प नहर प्रखण्ड प्रथम गाजीपुर स्थित कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा नामित प्राधिकारी एवं निविदा समिति के सदस्यों तथा उपस्थित ठेकेदारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 22.10.2026 से दिनांक 24.10.2026 तक पूर्वाहन 11.00 बजे से अपराहन 03.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में यह बिड/ निविदा अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जाएगी।

क0सं0	कार्य का विवरण	कार्य की लागत (जी0एस0टी0 रहित) (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य+ GST	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
1.	टिसौरी माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 4.500 तक सिल्ट सफाई का कार्य	1.34	0.14	75+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
2.	चौरी माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 5.200 तक सिल्ट सफाई का कार्य	1.54	0.16	75+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
3.	पचोखर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.200 तक सिल्ट सफाई का कार्य	0.95	0.10	75+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
4.	बहुअरा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.200 तक सिल्ट सफाई का कार्य	0.95	0.10	75+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
5.	नुरपुर प्रथम माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.500 तक सिल्ट सफाई का कार्य	0.75	0.08	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
6.	पियजुआ माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.200 तक सिल्ट सफाई का कार्य	0.95	0.10	75+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
7.	त्रिलोकपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 4.000 तक सिल्ट सफाई का कार्य	1.19	0.12	75+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
8.	बड़ौदा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.250 तक सिल्ट सफाई का कार्य	0.67	0.07	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
9.	कमनौलिया माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.200 तक सिल्ट सफाई का कार्य	0.95	0.10	75+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
10.	हरपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 4.000 तक सिल्ट सफाई का कार्य	1.57	0.14	75+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
11.	तिवारीपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.400 तक सिल्ट सफाई का कार्य	0.71	0.08	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
12.	माधोपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.900 तक सिल्ट सफाई का कार्य	0.56	0.08	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
13.	अवती माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 5.400 तक सिल्ट सफाई का कार्य	1.60	0.16	75+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
14.	हरचन्द्रपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.250 तक सिल्ट सफाई का कार्य	0.48	0.05	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
15.	आलमगंज माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.400 तक सिल्ट सफाई का कार्य	0.51	0.07	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
16.	नूरपुर द्वितीय माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.800 तक सिल्ट सफाई का कार्य	0.60	0.06	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
17.	लहुआर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.900 तक सिल्ट सफाई का कार्य	0.41	0.05	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
18.	खिदिरपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.000 तक सिल्ट सफाई का कार्य	0.64	0.06	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
19.	नौली माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.400 तक सिल्ट सफाई का कार्य	0.72	0.08	50+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
20	बेटावर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 4.200 तक सिल्ट सफाई का कार्य	1.25	0.13	75+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च
21	हरपुर माइनर के कि0मी0 4.100 से कि0मी0 9.600 तक सिल्ट सफाई का कार्य	1.08	0.10	75+18% GST	30 दिवस	"डी" व उच्च

उ.प्र.:-258335
दिनांक- 15.10.2026

(सुबोध कुमार)
सहायक अभियन्ता द्वितीय
देवकली पम्प नहर प्रखण्ड-प्रथम, गाजीपुर

वेबसाईट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय सहायक अभियन्ता-द्वितीय
मीरजापुर नहर प्रखण्ड, मीरजापुर

अति अल्पकालीन निविदा के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यों की
निविदा सूचना संख्या:-07/सहा.अभि.द्वि./2026-27

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु अलग-अलग मुहरबन्द निविदाएं दिनांक 30.10.2026 के अपरान्ह 12:00 बजे तक कार्यालय सहायक अभियन्ता-द्वितीय, मीरजापुर नहर प्रखण्ड, मीरजापुर में आमंत्रित की जाती है। सभी निविदाएं दिनांक-30.10.2026 को उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा समिति द्वारा अपरान्ह 2:00 बजे खोली जायेगी। कार्यो की निविदाएं दिनांक 23.10.2026 सें दिनांक 29.10.2026 तक समय सुबह 10:30 बजे से शाम 4:30 तक प्रत्येक कार्य दिवस में कार्यालय सहायक अभियन्ता-द्वितीय, मीरजापुर नहर प्रखण्ड, मीरजापुर से निर्धारित शुल्क लेकर बेची जायेगी। निविदा आमंत्रण की तिथि के दिन राजकीय अवकाश होने पर निर्धारित कार्य अगले कार्य दिवस में सम्पन्न होगा। निविदा की शर्त निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध है।

क्र0 स0	कार्य का नाम	अनुमानित मात्रा	धरोहर धनराशि रू0 में	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 में समस्त कर सहित	पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
1	कूड़ा राजवाहा के किमी0 0.000 से किमी0 4.350 तक आन्तरिक भाग में स्क्रैपिंग एवं वाह्य भाग में जंगल सफाई का कार्य।	बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार	21600.00	01 माह	रू 75.00+18% GST	'डी0 एवं उच्च श्रेणी
2	कूड़ा राजवाहा के किमी0 4.400 से किमी0 8.700 तक आन्तरिक भाग में स्क्रैपिंग एवं वाह्य भाग में जंगल सफाई का कार्य।	बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार	20000.00	01 माह	रू0 75.00+18% GST	'डी0 एवं उच्च श्रेणी
3	सेमरिया माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.800 तक आन्तरिक भाग में स्क्रैपिंग एवं वाह्य भाग में जंगल सफाई का कार्य।	बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार	3300.00	01 माह	रू0 50.00+18% GST	'डी0 एवं उच्च श्रेणी
4	खण्डुई माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.200 तक आन्तरिक भाग में स्क्रैपिंग एवं वाह्य भाग में जंगल सफाई का कार्य।	बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार	2300.00	01 माह	रू0 50.00+18% GST	'डी0 एवं उच्च श्रेणी
5	किचार माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.800 तक आन्तरिक भाग में स्क्रैपिंग एवं वाह्य भाग में जंगल सफाई का कार्य।	बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार	3400.00	01 माह	रू0 50.00+18% GST	'डी0 एवं उच्च श्रेणी
6	कूड़ा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.200 तक आन्तरिक भाग में स्क्रैपिंग एवं वाह्य भाग में जंगल सफाई का कार्य।	बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार	6400.00	01 माह	रू0 50.00+18% GST	'डी0 एवं उच्च श्रेणी
7	हरदहवा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.400 तक आन्तरिक भाग में स्क्रैपिंग एवं वाह्य भाग में जंगल सफाई का कार्य।	बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार	2700.00	01 माह	रू0 50.00+18% GST	'डी0 एवं उच्च श्रेणी
8	परसहवा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.400 तक आन्तरिक भाग में स्क्रैपिंग एवं वाह्य भाग में जंगल सफाई का कार्य।	बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार	4600.00	01 माह	रू0 50.00+18% GST	'डी0 एवं उच्च श्रेणी
9	परसिया माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 तक आन्तरिक भाग में स्क्रैपिंग एवं वाह्य भाग में जंगल सफाई का कार्य।	बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार	5300.00	01 माह	रू0 50.00+18% GST	'डी0 एवं उच्च श्रेणी
10	बरबसपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.400 तक आन्तरिक भाग में स्क्रैपिंग एवं वाह्य भाग में जंगल सफाई का कार्य।	बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार	2700.00	01 माह	रू0 50.00+18% GST	'डी0 एवं उच्च श्रेणी
11	महादेव माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.200 तक आन्तरिक भाग में स्क्रैपिंग एवं वाह्य भाग में जंगल सफाई का कार्य।	बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार	4700.00	01 माह	रू0 50.00+18% GST	'डी0 एवं उच्च श्रेणी
12	बिरधी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.200 तक आन्तरिक भाग में स्क्रैपिंग एवं वाह्य भाग में जंगल सफाई का कार्य।	बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार	2300.00	01 माह	रू0 50.00+18% GST	'डी0 एवं उच्च श्रेणी
13	बेलगाई माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.415 तक आन्तरिक भाग में स्क्रैपिंग एवं वाह्य भाग में जंगल सफाई का कार्य।	बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार	4700.00	01 माह	रू0 50.00+18% GST	'डी0 एवं उच्च श्रेणी
14	मनऊर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.300 तक आन्तरिक भाग में स्क्रैपिंग एवं वाह्य भाग में जंगल सफाई का कार्य।	बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार	4500.00	01 माह	रू0 50.00+18% GST	'डी0 एवं उच्च श्रेणी
15	बेलौड़ी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.600 तक आन्तरिक भाग में स्क्रैपिंग एवं वाह्य भाग में जंगल सफाई का कार्य।	बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार	3100.00	01 माह	रू0 50.00+18% GST	'डी0 एवं उच्च श्रेणी
16	चन्दनिया माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.400 तक आन्तरिक भाग में स्क्रैपिंग एवं वाह्य भाग में जंगल सफाई का कार्य।	बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार	4600.00	01 माह	रू0 50.00+18% GST	'डी0 एवं उच्च श्रेणी
17	उपधी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.900 तक आन्तरिक भाग में स्क्रैपिंग एवं वाह्य भाग में जंगल सफाई का कार्य।	बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार	3800.00	01 माह	रू0 50.00+18% GST	'डी0 एवं उच्च श्रेणी
18	हिन्दुवारी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 5.263 तक आन्तरिक भाग में स्क्रैपिंग एवं वाह्य भाग में जंगल सफाई का कार्य।	बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार	14600.00	01 माह	रू0 75.00+18% GST	'डी0 एवं उच्च श्रेणी
19	पलिया माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.213 तक आन्तरिक भाग में स्क्रैपिंग एवं वाह्य भाग में जंगल सफाई का कार्य।	बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार	4400.00	01 माह	रू0 50.00+18% GST	'डी0 एवं उच्च श्रेणी
20	शाहगंज राजवाहा के किमी0 0.000 से किमी0 6.800 तक आन्तरिक भाग में स्क्रैपिंग एवं वाह्य भाग में जंगल सफाई का कार्य।	बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार	33000.00	01 माह	रू0 75.00+18% GST	'डी0 एवं उच्च श्रेणी
21	शाहगंज राजवाहा के किमी0 6.900 से किमी0 13.700 तक आन्तरिक भाग में स्क्रैपिंग एवं वाह्य भाग में जंगल सफाई का कार्य।	बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार	33000.00	01 माह	रू0 75.00+18% GST	'डी0 एवं उच्च श्रेणी
22	शाहगंज राजवाहा के किमी0 13.800 से किमी0 20.600 तक आन्तरिक भाग में स्क्रैपिंग एवं वाह्य भाग में जंगल सफाई का कार्य।	बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार	33000.00	01 माह	रू0 75.00+18% GST	'डी0 एवं उच्च श्रेणी
23	कलवारी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 तक आन्तरिक भाग में स्क्रैपिंग एवं वाह्य भाग में जंगल सफाई का कार्य।	बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार	3900.00	01 माह	रू0 50.00+18% GST	'डी0 एवं उच्च श्रेणी
24	दुरावल माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.000 तक आन्तरिक भाग में स्क्रैपिंग एवं वाह्य भाग में जंगल सफाई का कार्य।	बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार	8300.00	01 माह	रू0 50.00+18% GST	'डी0 एवं उच्च श्रेणी
25	मिश्रा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 4.000 तक आन्तरिक भाग में स्क्रैपिंग एवं वाह्य भाग में जंगल सफाई का कार्य।	बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार	11000.00	01 माह	रू0 75.00+18% GST	'डी0 एवं उच्च श्रेणी
26	कुरन माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 4.000 तक आन्तरिक भाग में स्क्रैपिंग एवं वाह्य भाग में जंगल सफाई का कार्य।	बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार	7700.00	01 माह	रू0 50.00+18% GST	'डी0 एवं उच्च श्रेणी
27	हिनौती माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.600 तक आन्तरिक भाग में स्क्रैपिंग एवं वाह्य भाग में जंगल सफाई का कार्य।	बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार	7200.00	01 माह	रू0 50.00+18% GST	'डी0 एवं उच्च श्रेणी
28	सरवट माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.500 तक आन्तरिक भाग में स्क्रैपिंग एवं वाह्य भाग में जंगल सफाई का कार्य।	बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार	4800.00	01 माह	रू0 50.00+18% GST	'डी0 एवं उच्च श्रेणी

नोट- : जी0एस0टी0 का भुगतान नियमानुसार किया जायेगा।

यह निविदा सूचना उ0प्र0 सरकार सिंचाई विभाग के बेबसाइट http:// irrigation.up.nic.in पर उपलब्ध है। नियम व शर्ते सिंचाई विभाग के बेबसाइट पर देखी जा सकती है। **यह निविदा बजट आवंटन की प्रत्या[illegible]ा में निकाली जा रही है। बजट आवंटन स्वीकृत होने पर अनुबन्ध गठित किया जायेगा।**

उ.प्र.:- 258392
दिनांक:- 15.10.2026

(अजय कुमार श्रीवास्तव)
सहायक अभियन्ता-द्वितीय
मीरजापुर नहर प्रखण्ड, मीरजापुर

वेबसाईट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय सहायक अभियन्ता द्वितीय
शारदा सहायक खण्ड-32, आजमगढ़

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या:-06/स.अ.द्वि./2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-निविदा (टेक्निकल तथा फाइनेन्शियल बिड) वेब पोर्टल https://etender.up.nic.in के माध्यम से सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों से तालिका संख्या-01 के अनुसार आमंत्रित की जाती है। एवं तालिका संख्या-02 में वर्णित कार्यक्रमानुसार विभाग द्वारा गठित समिति के समक्ष आनलाइन खोली जायेगी।

तालिका संख्या-01

लाट संख्या	कार्य का नाम	अनुमानित मात्रा	धरोहर धनराशि (रूपये में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
1	खरसहनखुर्द माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.400 तक तथा खरसहनकलां माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.200 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	4800.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
2	गोधना माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.000 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	5600.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
3	पुष्पनगर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.700 तक तथा नूरपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.400 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	5700.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
4	गदाईपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.200 तक तथा गारवपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.400 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	10300.00	75+18% GST=89.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
5	निजामाबाद माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.400 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	4400.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
6	मोलनापुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.800 तक तथा पिपरौला माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.500 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	7900.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
7	कुरियावां माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.300 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	3300.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
8	मुचुरा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	3700.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
9	अहिरीपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.200 तक तथा पुरन्दरपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 0.500 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	6800.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
10	फत्तनपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.800 तक तथा कोरौली माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.400 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	9700.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
11	हैदराबाद माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.200 तक तथा आदममऊ माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.900 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	9400.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
12	अरनौला माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.600 तक तथा दीदारगंज माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.600 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	5900.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
13	भोरमऊ माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.700 तक तथा कनेरी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.100 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	7000.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
14	गंगापुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.800 तक तथा खानपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.500 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	11700.00	75+18% GST=89.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
15	महुआरी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.800 तक तथा संजरपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.200 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	5600.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
16	धर्मदासपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.200 तक तथा मुड़ियार माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.800 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	5300.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
17	खुटहना माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.800 तक तथा कुजियारी माइनर के किमी 0.000 से किमी0 1.600 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	5900.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
18	बड़हरिया माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.600 तक तथा नेवादा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.750 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	5700.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
19	रसूलाबाद माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 4.900 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	12300.00	75+18% GST=89.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
20	कोराघाटमपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.600 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य ।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	5500.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
21	सघनपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.700 तक तथा महुआ माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.300 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	7400.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
22	कोहड़ा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.800 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	5200.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
23	बेलसिया रजवाहा के किमी0 0.000 से किमी0 2.850 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	10100.00	75+18% GST=89.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
24	शेखपुर पिपरी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.000 तक तथा रसूलपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.000 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	7400.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
25	रीवा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.400 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	4400.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
26	सुघरपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.500 तक तथा फत्तेपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.200 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	5000.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
27	तिलहुआ माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.900 तक तथा जगजीवनपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	11800.00	75+18% GST=89.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
28	कोठिया जहाँगीरपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.700 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	3100.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
29	बीनापारा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य ।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	3700.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
30	भेडुही माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.800 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	3300.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
31	शिवपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 4.900 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	12300.00	75+18% GST=89.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
32	प्रतापपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.850 तक तथा गालिबपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.400 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	6000.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
33	मैनुद्दीनपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.600 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	6600.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
34	दनापुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 4.000 तक तथा सरायपुल माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.350 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	13500.00	75+18% GST=89.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
35	हथनौरा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.450 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	6100.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
36	बागबहार माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.700 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	6800.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
37	खेमीपुर प्रथम माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.700 तक तथा खेमीपुर द्वितीय माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 0.700 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	4500.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
38	करौजा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.200 तक तथा आंधीपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.850 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	7500.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
39	अंबारी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 4.000 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	10100.00	75+18% GST=89.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
40	सिकन्दर पट्टी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.700 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	5000.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
41	दुर्वासा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.400 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	8300.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
42	कलवारी माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 4.400 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	10100.00	75+18% GST=89.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
43	सदरुद्दीनपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.000 तक तथा छग्गनपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.900 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य ।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	5300.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
44	जगदीशपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.500 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	6400.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
45	गंधुई माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 तक तथा बढ़या माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.500 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	8400.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
46	विजयपालपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.400 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	8600.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
47	सैदुल्लाहपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 4.200 तक तथा बड़नपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 0.500 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	8700.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
48	सुरही माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 4.000 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	10100.00	75+18% GST=89.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी
49	अम्बरपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 3.400 तक सिल्ट सफाई एवं स्क्रेपिंग का कार्य।	बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार	8700.00	50+18% GST=59.00	10 दिवस	डी0 एवं उच्च श्रेणी

तालिका संख्या-02

Sl. No.	Particulars	Date	Time(Hrs.)
1	Upload on website	23-10-2026	10:00 AM
2	Bid Submission start	23-10-2026	10:30 AM
3	Bid Submission End	29-10-2026	13:00 PM
4	Technical Bid Opening	29-10-2026	14:00 PM
5	Financial Bid Opening	Date and Place to be decided after technical bid evaluation and will be communicated on-line to successful bidders in technical bid.	-

नोट- ई-निविदा की सूचना, विवरण, नियम व शर्तें उ0प्र0 सरकार की वेबसाईट http://etender.up.nic.in सूचना सिंचाई विभाग की वेबसाईट http://idup.nic.in पर भी उपलब्ध है।

उ.प्र.:- 258408
दिनांक:- 15.10.2026

सहायक अभियन्ता द्वितीय
शारदा सहायक खण्ड-32, आजमगढ़

वेबसाईट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

संसदका विशेष सत्र

केन्द्र सरकार अब संसदका विशेष सत्र बुलानेकी तैयारीमें जुट गयी है। ऐसे संकेत मिले हैं कि अक्तूबरके अन्तिम सप्ताहमें यह सत्र बुलाया जा रहा है। संसदका मानसून सत्र १३ अगस्तको समाप्त हुआ था लेकिन अबतक सत्रावसान नहीं हुआ है। सत्र बुलानेकी सूचना एक सप्ताह पहले ही देनेकी परम्परा है। लोकसभा सीटें बढ़ाने और परिसीमन बिलसे सम्बन्धित बिल पेश करनेका अनुमान है। इसके माध्यमसे महिला आरक्षण लागू किया जायगा। संविधान (१३१वां संशोधन) विधेयक, २०२६ में लोकसभाकी सीटें ८५० करनेका प्रस्ताव है। राज्योंसे ८१५ और केन्द्रशासित प्रदेशसे ३५ सीटें हो सकती हैं। इसके साथ ही परिसीमन (संशोधन) विधेयक, २०२६ भी पेश किया जा सकता है। परिसीमनके लिए 'जनसंख्या' की परिभाषामें परिवर्तन किया जायगा। २०११ की जनगणनाको आधार बनाया जायगा। इसके अतिरिक्त केन्द्रशासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, २०२६ भी है। यह विधेयक पुडुचेरी, दिल्ली और जम्मू-कश्मीरके कानूनोंमें संशोधन करता है, ताकि परिसीमन और महिला आरक्षण बिल लागू हो सके। भाजपाके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबन्धन (राजग) के पक्षमें दो-तिहाई बहुमत आवश्यक है लेकिन राजग अभी इससे दूर है। लोकसभामें २० और राज्यसभामें नौ सांसदोंकी जरूरत है। लोकसभामें ५४३ सांसद हैं। तीन सीटें खाली हैं। इनमें राजगके ३१८ सांसद हैं। बिलको पास करानेके लिए लोकसभामें ३६० वोटकी आवश्यकता है। यदि द्रमुकके २२ सांसद बिलका समर्थन करते हैं तो बिलके समर्थनमें ३४० सांसद हो जायंगे। इसके बाद भी भाजपाको लगभग बीस सांसदोंकी जरूरत है। इसी प्रकार राज्यसभामें २४५ सीटें हैं। तीन खाली हैं। इनमें राजगके १५३ सांसद हैं। बिल पास करानेके लिए १६२ सांसद चाहिए। राजगको छोटी पार्टियोंके नौ सांसदोंकी जरूरत पड़ेगी। मानसून सत्रकी अन्तिम बैठक १३ अगस्तको हुई थी। दोनों सदनोंकी बिना सत्रावसानके यह अबतककी सबसे लम्बी अवधि है। इसके पूर्व १९८९ में दोनों सदन ६३ दिनतक ऐसी ही स्थितिमें रहे। संसदके विशेष सत्र बुलानेकी तैयारीको लेकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गयी है। विपक्ष इसे हंगामे वाला सत्र बनानेकी तैयारीमें है। विशेष सत्र ऐसे समय हो रहा है जब मतदाता सूचीके विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमारके इस्तीफेकी मांगपर देशभरमें माहौल काफी गर्म है। संसद सत्रमें इस प्रकरणको भी विपक्ष अवश्य उठा सकता है। विपक्ष और भी कई मुद्दे उठानेकी रणनीति बना रहा है। सत्ता पक्षकी ओरसे भी पूरी तैयारी की जा रही है। सत्तापक्ष यदि दो-तिहाई बहुमत जुटानेमें सफल रहता है तभी बिल पास हो पायंगे।

अवैध पटाखोंका कारोबार

उत्तर प्रदेशके वाराणसीमें सारनाथ क्षेत्रके पैगम्बरपुरमें गुरुवारको अवैध रूपसे पटाखा बनानेके दौरान हुए भीषण विस्फोटमें तीन मंजिला मकान पूरी तरह ढह गया। इस हादसेमें पटाखा कारोबारी मकान मालिककी ३८ वर्षीय पत्नी गम्भीर रूपसे झुलस गयी जबकि उसका १३ वर्षीय पुत्र मलबेमें दबनेसे घायल हो गया। दोनोंको मण्डलीय अस्पतालमें भर्ती कराया गया है। यह मकान पटाखा कारोबारी राजू खानकी पुस्तैनी है, जहां वह अपनी मां, पत्नी और एक पुत्र और पुत्रीके साथ रहता था। इस मकानमें कई पुश्तसे पटाखा बनानेका अवैध धंधा चल रहा था जिसकी जानकारी आसपासके लोगोंको बखूबी थी लेकिन पुलिस शायद अनभिज्ञ थी या अनभिज्ञ बनी हुई थी, यह तो जांचका विषय है लेकिन इतना तो तय है कि ऐसा हो नहीं सकता कि किसी थाना क्षेत्रमें अवैध कारोबार पुश्तोंसे हो रहा हो और स्थानीय पुलिसको इसकी खबरतक न हो। मकानमें विस्फोट शाम पांच बजे हुआ लेकिन जबतक लोग कुछ समझ पाते तबतक लगातार दो और धमाके हुए जिससे अफरा-तफरी मच गयी। विस्फोटकी भयंकरताका अनुमान इसीसे लगाया जा सकता है कि इस मकानसे सटे एक घरका अगला हिस्सा ढह गया और सात मकान क्षतिग्रस्त हो गये। हादसेके बाद मकान मालिक घायलोंको छोड़कर फरार हो गया जिसे देर रात सारनाथ पुलिसने सरायमोहना घाटके पाससे मुठभेड़के बाद गिरफ्तार कर लिया। घायलोंको लोगोंने मलबेसे निकालकर अस्पताल पहुंचाया। मलबेमें किसी औरके दबे होनेकी आशंकासे पुलिसने दो घण्टे रेस्क्यू अभियान चलाया। राहतकी बात यह है कि और किसीके दबे होनेकी आशंका निर्मूल साबित हुई। पटाखोंका त्योहार दशहरा और दीपावलीके साथ शादी-विवाहकी तैयारियां भी जोरोंपर है। ऐसेमें अवैध पटाखोंकी निर्माणमें तेजी आयी है। गली-गलीमें अवैध तरीकोंसे पटाखोंका निर्माण हो रहा है। इस तरहकी अवैध पटाखोंका निर्माण उत्तर प्रदेशमें नहीं अन्य राज्योंमें भी हो रहा होगा जिसपर सख्त निगरानी रखनेकी जरूरत है वरना ऐसे और भी हादसोंसे इनकार नहीं किया जा सकता है। पुलिस प्रशासनको चुस्त और निगरानी तंत्रको और मजबूत करना होगा, ताकि हादसेकी पुनरावृत्ति रोका जा सके।

लोक संवाद

देशमें बढ़ती महंगी

महोदय,-देशमें थोक महंगी फिर तेजीसे बढ़ी है। सितंबरमें थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगी दर बढ़कर ११.३९ फीसदीपर पहुंच गयी। अगस्तमें यह ९.९२ फीसदी थी। सरकारी आंकड़ोंके मुताबिक, यह २०२२-२३ की नयी श्रृंखलामें अबतकका सबसे ऊंचा स्तर है। खाने-पीनेकी चीजों, ईंधन और कारखानोंमें बनने वाले सामानकी कीमतें बढ़नेसे थोक महंगीमें यह तेजी आयी है। सितंबरमें सभी वस्तुओंका थोक मूल्य सूचकांक भी अगस्तके ११०.८ से बढ़कर ११२.५ हो गया। सितंबरमें खाद्य महंगी दर बढ़कर ८.१४ फीसदीपर पहुंच गयी, जो पिछले २१ महीनेका सबसे ऊंचा स्तर है। अगस्तमें यह ५.६७ फीसदी थी। वहीं, प्राथमिक वस्तुओंकी महंगी दर अगस्तके ७.७६ फीसदीसे बढ़कर सितंबरमें ८.६७ फीसदी हो गयी। यह भी नयी श्रृंखलाका सबसे ऊंचा स्तर है। खनिजोंकी महंगी दर ८.२४ फीसदीसे बढ़कर ९.५१ फीसदी हो गयी। थोक महंगी बढ़नेकी एक बड़ी वजह कच्चे तेल और प्राकृतिक गैसकी कीमतोंमें तेजी रही। सितंबरमें ईंधन और बिजलीकी महंगी दर बढ़कर २५.८५ फीसदी हो गयी। अगस्तमें यह २२.९३ फीसदी थी। सबसे ज्यादा तेजी कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैसकी कीमतोंमें देखनेको मिली। इनकी महंगी दर अगस्तके ३४.४१ फीसदीसे बढ़कर सितंबरमें ५७.३२ फीसदी हो गयी। इसी तरह कोयले और लिग्नाइटकी महंगी दर १.५७ फीसदीसे बढ़कर ९.३१ फीसदी पहुंच गयी। खनिज तेलकी महंगी दर भी ३८.४८ फीसदीसे बढ़कर ४०.०२ फीसदी हो गयी। सितंबरमें कारखानोंमें बनने वाले सामानकी महंगी दर बढ़कर ९.७६ फीसदी हो गयी, जबकि अगस्तमें यह ८.३७ फीसदी थी। यह भी नयी श्रृंखलाका सबसे ऊंचा स्तर है। थोक महंगी सूचकांकमें इस श्रेणीकी हिस्सेदारी ६३.१ फीसदी है। इसलिए इसकी कीमतोंमें बदलावका कुल थोक महंगीपर बड़ा असर पड़ता है। कपड़े, तैयार परिधान, रसायन, धातुओं और बिजलीके उपकरणोंकी कीमतोंमें वृद्धि दर्ज की गयी। इसके अलावा कम्प्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक और ऑप्टिकल उत्पादोंकी महंगी दर बढ़कर चार फीसदी हो गयी। इससे पहले कई महीनोंतक इस श्रेणीमें कीमतोंमें गिरावट दर्ज की जा रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालयने सितंबरके लिए उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) के आंकड़े भी जारी किये हैं। यह सूचकांक बताता है कि उत्पादकोंको अपने सामानके लिए मिलने वाली कीमतोंमें कितना बदलाव हुआ है। पीपीआई बढ़कर ११२.५ हो गया। इसके साथ ही पीपीआईपर आधारित महंगी दर अगस्तके ९.८१ फीसदीसे बढ़कर ११.३९ फीसदी पहुंच गयी। सितंबरके आंकड़ोंसे साफ है कि महंगीका दबाव सिर्फ खाने-पीनेकी चीजोंतक सीमित नहीं है। ईंधन, कच्चे माल और कारखानोंमें बनने वाले सामानकी कीमतें भी तेजीसे बढ़ रही हैं। इससे कम्पनियोंकी उत्पादन लागत बढ़ सकती है। यदि कम्पनियां बढ़ी हुई लागतका बोझ ग्राहकोंपर डालती हैं तो आने वाले समयमें खुदरा कीमतोंपर भी दबाव पड़ सकता है। **-शैलजा पाठक, वाया ईमेल।**

भारतीय प्रतिभाओंपर अमेरिकी निर्भरता

ट्रम्प प्रशासनने स्थायी श्रम प्रमाणन कार्यक्रमके तहत विदेशी कामगारोंके लिए वीजापर रोक लगानेकी घोषणा कर दी। यह ऐसा कदम है, जिसका प्रभाव शीर्ष अमेरिकी प्रौद्योगिकी कम्पनियोंके साथ प्रमुख भारतीय आउटसोर्सिंग कम्पनियोंपर भी पड़ेगा। दलील है कि प्रौद्योगिकी उद्योग श्रम कार्यक्रमका दुरुपयोग करता है।

❑ दिनेश सिंह

हालमें ट्रम्प प्रशासनने स्थायी श्रम प्रमाणन कार्यक्रमके तहत विदेशी कामगारोंके लिए वीजापर रोक लगानेकी घोषणापर दलील दी है कि प्रौद्योगिकी उद्योग अमेरिकी कामगारोंको कामपर रखनेसे बचनेके लिए रोजगार-आधारित श्रम कार्यक्रमका दुरुपयोग करता है। नये प्रतिबंधोंसे बड़ी संख्यामें भारतीयों सहित सभी विदेशी प्रौद्योगिकी कामगारोंकी नियुक्तिपर प्रतिकूल प्रभाव पड़नेकी सम्भावना है, जिन्होंने ग्रीन कार्ड और अंततः नागरिकता अर्जित करनेके लिए एच१बी वीजाका उपयोग किया था। एकके बाद एक आये अमेरिकी राष्ट्रपतियोंने घरेलू राजनीतिक उद्देश्योंके लिए एच१बी वीजा कोटाको लटकाये रखा। वर्ष २००८ में राष्ट्रपति ओबामाने विदेशोंसे आउटसोर्सिंग करवाने वाली कम्पनियोंके लिए कर छूट समाप्त करनेकी घोषणा की थी। बादमें जो बाइडेनने भी ऐसा ही किया। अमेरिकी प्रौद्योगिकी कम्पनियोंने सस्ते श्रमकी उपलब्धताका लाभ उठानेपर ज्यादा ध्यान दिया। सन् १९६० के दशक में, उन्होंने सेमीकंडक्टर विनिर्माणके साथ ऐसा किया, जो उस समय भारी श्रम-साध्य कार्य था। कालांतरमें उन्होंने सॉफ्टवेयर सेवाओं और प्रोग्रामिंगके मामलेमें यही किया। फेयरचाइल्ड सेमीकंडक्टर के अध्यक्ष रॉबर्ट नॉयसने विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करनेके उद्देश्यसे १९६० के दशकमें भारत आदि देशोंका दौरा किया। भारतने इनकार किया तो वे हांगकांग चले गये। नॉयसने कुछ साल बाद इंटेलकी स्थापना की। अन्य अमेरिकी कम्पनियोंने इलेक्ट्रॉनिक्स और इंटीग्रेटेड सर्किट विनिर्माणके लिए सिंगापुर, मलयेशिया और ताइवानको चुना, जिससे ये देश अगले दो दशकोंमें प्रौद्योगिकी विनिर्माणके केन्द्र बन गये। भारतने १९७० और १९८० के दशकमें मौका संभालते हुए अमेरिकी ग्राहकोंके लिए सेमीकंडक्टर डिजाइनए सॉफ्टवेयर सेवाओं और प्रोग्रामिंगमें काम करना शुरू किया।

अमेरिकी प्रौद्योगिकी उद्योगके साथ भारतका जुड़ाव कई पड़ावोंसे गुजरा है। इसकी शुरुआत छोटे पैमानेपर 'बॉडी शॉपिंग' से हुई, जिसमें भारतीय इंजीनियर अमेरिकी ग्राहकोंके लिए अल्पकालीन अनुबंधके आधारपर काम करते थे। वे काम पूरा होनेके बाद लौट आते थे। अगले चरणमें, यह एक ऑनसाइट मॉडलके रूपमें विकसित हुआ, जिसमें भारतीय कम्पनियोंने अपने उन श्रमिकोंको भेजा, जो दीर्घकालिक परियोजनाओंपर काम करते हुए अमेरिकी कम्पनियोंके कार्यबलका हिस्सा बने। जैसे-जैसे भारतीय कम्पनियोंने अपने ग्राहकोंका विश्वास हासिल किया और संचार प्रणालीके बुनियादी ढांचेमें सुधार हुआ, इस ऑनसाइट कामका कुछ हिस्सा भारतसे ऑफशोर मॉडलके रूपमें निष्पादित होना शुरू हो गया। जल्द ही अमेरिकी कम्पनियोंको अहसास हुआ कि अमेरिकामें भारतीयोंको बुलाकर कामपर रखने और भारतीय कम्पनियोंपर निर्भर रहनेके बजाय, क्यों न वे सीधे खुद भारतीयोंको कामपर रखें और भारतमें परिचालन स्थापित करें। यह और भी किफायती था। वर्ष १९९० के दशकके अंतमें माइक्रोसॉफ्टने शुरुआत की और कई अन्य तकनीकी कम्पनियोंने इसका अनुसरण किया। फिर बैंकों, बीमाकर्ताओं, लॉजिस्टिक्स कम्पनियों, एयरलाइंस, कानूनी फर्मों, वैश्विक परामर्श और ऑडिटिंग दिग्गजों तथा अन्य कम्पनियोंने भी ऐसा ही किया। आज वे सभी अपने अधिकांश बैकरूम संचालन या व्यावसायिक प्रक्रियाओंको बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, नोएडा आदिमें स्थानांतरित कर चुके हैं।

पिछले दो दशकोंमें इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास और उत्पाद विकासकी आउटसोर्सिंगके साथ-साथ आउटसोर्सिंग व्यवसाय और अधिक विविध होता गया। बड़े निगमोंने अपने कुछ मुख्य कार्योंको संभालनेके लिए भारतमें समर्पित इकाइयां स्थापित कीं। यह बदलाव लागत-बचतसे हटकर नवाचार, अनुसंधान और आईपी (बौद्धिक संपदा) निर्माणकी ओर बढ़ रहा था। आज लगभग हर फॉर्च्यून-५०० कम्पनीका बेंगलुरु या हैदराबादमें पूर्ण स्वामित्व वाला वैश्विक क्षमता केन्द्र (जीसीसी) है। वर्ष २०२५ में ऐसे केन्द्रोंकी संख्या २१०० से अधिक थी, जिनमें २३ लाख ६० हजार लोगोंको रोजगार मिला हुआ है। इससे लगभग सौ बिलियन अमेरिकी डालरका कारोबार होता है। प्रत्येक तकनीकी परिवर्तनमें मेनफ्रेमसे लेकर मिनी और माइक्रो कम्प्यूटर, इंटरनेट और डॉटकॉम, वाई२के, मोबाइल एवं सोशल मीडिया, क्लाउड और बिग डेटातक भारतीय प्रौद्योगिकी कम्पनियोंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अब वे एजेंटिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) रोलआउट और विभिन्न क्षेत्रोंमें गहन तकनीकी तैनातीके क्षेत्रमें भी यही कर रही हैं तो प्रौद्योगिकी आउटसोर्सिंगकी प्रक्रिया अमेरिका और भारतमें गहराईसे जुड़ी है और अपरिवर्तनीय है। बड़ी तकनीकी कम्पनियोंको तेजीसे रोलआउट, वैश्विक सहायता, विस्तार और अन्य लाभोंके लिए भारतीय इंजीनियरों और तकनीकी प्रतिभाकी आवश्यकता है। वहीं, भारतीय कम्पनियोंको अपनी आय बनाये रखने, ऑपरेटिंग सिस्टम (विंडोज, ऐप्पल आईओएस, एंड्रॉइड) और विकासके लिए क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चरतक पहुंचके लिए अमेरिकी व्यवसायकी आवश्यकता है।

भारतीय कम्पनियोंने शुरुआत सेवा निर्यात और आउटसोर्सिंगसे की थी, क्योंकि प्रौद्योगिकी उत्पादों और सेवाओंके लिए कोई घरेलू बाजार नहीं था। न ही ऐसा कोई पारिस्थितिकी तंत्र था जो स्थानीय प्रौद्योगिकी और उत्पाद विकासमें मददगार हो। पिछले दो दशकोंमें बदल गया है। नवाचारके लिए बड़ा स्थानीय बाजार और सहायता प्रणालियां हैं, जैसे उद्यम पूंजीतक पहुंच। जैसे-जैसे यह आगे बढ़ेगा और भारतीय बाजार परिपक्व होगा, आउटसोर्सिंगपर निर्भरता और इससे जुड़ी अनिश्चितताएं कम होती जायेंगी।

पिछले कुछ वर्षोंमें, भारतीय इंजीनियरोंने अपने फायदे स्पष्ट रूपसे प्रदर्शित किये हैं, जैसे कि बड़ी संख्यामें उनकी उपलब्धता, जो कम्पनियोंको अपना आकार बढ़ानेमें सहायक है, अंग्रेजी भाषाका ज्ञान, विभिन्न कार्य वातावरणोंमें अनुकूलनशीलता और समस्या-समाधानका दृष्टिकोण। आउटसोर्सिंग व्यवसायके अलावा, सिलिकॉन वैलीका प्रौद्योगिकी पावरहाउस काफी हदतक भारत एवं अन्य आप्रवासियोंकी प्रतिभाओंसे चलाया जाता है। अमेरिकी विश्वविद्यालयोंसे लेकर प्रौद्योगिकी उद्योगतक, प्रतिभाका स्रोत इन्हीं छात्रोंसे भरा हुआ है। सिलिकॉन वैलीमें दर्जनों नवाचार भारतीय मूलके उद्यमियों द्वारा स्थापित या संचालित किये जा रहे हैं। बाजारका तर्क सरल है। तकनीकी व्यवसाय प्रतिभापर निर्भर होते हैं। यदि वीजा प्रतिबंध उन्हें अमेरिकामें भारतीय इंजीनियरोंको नियुक्त करनेकी अनुमति नहीं देंगे तो वे उनमेंसे अधिकको भारतमें नियुक्त करेंगे। लिहाजा भारतसे संचालित होने वाले जीसीसीकी संख्या बढ़ेगी। यदि अमेरिकाके अलावा अन्य बाजारोंमें अवसर पैदा होंगे तो भारतीय कार्यबल उसका लाभ उठायेगा। वे भारतमें रह सकते हैं और जो अमेरिकामें हैं, वे वापस लौट सकते हैं। यदि भारत में उनके लिए चुनौतीपूर्ण और आकर्षक अवसर पैदा होते हैं। सवाल है कि क्या भारतीय कम्पनियां पश्चिमी बाजारोंपर इतनी ही निर्भर बनी रहेंगी। भारतीय कम्पनियोंने शुरुआत सेवा निर्यात और आउटसोर्सिंगसे की थी, क्योंकि प्रौद्योगिकी उत्पादों और सेवाओंके लिए कोई घरेलू बाजार नहीं था। न ही ऐसा कोई पारिस्थितिकी तंत्र था, जो स्थानीय प्रौद्योगिकी और उत्पाद विकासमें मददगार हो। पिछले दो दशकोंमें यह बदल गया है। नवाचारके लिए एक बड़ा स्थानीय बाजार और सहायता प्रणालियां हैं, जैसे कि उद्यम पूंजीतक पहुंच। जैसे-जैसे यह आगे बढ़ेगा और भारतीय बाजार परिपक्व होगा, आउटसोर्सिंगपर निर्भरता और इससे जुड़ी अनिश्चितताएं कम होती जायंगी। इस प्रक्रियामें, वर्षोंसे संचित आउटसोर्सिंग, उत्पाद विकास, आईपी निर्माण और अनुसंधानका अनुभव काम आयेगा। भारत इस संक्रमण कालसे गुजर रहा है।

चिकित्सा क्षेत्रमें बाजारीकरण

भारतीय स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र पिछले चार दशकोंमें बने नैतिक संकटका सामना कर रहा है। इसकी शुरुआत अस्पताल क्षेत्रमें कारपोरेट घरानोंके प्रवेशसे हुई और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, वेंचर कैपिटल एवं निजी निवेशसे इसने रफ्तार पकड़ी।

❑ चंद्रकांत

भारतीय निजी स्वास्थ्य सेवाके विकासने ऐसी व्यवस्थाएं बनायी हैं, जिनमें डाक्टरोंसे अस्पतालों, दवा कम्पनियों और संबंधित हितधारकोंके लिए मुनाफा कमानेकी अपेक्षा की जाती है। उपचार निर्णय, जो कि रोगीकी जरूरतसे निर्धारित होना चाहिए, उसपर व्यावसायिक प्रोत्साहनों और चिकित्साकरणका प्रभाव हावी हो गया है। इस परिवर्तनने डाक्टर-रोगी संबंधको बदल डाला। चिकित्सक अब मात्र स्वतंत्र पेशेवर नहीं रह गया जो रोगीके प्रति जवाबदेह हो। कई डाक्टर नैतिक बने हुए हैं और कई कारपोरेट अस्पताल भी उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहे हैं, तथापि प्रोत्साहन रूपी लालच पेशेवर आजादी कायम रखना मुश्किल कर देता है। मसलन कारपोरेट अस्पतालोंमें डाक्टरोंको वेतन तो मिलता है, लेकिन मालिकोंकी अपेक्षा होती है कि वे अधिकाधिक कमाई कर दिखायें, रोगी संख्या बढ़ायें, जांच, भर्ती और इलाज प्रक्रियाओंमें अधिक मुनाफा बनवायें। भारतमें स्वास्थ्य सेवाके कारपोरेटीकरणपर एक शोधमें उपार्जन लक्ष्य, डाक्टरी सलाहको अस्पताल भर्तीमें परिवर्तित करने या एक-दो दिन वाले इलाजको लम्बा खींचनेको दबाव बनाने और घटती स्वायत्तताको दर्ज किया है। ऐसे रंग-ढंगने अच्छे डाक्टरकी परिभाषा बदल दी है। जो चिकित्सक मरीजोंको नेक डाक्टरी सलाह देते हैं, बीमारीपर सावधानीभरा इंतजार करनेकी सलाह देते हैं या किसी महंगी प्रक्रियासे बचनेकी सलाह देते हैं, वे अधिक टेस्ट और उपचार करवाने वाले डाक्टरकी तुलनामें कम पैसा कमाते हैं। एक बार जब व्यावसायिक उत्पादकता कार्य क्षमताका पैमाना बन जाय तो नेक इरादे वाले डाक्टर भी मरीजोंके हितोंके विपरीत प्रोत्साहनोंके लालचमें फंस सकते हैं। कई चिकित्सकोंका इलाजके दाम तय करने, बिल बनाने या व्यावसायिक रणनीतिपर दखल नगण्य होता है, इसलिए विशेषज्ञता तो है लेकिन घटती स्वायत्तताके साथ।

दवा उत्पादन उद्योगमें भी इसी किस्मकी चिन्ताएं उपजी हैं। कम्पनियां उत्तरोतर ऐसी रणनीतियों अपना रही हैं जिनसे बाजारीकरण और नेक चिकित्सा शिक्षाके बीच भेद करना मुश्किल हो रहा है। सम्मेलन, सलाहकार बोर्ड, वक्ता कार्यक्रम और आतिथ्य सत्कार जैसे तरीकोंने इस लकीरको धुंधला कर रखा है। दवा उत्पादकोंके लिए बिक्री संबंधी संहितामें उपहार, यात्रा और आतिथ्य सत्कार जैसी सुविधाओंसे डाक्टरोंको प्रभावित करने संबंधी निर्देश हैं, फिर भी यह गोरखधंधा सूक्ष्म तरीकोंसे काम करता है। अस्पतालकी निजी दवा विक्रेता दुकानें इस इकोसिस्टमका उदाहरण हैं। कई अस्पताल चुनिंदा ब्रांडोंसे भरी आंतरिक फार्मेसियां संचालित करते हैं, डाक्टरोंको वहां रखी दवाएं ही लिखनेको कहा जाता है। इससे मरीजका क्रय चयन सीमित हो जाता है और हॉस्पिटलकी कमाई बढ़ जाती है। पिछले १८ महीनोंमें मोटापा कम करने वाली दवाओंकी बढ़ती मांग इस तनावको दिखाती है। जीएलपी-१ रिसेप्टर एगोनिस्ट और उनसे जुड़ी दवाओंका फायदा सहीमें चुने गये मरीजको हो सकता है। फिर भी, सम्मेलनों और मेडिकल प्रचार शिविरोंके जरिये की जाती इनकी आक्रामक मार्केटिंगपर सोचना जरूरी है। एक मेडिकल विशेषज्ञ ब्रांड एंबेसडर बननेकी बजाय सुबूतोंको समझने और व्याख्या करने वाला हो। उनकी भूमिका केवल यह बताना नहीं है कि दवा क्या कर सकती है, बल्कि यह बताना भी है कि किसे इसकी जरूरत नहीं है, क्या अनिश्चितताएं हैं, क्या-क्या बुरे असर और लागत है, कितने समयतक वास्तवमें इलाजकी जरूरत है और दवाके बिना कौनसे उपचार ढंगका महत्व कायम है। कारपोरेट स्वास्थ्य क्षेत्रमें दवाएं तेजीसे मुख्य भूमिकामें आ रही हैं। ये चिन्ताएं लम्बे समयसे चली आ रही हैं। २०१८ में समीरन नंदी, केशव देशिराजु और संजय नागरालने स्वास्थ्य सेवा रक्षक या भक्षक। भारतमें स्वास्थ्य सेवाओंमें भ्रष्टाचार नामक पुस्तक संपादितकी थी। इसमें हितोंका टकराव, कारपोरेट अस्पतालोंके तौर-तरीके, दवा उत्पादक कम्पनियोंका प्रभाव, मेडिकल नियमन और व्यावसायिक नैतिकताकी जांच की गयी थी। आज भी इसकी प्रासंगिकता चिन्ताजनक है। चिकित्सा जगतने बार-बार इस समस्याकी शिनाख्त तो की, लेकिन सुधार सीमित ही रहा।

कमजोर नियमन मुख्य समस्या है। भारतमें डाक्टरोंके लिए नैतिकता संहिता और दवा उत्पादनकी मार्केटिंगका नियंत्रण करने वाले नियम हैं। रेफरल कमीशन, गलत प्रोत्साहन और व्यापारिक प्रभावोंके नाना तरीकोंपर रोक है। फिर भी, क्रियान्वयन एक समान नहीं और अक्सर काररवाई शिकायतों या घोटालोंके बाद होती है, न कि व्यवस्थित निगरानीके जरिये। जब क्रियान्वन ही अनिश्चित हो तो नैतिक संहिताका कोई खास मतलब नहीं। फिर भी, भारतमें हम दिखावेपर ज्यादा ध्यान देते हैं। २०२२ में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोगने मेडिकल पढ़ाई शुरू करने वाले छात्रोंके लिए नयी चरक शपथकी सिफारिश की। मकसद इसे नये चिकित्सकोंको ऐतिहासिक रूपसे दिलायी जाने वाली हिप्पोक्रेटिक शपथकी जगह लेना था। हालांकि दोनों सेवा एवं मरीजकी भलाईको चिकित्सा पेशेके केन्द्रमें रखती हैं। परन्तु शपथ तब दिखावा बनकर रह जाती है जब युवा डाक्टर ऐसी जगह ट्रेनिंग लेते हों जहां व्यापारिक ध्येय, हितोंका टकराव और गैर-जरूरी दखलका सामान्यीकरण हो चुका है। शपथसे ज्यादा अहम है कि क्या संस्थान चिकित्सकको सिद्धांतोंके अनुसार इलाज करने देते हैं। अन्य घटनाओंने भी इन दबावोंको बढ़ाया। देशमें विशेषज्ञता वाली चिकित्सा शिक्षा तेजीसे बढ़नेके मद्देनजर भारत खुदको मेडिकल टूरिज्मके मुकामके तौरपर रख रहा है। दोनोंके फायदे हैं, लेकिन इनसे अस्पताल नेटवर्ककी आर्थिक ताकत ज्यादा मजबूत हो सकती है। विशेषज्ञता वाले डाक्टर आधारभूत ढांचा, रोग पहचान तंत्र, मरीज प्रवाह और अपनी व्यावसायिक पहचानके लिए संस्थानोंपर निर्भर हो रहे हैं, जिससे क्लिनिक आधारित इलाजसे कमाईकी ताकत घट रही है।

मकसद पुराने दौरको बढ़िया बताकर पेश करना नहीं। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रमें सदा ही धन, पदानुक्रम और हितोंका टकराव बना रहा है। न ही कारपोरेट अस्पताल और न ही दवा उत्पादक कम्पनियां अपने आपमें अनैतिक होती हैं। चिन्ता यह है कि स्वास्थ्य सेवाका मतलब अब ज्यादातर दवाएं, टेस्ट, सप्लीमेंट्स, प्रोसीजर और ज्यादा खर्च बन गया है। डाक्टर ऐसी चीजें सही ठहराने लगे हैं जिनकी बहुत ज्यादा जरूरत नहीं और मरीजोंको ऐसे इलाज भुगतने पड़ते हैं। अनिवार्य प्रश्न है कि क्या व्यापारिक लाभ चिकित्सकीय निर्णयोंके अधीन बने रहें या उनपर हावी होते जायं। चिकित्साका वजूद सर्वप्रथम मरीजके हितमें हो। पेशेवर आजादी, सही इलाज और जनताके भरोसेके लिए इस सिद्धांतको बनाये रखना जरूरी है। जब मरीजोंको शक हो जाय कि परीक्षणों, दवाकी पर्ची, इलाज प्रक्रियामें किसी औरके पास भेजने या उपचार क्रियाके पीछे छिपे आर्थिक मकसद हैं तो डाक्टरोंकी नैतिक साख कमजोर होती है और स्वास्थ्य देखभाल व्यापार बन जाता है। भारतीय चिकित्साके सामने संकट सिर्फ इलाजपर खर्चकी मात्राका नहीं, बल्कि इसका है कि चिकित्साका स्वरूप क्यासे क्या बनता जा रहा। भारतको एक ऐसे आधुनिक स्वास्थ्य तंत्रकी जरूरत है जिसमें पूंजी इलाज करनेमें लगे, तकनीक उपचारमें फैसले लेनेमें सहायक हो और संस्थान पेशेवर नैतिकतासे समझौता करनेके बजाय उसकी रक्षा करें। शपथका महत्व तभी होता है जब व्यवस्था उसे निभानेका मौका दे।

आत्मबोध

संस्कार

❑ अनुज आचार्य

संस्कार, संस्कृति और सभ्यता जीवनके तीन महत्वपूर्ण आधार हैं। संस्कार व्यक्तिको भीतरसे गढ़ते हैं, संस्कृति चेतनाको समाजतक पहुंचाती है और सभ्यता सामूहिक जीवनका बाहरी स्वरूप निर्मित करती है। संस्कारका मूल भाव है-मन, वचन और कर्मका परिष्कार। जब बालक अपने माता-पिता और गुरुजनोंका सम्मान करना सीखता है, सत्य बोलनेका प्रयास करता है, जरूरतमंदकी सहायता करता है, प्रकृतिके प्रति संवेदना रखता है और अपने कर्तव्यको ईमानदारीसे निभाता है, तब उसके भीतर संस्कारोंका निर्माण होता है। संस्कारकी सबसे बड़ी परीक्षा उस समय होती है जब व्यक्तिको देखने वाला कोई नहीं होता, फिर भी वह गलत रास्तेपर जानेसे स्वयंको रोक लेता है। यही भीतरकी जागरूकता संस्कारको केवल शिक्षासे अलग करके जीवन-मूल्य बनाती है। संस्कार जब व्यक्तिकी सीमाओंसे निकलकर परिवार, समाज और पीढ़ियोंके जीवनमें प्रवाहित होते हैं, तब संस्कृतिका निर्माण होता है। हमारी भाषा, साहित्य, लोकगीत, संगीत, कला, पर्व-उत्सव, पारिवारिक परम्पराएं, प्रकृतिके प्रति दृष्टिकोण, अतिथि-सत्कार, सह-अस्तित्व और आध्यात्मिक चिंतन- ये सभी संस्कृतिके व्यापक स्वरूपको व्यक्त करते हैं। इसलिए संस्कृति किसी समाजकी केवल पहचान नहीं, उसकी सामूहिक चेतना भी है। भारतीय संस्कृतिकी विशेषता रही है कि उसने जीवनको भौतिक उपलब्धियोंके साथ नैतिक और आध्यात्मिक मूल्योंसे जोड़कर देखा। वसुधैव कुटुम्बकम, सर्वे भवन्तु सुखिनः और प्रकृतिके प्रति सम्मान जैसे विचार मनुष्यको केवल अपने हिततक सीमित नहीं रखते, बल्कि उसे व्यापक जीवन-जगतसे जोड़ते हैं। यही कारण है कि भारतीय संस्कृतिमें धर्मका अर्थ केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि कर्तव्य, सदाचार और लोकमंगलकी भावनासे भी जुड़ा रहा है। सभ्यताका संबंध मुख्यतः मनुष्यकी बाहरी और संस्थागत प्रगतिसे है। विज्ञान, तकनीक, परिवहन, संचार, भवन, सड़कें प्रशासन और आधुनिक संस्थाएं सभ्यताकी उपलब्धियोंको दर्शाती हैं। सभ्यता जीवनको सुविधाजनक बनाती है, लेकिन संस्कृति यह निर्धारित करती है कि उन सुविधाओंका उपयोग किस मानवीय उद्देश्यके लिए किया जाय। अत्याधुनिक साधन मनुष्यके हाथोंमें हों, लेकिन संवेदना और विवेकका अभाव हो तो विकास अधूरा रह जाता है। इसके विपरीत संस्कार और संस्कृतिसे जुड़ी आधुनिकता मानव कल्याणका प्रभावी माध्यम बन सकती है। संस्कार बीज हैं, संस्कृति उसका विकसित वृक्ष और सभ्यता उस वृक्षकी बाहरी छाया। बीज स्वस्थ होगा तो वृक्ष मजबूत होगा और वृक्ष मजबूत होगा तो उसके फल आने वाली पीढ़ियोंको मिलेंगे। इसलिए संस्कृतिकी रक्षा केवल बड़े आयोजनों और नारोंसे नहीं, बल्कि घर-परिवारके छोटे-छोटे आचरणोंसे होगी।

रुपयेमें गिरावट रोकनेके लिए कड़े कदम

❑ आर.पी. सिंह

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गत सप्ताह रुपयेको सहारा देनेके लिए कई उपायोंकी घोषणा की। इसके परिणामस्वरूप डालरके मुकाबले रुपयेमें तेजी आयी। आरबीआई द्वारा घोषित उपायोंमें रुपयेसे जुड़े विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव अनुबंधोंके रद होनेके बाद उनकी दोबारा बुकिंगपर रोक लगाना शामिल है। यह रोक डिलिवरी वाले और बिना डिलिवरी दोनों तरहके अनुबंधोंपर लागू होगी। इसके अलावा जिन डीलरोंका आर्थिक हित डेरिवेटिवसे नहीं जुड़ा है, उनके लिए उसके जरिये विदेशी मुद्रा लेन-देन करनेकी सीमा दस करोड़ डालरसे घटाकर ५० लाख डालर कर दी गयी है। साथ ही अधिकृत डीलरोंको २० लाख डालरसे अधिकके सांकेतिक मूल्य वाले रुपयेसे जुड़े प्रत्येक विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव अनुबंधके लिए उसके रुपये मूल्यके २० फीसदीके बराबर राशि आरबीआईके पास नकदके रूपमें रखनी होगी। साथ ही आरबीआईने सार्वजनिक क्षेत्रकी तीन तेल विपणन कम्पनियोंकी विदेशी मुद्रा संबंधी जरूरतोंको पूरा करनेके लिए एक विशेष विंडो खोलनेका फैसला किया है।

उम्मीद है कि डेरिवेटिव कारोबारपर अंकुश लगाने या उसकी लागत बढ़ानेसे सट्टेबाजी कम होगी और रुपयेपर कुछ दबाव घटेगा। हालांकि ये उपाय अधिकसे अधिक अस्थायी समाधान हैं और मूल समस्याका समाधान नहीं करेंगे। वास्तवमें इनसे विदेशी मुद्रा जोखिमसे बचावके लिए हेजिंग करने वाले वास्तविक कारोबारोंको नुकसान पहुंच सकता है। खबरोंके मुताबिक बैंकोंने इस संबंधमें अपनी आपत्तियां भी दर्ज करायी हैं। इसके अलावा तेल विपणन कम्पनियोंकी मांगको हटानेसे विदेशी मुद्रा बाजारपर दबाव कम हो सकता है लेकिन इससे किसी भी तरह उनकी विदेशी मुद्राकी वास्तविक जरूरत कम नहीं होगी। इसलिए मुद्रा बाजारको मिलने वाली राहतके अल्पकालिक ही रहनेकी सम्भावना है।

वास्तवमें रिजर्व बैंक रुपयेको सहारा देनेके लिए मुद्रा बाजारमें बड़े पैमानेपर हस्तक्षेप कर रहा है। रियायती स्वैप व्यवस्थाओंसे, जिनमें विदेशी मुद्रा अनिवासी (बैंक), यानी एफसीएनआर (बी) जमाओंसे जुड़ी व्यवस्थाएं भी शामिल हैं, विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ानेमें मदद मिली। ४ सितंबरको समाप्त सप्ताहमें यह रिकॉर्ड ७८५.७ अरब डालरके स्तरपर पहुंच गया। यद्यपि इसके बाद इसमें ५१ अरब डालरसे अधिककी गिरावट आ चुकी है। केन्द्रीय बैंककी घोषित नीति है कि वह रुपयेके किसी निश्चित स्तरको लक्ष्य नहीं बनाता और केवल अत्यधिक उतार-चढ़ावको नियंत्रित करनेके लिए हस्तक्षेप करता है। लेकिन ऐसा लगता है कि वह अन्य उद्देश्योंपर भी नजर रख रहा है।

यह रेखांकित करना जरूरी है कि भुगतान संतुलनपर पड़ने वाले दबावसे निबटना केवल केन्द्रीय बैंककी जिम्मेदारी नहीं है। भारतको चालू खाते और पूंजी खाते दोनोंपर दबावका सामना करना पड़ रहा है और यह दबाव ईरान युद्धसे पहले से ही मौजूद है।

पिछले दो वर्षोंमें भारतको भुगतान संतुलनमें घाटेका सामना करना पड़ा, जिसका एक कारण पूंजीका बाहर जाना था। इस वर्ष एफसीएनआर (बी) के तहत मजबूत पूंजी प्रवाहके कारण भुगतान संतुलनमें अधिशेष रहनेकी संभावना है। हालांकि एफसीएनआर (बी) से होने वाला पूंजी प्रवाह भी केवल अल्पकालिक राहत देगा। आरबीआईकी हालिया काररवाईसे संकेत मिलता है कि इससे भी उतनी मदद नहीं मिल रही है जितनी कई लोगोंने उम्मीद की थी। उपाय यही है कि रुपयेको कमजोर होने दिया जाय। हालांकि इससे स्थितिमें बुनियादी सुधार तभी होगा जब भारतीय निर्यातक कमजोर मुद्राका लाभ उठानेमें सक्षम हों। इसके लिए सरकारको शुल्कसे जुड़े सुधारों सहित जरूरी सुधार लागू करने होंगे। इसके अलावा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित करनेके लिए अनुकूल परिस्थितियां भी तैयार करनी होंगी। खबरोंके अनुसार सरकार द्विपक्षीय निवेश संधिके ढांचेकी समीक्षा कर रही है लेकिन इस संबंधमें बहुत कम जानकारी उपलब्ध है। मौजूदा स्थिति व्यापार और निवेश संबंधी सुधारोंको लागू करनेका एक अच्छा अवसर है। ये सुधार बाहरी क्षेत्रमें स्थिरता प्रदान करनेके साथ-साथ मध्यमसे दीर्घावधिमें उच्च आर्थिक वृद्धिको सहारा दे सकते हैं।

छत्तीसगढ़ समाचार............

रायपुर : आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रही सीएम हेल्पलाइन 1076 : मुख्यमंत्री

रायपुर (आ.स.से.)। आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध, संवेदनशील और प्रभावी समाधान सुशासन की पहली कसौटी है। इसी उद्देश्य से शुरू की गई सीएम हेल्पलाइन 1076 कम समय में ही प्रदेशवासियों के लिए भरोसे का महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभरी है। राशन, पेंशन, बिजली, आवास, पेयजल और अन्य नागरिक सेवाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए अब लोगों को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। नागरिक घर बैठे 1076 पर अपनी शिकायत दर्ज करा रहे हैं और उनके निराकरण की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।मुख्यमंत्री श्री साय ने आज नवा रायपुर स्थित सीबीडी बिल्डिंग में संचालित सीएम हेल्पलाइन 1076 के कार्यालय पहुंचकर इसके कामकाज की उच्चस्तरीय समीक्षा के दौरान यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों, उनके निराकरण, शिकायतकर्ताओं से लिए जा रहे फीडबैक तथा विभागवार और जिलेवार प्रदर्शन की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला कलेक्टरों से जिलों में शिकायतों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान विभिन्न जिलों के शिकायतकर्ताओं से स्वयं बातचीत कर जाना कि सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराने के बाद उनकी समस्या का समाधान हुआ या नहीं। नागरिकों ने मुख्यमंत्री से सीधे संवाद में अपने अनुभव साझा किए और शिकायतों के निराकरण पर संतुष्टि व्यक्त की।

समीक्षा बैठक में बताया गया कि 9 जून से 15 अक्टूबर 2026 तक सीएम हेल्पलाइन 1076 पर कुल 2 लाख 31 हजार 850 शिकायतें दर्ज की गई हैं। इनमें से 2 लाख 5 हजार 996 शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है। शेष 25 हजार 854 शिकायतों पर कार्रवाई की जा रही है। इस प्रकार अब तक प्राप्त कुल शिकायतों में से 88.85 प्रतिशत का निराकरण किया जा चुका है। हेल्पलाइन पर प्रतिदिन औसतन 1500 से 2000 शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने हेल्पलाइन के शुरुआती परिणामों को उत्साहजनक बताते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में शिकायतों का निराकरण अधिकारियों और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। पिछली समीक्षा में दिए गए निर्देशों पर भी अच्छा कार्य हुआ है। इस व्यवस्था को निरंतर बेहतर बनाते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि शिकायतों का निराकरण केवल आंकड़ों तक सीमित न रहे, बल्कि नागरिक को वास्तविक रूप से राहत मिले और वह समाधान से संतुष्ट हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सबसे महत्वपूर्ण है। शिकायत बंद करने से पहले यह सुनिश्चित किया जाए कि संबंधित नागरिक की समस्या वास्तव में दूर हुई है। नागरिकों से मिलने वाला फीडबैक ही इस व्यवस्था की वास्तविक सफलता का आधार होना चाहिए।मुख्यमंत्री श्री साय ने समीक्षा के दौरान गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र के शिकायतकर्ता श्री दमन साहू से सीधे बातचीत की। श्री साहू ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके गांव का ट्रांसफॉर्मर खराब होने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। इससे गांव के लगभग 80 से 85 परिवार प्रभावित थे। स्थानीय स्तर पर समस्या का समाधान नहीं होने पर उन्होंने सीएम हेल्पलाइन 1076 पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होने के लगभग एक सप्ताह के भीतर नया ट्रांसफॉर्मर लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। श्री साहू ने मुख्यमंत्री को बताया कि अब गांव में बिजली व्यवस्था सामान्य है और ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने त्वरित समाधान के लिए मुख्यमंत्री और शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने संबंधित अधिकारियों की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं सीधे आम नागरिक के दैनिक जीवन को प्रभावित करती हैं। ऐसी शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक शिकायत का संवेदनशीलता से समाधान कई परिवारों के जीवन में राहत ला सकता है। जशपुर जिले के बगीचा विकासखंड निवासी श्री वीरेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री से संवाद के दौरान बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उनके आवास निर्माण की दूसरी किस्त मिलने में विलंब हो रहा था। राशि नहीं मिलने से आवास निर्माण का काम भी प्रभावित हो रहा था।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का बस्तर आगमन गौरव का अवसर, मुरिया दरबार में होंगी शामिल - मुख्यमंत्री

रायपुर (आ.स.से.)। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज पत्रकारों के प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित छत्तीसगढ़ प्रवास के संबंध में हमने राष्ट्रपति महोदया को बस्तर आने का आमंत्रण दिया था। पूर्व में बस्तर के मांझी-चालकी प्रतिनिधियों से भेंट के दौरान भी उनसे बस्तर आने का आग्रह किया गया था, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया था। उनका 22 एवं 23 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ प्रवास प्रस्तावित है। 23 अक्टूबर को वे जगदलपुर जाएंगी और वहां मुरिया दरबार में शामिल होंगी। राष्ट्रपति महोदया का बस्तर आगमन हम सभी के लिए प्रसन्नता और गौरव का अवसर है। मुख्यमंत्री श्री साय ने नक्सली हिंसा से प्रभावित एवं अन्य दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दंतेवाड़ा में आयोजित शिविर को संबोधित किया है। सरकार का प्रयास है कि नक्सली हिंसा से प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता मिले और वे सम्मान एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। प्रदेश में पहली बार आयोजित होने जा रहे अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट मैच के संबंध में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए प्रसन्नता का विषय है। भारत और जिम्बाब्वे की महिला क्रिकेट टीमों के बीच होने वाले इस मैच में महिला दर्शकों के लिए प्रवेश निःशुल्क रखा गया है। इससे प्रदेश की माताओं-बहनों और बेटियों को अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के साथ उनसे प्रेरणा लेने का अवसर मिलेगा।

प्रदेश के ७० हजार शिक्षकों की पदोन्नति का रास्ता साफ

सात नवंबर तक प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश

लखनऊ (आससे)। उत्तर प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की करीब दस साल बाद पदोन्नति प्रक्रिया शुरू हुई है। बेसिक शिक्षा परिषद ने सात नवंबर तक प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। इससे लगभग 70 हजार शिक्षकों को लाभ मिलने की संभावना है। पदोन्नति के लिए अनुभव, वरिष्ठता सूची और शिक्षक पात्रता परीक्षा की शर्तें निर्धारित की गई हैं। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की लगभग दस साल पदोन्नति करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बेसिक शिक्षा परिषद ने इसके लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करते हुए शिक्षकों की अंतिम वरिष्ठता सूची जारी करते हुए रिक्तियों के सापेक्ष सात नवंबर तक पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। इसका लाभ प्रदेश के लगभग 70 हजार शिक्षकों को मिलने की संभावना है। बेसिक में लंबे समय से पदोन्नति की प्रक्रिया लंबित है। काफी समय से टीईटी को लेकर भी मामला न्यायालय में चला है। इसी क्रम में बेसिक शिक्षा परिषद ने सभी बीएसए को शिक्षकों की अंतिम वरिष्ठता सूची तैयार करने के लिए विस्तृत निर्देश व प्रक्रिया जारी करते हुए इसे 23 अक्तूबर तक परिषद को मेल पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। परिषद सचिव सुरेंद्र तिवारी ने कहा है कि न्यायालय के निर्णय के अनुपालन में नए जिला आवंटन के फलस्वरूप कार्यभार ग्रहण करने वाले अभ्यर्थियों की वरिष्ठता का निर्धारण उनकी पहली नियुक्ति तिथि से करने के निर्देश हैं। जूनियर बेसिक स्कूल के प्रधानाध्यापक व सीनियर बेसिक स्कूल के सहायक अध्यापक के लिए जूनियर स्कूल की स्थायी सहायक अध्यापक के लिए न्यूनतम पांच साल का अनुभव होना चाहिए। इसी तरह सीनियर बेसिक स्कूल के प्रधानाध्यापक के लिए जूनियर बेसिक स्कूल के प्रधानाध्यापक व सीनियर बेसिक स्कूल के सहायक अध्यापक पद पर न्यूनतम तीन साल का अनुभव चाहिए। वरिष्ठता सूची व पदोन्नति के लिए जिला स्तर पर डायट प्राचार्य की अध्यक्षता वाली समिति होगी। इसमें बीएसए, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के वरिष्ठ प्रधानाचार्य, डीएम द्वारा नामित भाषा विशेषज्ञ शामिल होंगे। समिति वरिष्ठता सूची तैयार करते हुए आवश्यक प्रक्रिया पूरी करेगी। सचिव ने कहा है कि पात्रता सूची में शिक्षकों के सामने टीईटी उत्तीर्ण होने का पूरा विवरण दिया जाएगा। उन्होंने केवल प्राथमिक स्तर की टीईटी की है, केवल उच्च प्राथमिक स्तर की टीईटी की है, प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्तर की टीईटी पास हैं या नहीं हैं, का उल्लेख किया जाएगा। जो शिक्षक प्राथमिक स्तर की टीईटी पास हैं वे प्राथमिक विद्यालयों में और जिनके द्वारा केवल उच्च प्राथमिक स्तर की टीईटी की गई है, वे केवल उच्च प्राथमिक विद्यालयों में, जिन्होंने दोनों की है, वे दोनों में तैनाती के लिए अर्ह होंगे।

सीने में संक्रमण के बाद लालकृष्ण आडवाणी अपोलो अस्पताल में भर्ती

नयी दिल्ली (आससे)। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को शुक्रवार देर शाम दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया।



98 वर्षीय आडवाणी को सीने में संक्रमण की शिकायत के बाद अस्पताल लाया गया। अस्पताल से जुड़े मिली जानकारी के अनुसार, उनकी हालत फिलहाल स्थिर है और डॉक्टरों की टीम उनकी निगरानी कर रही है। लाल कृष्ण आडवाणी को शाम करीब ७.३० बजे अस्पताल लाया गया और पल्मोनरी विभाग में भर्ती किया गया। यहां फेफड़ों और सांस संबंधी समस्याओं का उपचार किया जा रहा है। उनका इलाज जारी है। इससे पहले भी उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं के कारण उन्हें इसी साल मई में अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कुछ दिन उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई थी।

मुंबई में १५.८७ करोड़ की ड्रग्स जब्त, फरार २१ आरोपी भी गिरफ्तार

मुंबई (आससे)। मुंबई पुलिस ने दो दिन के विशेष अभियान में 15.87 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ जब्त किए और 21 फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस दौरान 72 मामले दर्ज हुए और 40 लोगों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट तामील किए गए। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मकोका के तहत कार्रवाई की। मुंबई पुलिस ने नशे के सौदागरों की नींद उड़ा दी है! शहर में ड्रग्स का कारोबार करने वालों के खिलाफ पुलिस ने ऐसा जबरदस्त डंडा चलाया है कि अपराधियों में हड़कंप मच गया है। हाल ही में 14 और 15 अक्तूबर को मुंबई पुलिस ने दो दिन का एक विशेष अभियान चलाया। इस ताबड़तोड़ कार्रवाई में पुलिस ने कुल 15 करोड़ 87 लाख रुपये की खतरनाक ड्रग्स जब्त की है। पुलिस ने शहर के अलग-अलग कोनों से करीब 46 किलो ड्रग्स बरामद की। इसमें गांजा, एमडी ड्रग, ब्राउन शुगर, चरस, कोकीन और एलएसडी जैसी चीजें शामिल हैं। इसके अलावा कफ सिरप की 9,540 बोतलें और 9 लाख रुपये से ज्यादा का कैश भी हाथ लगा है।पुलिस सिर्फ नया माल ही नहीं पकड़ रही थी, बल्कि पुराने मामलों में फरार चल रहे 21 बदमाशों को भी दबोच लिया। वहीं, कोर्ट के आदेश पर 40 लोगों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट भी निकाले गए। सबसे बड़ी बात यह रही कि पुलिस ने एक शातिर ड्रग्स गैंग का पर्दाफाश किया, जिसके पांच सदस्यों पर मकोका जैसा सबसे सख्त कानून लगाया गया है, ताकि ये आसानी से जेल से बाहर न आ सकें। नशे के इस काले कारोबार पर चोट करने के लिए पुलिस ने बुलडोजर का भी इस्तेमाल किया। ड्रग्स बेचने वालों के 20 अवैध मकानों और ढांचों को ढहा दिया गया। साथ ही, नशे के अड्डे बनीं 145 पान की दुकानों को भी हटा दिया गया।

राष्ट्र नतमस्तक है आपके सम्मान में...

12.09.1883-17.10.1939

भारतीय आजादी की लड़ाई के विषम दौर में भी भारतभूमि ने महाराणा प्रताप की वीर मरु माटी में एक ही परिवार में ऐसे तीन वीरों को जन्म दिया, जिनके मातृभूमि के प्रति त्याग एवं समर्पण ने उन्हें महानता के उस स्तर तक पहुँचा दिया कि आज हम उनके योगदान की गाथा सुनानें में स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। क्रांतिकारी केसरी सिंह बारहठ अनुज जोरावर सिंह बारहठ एवं पुत्र प्रताप सिंह बारहठ जी राजस्थान की भूमि पर जन्मे महान क्रांतिकारी थे, जिन्होंने उत्तर भारत में भारतीय स्वतंत्र संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। **'मातृभूमि सेवा संस्था'** तथा हिन्दी दैनिक समाचार पत्र **'आज'** महान **क्रांतिकारी 'जोरावर सिंह बारहठ जी'** की 87वीं पुण्यतिथि पर इनके जीवन परिचय को आप तक पहुँचाने का प्रयास करती है। जोरावर सिंह बारहठ जी भारत के एक महान क्रांतिकारी थे, जिनके भाई केसरी सिंह बारहठ और उनके पुत्र प्रताप सिंह बारहठ जी ने देश की आजादी की क्रांति मशाल को थाम भारतमाता को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त करने का प्रण लिया। जिन्होंने महलों का वैभव त्यागकर स्वाधीनता के लिए सशस्त्र आंदोलन को चुना। जोरावर सिंह जी का जन्म 12.09.1883 को राजस्थान की वीर धरा उदयपुर में हुआ। इनका पैतृक गाँव भीलवाड़ा की शाहपुरा तहसील का देवखेड़ा है। उनके पिता कृष्ण सिंह बारहठ इतिहासकार एवं साहित्यकार थे। उनके बड़े भाई केसरी सिंह बारहठ देशभक्त, क्रांतिकारी विचारक थे, साथ ही इतिहासकार किशोर सिंह भी उनके भाई थे। जोरावर सिंह की प्रारंभिक शिक्षा उदयपुर में सम्पन्न हुई तदुपरांत उच्च शिक्षा के लिए वह जोधपुर चले गए। उनका विवाह कोटा रियासत के ठिकाने अतरालिया के चारण ठाकुर तख्तसिंह की बेटी अनोप कंवर से हुआ, किन्तु क्रांति पथ के मतवाले का मन तो मातृभूमि को पीड़ामुक्त करवाने के लिए लालायित था अतः विवाहोपरांत भी उन्होंने स्वाधीनता आंदोलन में अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वाह नहीं छोड़ा। जोधपुर में ही उनका सम्पर्क प्रसिद्ध क्रांतिकारी भाई बालमुकुन्द जी से हुआ जो राजकुमारों के शिक्षक थे, जिन्हें दिल्ली षड्यन्त्र के अभियोग में फाँसी हुई थी। देश की स्वतंत्रता के लिए धन जुटाने के उद्देश्य से की गई आरा (बिहार) के निमाज के महन्त की हत्या और लूट में जोरावर सिंह जी भी सम्मिलित थे। रासबिहारी बोस जी की लार्ड हार्डिंग् बम कांड की योजना को मूर्तरूप में जोरावर सिंह और प्रताप सिंह भी शामिल थे। 23.12.1912 को वायसराय लार्ड हार्डिंग का जुलूस दिल्ली के चाँदनी चौक से गुजर रहा था। भारी सुरक्षा के बीच वायसराय हाथी पर सवार था। चाँदनी चौक स्थित पंजाब नेशनल बैंक भवन की छत पर भीड़ में जोरावर सिंह और प्रताप सिंह व बसंत कु. विश्वास मौजूद थे। जैसे ही जुलूस सामने से गुजरा, क्रांतिकारियों ने हार्डिंग् पर बम फेंका, लेकिन पास खड़ी महिला के हाथ से टकरा जाने से निशाना चूक गया और हार्डिंग् बच गया। छत्ररक्षक महावीर सिंह मारा गया। आजादी के आंदोलन की इस महत्वपूर्ण घटना ने ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला कर रख दी। जोरावर सिंह, प्रताप सिंह वहाँ से सुरक्षित निकल कर कोटा-बूँदी के बीहड़ जंगलो की तरफ आ गए। इसके बाद जोरावर सिंह मध्य प्रदेश मंदसौर के करडिया एकलगढ़ में साधु अमरदास बैरागी के नाम से रहे। जोरावर सिंह को वर्ष 1903 से 1939 तक 36 वर्ष की अवधि में अंग्रेज सरकार गिरफ्तार नहीं कर सकी, किन्तु इतनें लंबे समय तक स्थान स्थान भटकते कभी भूख कभी प्यास जंगल जंगल बीहड़ बीहड़ अन्ततः इस वीर ने 17.10.1939 को संघर्षशील रहते हुए अंतिम साँस ली। आज भी मध्यप्रदेश के मंदसौर के एकल-गढ़ में उनका एक जीर्ण-शीर्ण स्मारक है। - **'राकेश कुमार'**

मातृभूमि सेवा संस्था

9891960477-क्रांतिकारियों के जीवन पर निर्मित कैलेंडर प्राप्त करने हेतु संपर्क सूत्र।

महानवमी पर 19 अक्तूबर को भी रहेगा सार्वजनिक अवकाश

लखनऊ (आससे)। आस्था और परंपराओं के सम्मान को प्राथमिकता देने वाली मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार ने दुर्गा पूजा और शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर अवकाश देने का फैसला लिया है। उत्तर प्रदेश शासन ने महानवमी के पावन अवसर पर 19 अक्टूबर 2026 (सोमवार) को पूरे प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है।प्रमुख सचिव (सामान्य प्रशासन) एस.वी.एस. रंगा राव द्वारा इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है। इसके तहत पूर्व में निर्गत अवकाश सूची में संशोधन करते हुए सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों, उच्च न्यायालय, बैंकों एवं संबंधित विभागों को आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-चन्दौली

Email:- eeredchandauli@gmail.com

पत्रांकः- 1224/ग्रा.अ.वि./निविदा पत्रावली/पत्रावली सं. 15/अनु.सहायक/2026-27 **दिनांकः-** 12.10.2026

मैन्यूवल निविदा की प्रेस सूचना (प्रथम आमंत्रण)

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड चन्दौली के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी,डी एवं ई श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से *मैन्यूवल विधि* के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। *बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 एवं अन्य सभी कर सम्मिलित हैं,* निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1.विधायक निधि (स्वीकृति की प्रत्याशा में) के कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है:-

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत जी0 एस0 टी0 सहित (लाख रू0 में)	बिड सिकुरिटि (इ0 एम0 डी0) (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य या निविदा फीस जी.एस.टी सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0में) कैश अथवा डी0डी0के रूप में	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित	अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय	डी0 एम0 का कार्यालय
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	चन्दौली	विकास खण्ड चहनिया के ग्राम पंचायत रामगढ (महराजगंज) मे विनोद यादव के घर के पास सी0सी0 रोड से रामभजन यादव के घर होते हुए शिव मंदिर तक इण्टरलॉकिंग रोड का निर्माण कार्य।	8.27	0.165	766.00	तीन माह	अधी0 अभि0 ग्रा0 अ0 वि0 परि0 वाराणसी।	चन्दौली
2	चन्दौली	विकास खण्ड चहनिया के ग्राम पंचायत पलिया मे चन्दौली सैदपुर रोड से दुलारे यादव के घर तक इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य।	3.29	0.070	677.00	" "	" "	" "
3	चन्दौली	विकास खण्ड चहनिया के ग्राम पंचायत अगस्तीपुर मे मजिदहा टाडा मार्ग से बाबा रैजनाथ पहलवान शिक्षण संस्थान का अवशेष सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	4.54	0.095	677.00	" "	" "	" "
4	चन्दौली	विकास खण्ड चहनिया के ग्राम पंचायत नौदर रईया मे पक्की सड़क से प्रजापति बस्ती के तरफ मिट्टी एवं खडण्जा का निर्माण कार्य।	7.54	0.155	766.00	" "	" "	" "
5	चन्दौली	विकास खण्ड चहनिया के ग्राम पंचायत दरियापुर (बरिया पर) मे निधौरा माइनर से आरिफ के मदरसा तक मिट्टी एवं खडण्जा का निर्माण कार्य।	7.45	0.150	766.00	" "	" "	" "
6	चन्दौली	विकास खण्ड चहनिया के ग्राम पंचायत कटारुपुर सिकटीपर मे पिच रोड से राजनाथ यादव के घर तक मिट्टी एवं खडण्जा का निर्माण कार्य।	2.53	0.055	677.00	" "	" "	" "
7	चन्दौली	विकास खण्ड चहनिया के ग्राम पंचायत नैढ़ी अमोला पर मे खडण्जा से लोकनाथ यादव के घर तक मिट्टी एवं खडण्जा का निर्माण कार्य।	4.38	0.090	677.00	" "	" "	" "
8	चन्दौली	विकास खण्ड चहनिया के ग्राम पंचायत पकडी मे एस0टी0एस0 स्कूल से त्रिडण्डी स्वामी उ0 मा0 वि0 तक मिट्टी एवं खडण्जा का निर्माण कार्य।	3.79	0.080	677.00	" "	" "	" "
9	चन्दौली	विकास खण्ड चहनिया के ग्राम पंचायत गुरेरा मे मेन खडण्जा से देवराज यादव के मडई तक मिट्टी एवं खडण्जा का निर्माण कार्य।	3.11	0.065	677.00	" "	" "	" "
10	चन्दौली	विकास खण्ड महनिया के ग्राम पंचायत टाण्डा मे देवेन्द्र मिश्रा के घर से प्यारे लाल मिश्रा के घर व विरेन्द्र मास्टर के आगे का अवशेष भाग का इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य।	3.47	0.07	677.00	" "	" "	" "
11	चन्दौली	विकास खण्ड चहनिया के ग्राम पंचायत महगांव मे श्याम सुन्दर चौहान के घर से सराहू चौहान के घर तक नाली एवं इण्टरलॉकिंग रोड का निर्माण कार्य।	7.00	0.140	766.00	" "	" "	" "
12	चन्दौली	विकास खण्ड चहनिया के ग्राम पंचायत सर्वानन्दपुर मे मथेला बसीपुर सम्पर्क मार्ग सोनू सिंह के घर से आजाद सिंह के घर के तरफ इण्टरलॉकिंग रोड का निर्माण कार्य।	6.96	0.140	766.00	" "	" "	" "
13	चन्दौली	विकास खण्ड चहनिया के ग्राम पंचायत सोनहुला मे अमृत सरोवर की बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य।	6.77	0.135	766.00	" "	" "	" "
14	चन्दौली	विकास खण्ड चहनिया के ग्राम पंचायत लक्ष्मणगढ मे लक्ष्मणगढ रामगढ मेन रोड से दीनानाथ यादव के घर तक इण्टरलॉकिंग रोड का निर्माण कार्य।	3.09	0.065	677.00	" "	" "	" "
15	चन्दौली	विकास खण्ड चहनिया के ग्राम पंचायत केशवपुर बल्लौली मे लालचन्द प्रजापति के घर से काली माता मंदिर होते हुए नहर पुलिया तक इण्टरलॉकिंग रोड का निर्माण कार्य।	8.34	0.17	766.00	" "	" "	" "
16	चन्दौली	विकास खण्ड चहनिया के ग्राम पंचायत कुरा मे मिश्री यादव के मशीन से शहीद बाबा के मजार तक साईडवाल एवं इंटरलॉकिंग रोड का निर्माण कार्य।	4.49	0.090	677.00	" "	" "	" "
17	चन्दौली	विकास खण्ड चहनिया के ग्राम पंचायत चहनियां मे प्राथमिक विद्यालय से हिरा यादव के घर तक आर0आर0सी0 ढक्कन एवं सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	6.56	0.135	766.00	" "	" "	" "
18	चन्दौली	विकास खण्ड सकलडीहा के ग्राम पंचायत सलेमपुर मे डा0 उमा चौहान के घर से श्याम मोहन चौहान के घर तक साईडवाल एवं इंटरलॉकिंग रोड का निर्माण कार्य स	3.07	0.065	677.00	" "	" "	" "
19	चन्दौली	विकास खण्ड सकलडीहा के ग्राम पंचायत सहरोई दान के पूरा में रामभरत चौहान के घर से दक्षिण दिशा होते हुए शंकर चौहान के घर की तरफ नाली निर्माण कार्य।	6.53	0.135	766.00	" "	" "	" "
20	चन्दौली	विकास खण्ड सकलडीहा के ग्राम पंचायत जमुनीपुर बनवा में राम भवन के घर से नाला की तरफ नाली निर्माण कार्य।	5.32	0.11	766.00	" "	" "	" "
21	चन्दौली	विकास खण्ड सकलडीहा के ग्राम पंचायत धनउर में राम निवास मिश्रा के घर से सियाराम विश्वकर्मा के घर तक साईडवाल एवं इंटरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य।	5.08	0.105	766.00	" "	" "	" "
22	चन्दौली	विकास खण्ड सकलडीहा के ग्राम पंचायत रेवसा में श्यामनारायण यादव घर से विनोद यादव के मड़ई तक इंटरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य ।	5.45	0.11	766.00	" "	" "	" "
23	चन्दौली	विकास खण्ड सकलडीहा के ग्राम पंचायत फगुईयां में सकलडीहा - चन्दौली रोड से विकास यादव के खेत तक मिट्टी एवं खडंजा का निर्माण कार्य।	3.13	0.065	677.00	" "	" "	" "
24	चन्दौली	विकास खण्ड सकलडीहा के ग्राम पंचायत पटपरा में राजेश प्रधान के घर से राम बदन चौहान के घर की तरफ साईडवाल एवं इंटरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य।	8.15	0.165	766.00	" "	" "	" "
25	चन्दौली	विकास खण्ड सकलडीहा के ग्राम पंचायत जामडीह में पप्पू राजभर के घर से हरेन्द्र राय के घर तक साईडवाल एवं इंटरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य।	4.05	0.085	677.00	" "	" "	" "
26	चन्दौली	विकास खण्ड सकलडीहा के ग्राम पंचायत पदुमनाथपुर में चंद्रभान राजभर के घर से रोड तक साईडवाल एवं इंटरलॉकिंग रोड का निर्माण कार्य।	2.42	0.05	677.00	" "	" "	" "
27	चन्दौली	विकास खण्ड सकलडीहा के ग्राम पंचायत आलमपुर में सत्येंद्र यादव के घर से कैलाश यादव के घर तक इंटरलॉकिंग रोड का निर्माण कार्य।	1.60	0.035	589.00	" "	" "	" "
28	चन्दौली	विकास खण्ड सकलडीहा के ग्राम पंचायत दिवाकरपुर में बंशीधर यादव के घर से बनारसी के घर तक नाली एवं इंटरलॉकिंग रोड का निर्माण कार्य।	6.45	0.13	766.00	" "	" "	" "
29	चन्दौली	विकास खण्ड सकलडीहा के ग्राम पंचायत मटकुट्टा में रामबाबू चौहान के घर से बलिराम मौर्या के घर के तरफ इण्टरलाकिंग कार्य का अवशेष कार्य।	7.00	0.14	766.00	" "	" "	" "

2. निविदा सूचना में अंकित कार्यालयों में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः 19.10.2026
3. निविदा बिक्री प्रारंभ की तिथि, समय व स्थानः-19.10.2026 को कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-चन्दौली,अधीक्षण अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग परिमण्डल-वाराणसी, एवं जिलाधिकारी जनपद चन्दौली पुर्वान्ह 10:00 बजे से।
4. निविदा बिक्री के लिये अन्तिम तिथि,समय व स्थानः-18.11.2026 को कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-चन्दौली, अधीक्षण अभियन्ता ग्रा0अ0वि0परिमण्डल-वाराणसी, एवं जिलाधिकारी जनपद-चन्दौली अपरान्ह 2:00 बजे तक।
5. निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि, समय व स्थानः-18.11.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक क्रम सं0 3 पर अंकित स्थानों पर।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय व स्थानः-18.11.2026 को अपरान्ह 4:00 बजे, कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड.-चन्दौली अथवा सक्षम अधिकारी के निर्देशानुसार।
7. टेण्डर प्रकिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नहीं होगा।
8. श्रम विभाग, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या- 746/36-2/2014 दिनांक-07.06.2014 के अनुसार अनुबन्ध से पूर्व प्रत्येक कार्य का अधिष्ठान/फर्म का पंजीयन https://niveshmitra.up.nic.in/ पर किया जाय।
9. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया नियोक्ता कार्यालय अर्थात अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-चन्दौली में सम्पर्क करें।

सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि बिड सब्मिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली भाँति पढ़ लें।

उ.प्र.:- 258409
दिनांकः- 15.10.2026

(अनिरूद्ध कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-चन्दौली
श्री राज्यपाल उ.प्र. की ओर से
मो.:-8052589886

वेबसाईटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

हम एसआईआर के खिलाफ नहीं, साजिश का विरोध करते हैं-अखिलेश

लखनऊ (आससे)। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग पहले विशेष गहन पुनरीक्षण के जरिये लोगों के नाम काट रहा है और फिर जोड़ने के नाम पर धांधली करने की साजिश रच रहा है। उन्होंने कहा कि एक वोटर के नाम कई जगह जोड़े जा रहे हैं जिससे कि भाजपा के पक्ष में फर्जी मतदान करवाया जा सके। अखिलेश यादव ने प्रेस कांफ्रेंस में एक युवा को बुलाया और कहा कि इनका वोट कई जगह है जिसका खुलासा इन्होंने खुद किया है। ये युवा एक जगह ही वोट करेगा पर जहां-जहां इनका नाम है वहां कोई और भाजपा के पक्ष में मतदान करेगा। उन्होंने कहा कि हम एसआईआर के खिलाफ नहीं हैं बल्कि इसके जरिये चुनाव लूटने की जो साजिश हो रही है उसके खिलाफ

हैं। इस मौके पर अलग-अलग दलों के नेता सपा में शामिल हो गये। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों की चोरी पकड़ ली गयी है इसलिए ये लोग घबराए हुए हैं। ये लोग जानते हैं कि उनका कोर वोटर भी इनसे दूर जा रहा है इसलिए ये धांधली कर रहे हैं क्योंकि कोई भी सच्चा सनातनी मंदिर में दान चोरी नहीं कर सकता है। अब जनता इन्हें ठीक से पहचान चुकी है। शामे अली (बसपा-पीलीभीत), रवि प्रताप (बदायूं), विद्युत अग्रहरि, राजपाल सैनी, पूर्व राज्यसभा संसाद, पूर्व मंत्री, नन्द किशोर पुंडीर (बसपा से गाजियाबाद के प्रत्याशी), कमल गौतम (अजाद समाज पार्टी), हरिवीर मालिक, भाजपा शामली, शोकेन्द्र, संजीव प्रधान रालोद, सीवान सैनी, खतौली, राजेन्द्र मलिक रालोद, विजेंद्र मलिक, शुभम मलिक सपा में शामिल हुए।

जम्मू कश्मीर में आईएएस और केएएस आमने-सामने

जम्मू (आससे)। जम्मू कश्मीर के प्रशासनिक तंत्र में उस समय विवाद खड़ा हो गया जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें कथित तौर पर श्रम एवं रोजगार सचिव राजीव रंजन 14 अक्तूबर को श्रीनगर के सिविल सचिवालय में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान जम्मू और कश्मीर प्रशासनिक सेवा (जेकेएएस) के एक अधिकारी को अपशब्दों से संबोधित करते हुए दिखाई दे रहे हैं। जेकेएएस बिरादरी ने घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की है, उनका आरोप है कि 2015 बैच की जेकेएएस सदस्य बीनीश वानी को बैठक के दौरान व्यक्तिगत अपमान, मौखिक दुर्व्यवहार और सार्वजनिक अपमान का सामना करना पड़ा। इस वीडियो की सिविल सेवकों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं द्वारा आलोचना की जा रही है। वीडियो में कथित तौर पर रंजन, वानी से कहते हुए सुनाई दे रहे हैं, तुम एकदम घटिया हो, मैं तुमसे हमेशा ऐसे ही बात कर सकता हूं। हालांकि, रिकॉर्डिंग की प्रामाणिकता विवाद का विषय बन गई है। विभाग ने कथित तौर पर वीडियो को कृत्रिम और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से निर्मित बताया है, जिसे बिरादरी ने खारिज कर दिया है। संगठन का कहना है कि वानी और वर्चुअल बैठक में शामिल हुए अन्य अधिकारी रिकॉर्डिंग की प्रामाणिकता की पुष्टि कर सकते हैं। संगठन ने तथ्यों की पुष्टि के लिए एक स्वतंत्र तकनीकी जांच की मांग की है। खबरों के मुताबिक, फ्रैक्चर के बाद छुट्टी पर होने के बावजूद वानी बैठक में शामिल हुईं। बिरादरी का तर्क है कि वर्चुअल बैठक में उनकी भागीदारी से यह साबित नहीं होता कि रिकॉर्डिंग मनगढ़ंत थी। फिलहाल आरोपों पर रंजन की प्रतिक्रिया उपलब्ध नहीं थी। इस विवाद ने कार्यस्थल पर आचरण, पदानुक्रम और प्रशासन के भीतर जवाबदेही को लेकर एक व्यापक बहस को जन्म दिया है। जेकेएएस अधिकारी मंताशा बिन्ती राशिद ने सोशल मीडिया पोस्ट में वानी के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए कहा कि वीडियो में एक महिला अधिकारी अपने वरिष्ठ अधिकारी को अपनी बात समझाने की कोशिश करती हुई दिखाई दे रही है।

डीजीपी ने शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को सौंपे 38 करोड़ के चेक

लखनऊ (आससे)। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण ने गुरुवार को बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ हुए एमओयू के तहत पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत आकस्मिक दुर्घटना में मृत और दिव्यांग पुलिसकर्मियों के परिजनों को आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए।डीजीपी ने 21 मृत पुलिसकर्मियों के परिजनों और 2 दिव्यांग पुलिसकर्मियों सहित कुल 23 लाभार्थियों को 38 करोड़ 05 लाख रुपये की धनराशि के चेक प्रदान किए। इस अवसर पर डीजीपी ने मृत पुलिसकर्मियों के परिजनों से व्यक्तिगत रूप से भेंट कर उनकी समस्याओं और जरूरतों की जानकारी ली। दिव्यांग पुलिसकर्मियों से भी मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस अपने कर्मियों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और कठिन परिस्थितियों में पूरी संवेदनशीलता के साथ उनके साथ खड़ी रहेगी।कार्यक्रम में आईजी जीएसओ के.एस. इमैन्युअल, डीआईजी मुख्यालय मो. इमरान, बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक शैलेंद्र कुमार सिंह और शाखा प्रबंधक शशिकांत सिंह उपस्थित रहे।

शिव की नगरी में मां कालरात्रि की पूजा

शारदीय नवरात्रि की महासप्तमी पर मां कालरात्रिकी पूजा करने से भक्त को भयमुक्त जीवन और दिव्य आशीर्वाद प्राप्त होता है। माता के आशीर्वाद से तांत्रिक बाधा, जादू-टोना, भूत-प्रेत या अकाल मृत्यु का भय समाप्त होता है। मां कालरात्रि को ही काली, शुभंकरी और भयहारणी भी कहा जाता है। मां कालरात्रि कृष्णवर्णा (गहरे श्याम रंग) हैं। माता की चार भुजाएं हैं, मां के एक हाथ में खड्ग (तलवार), दूसरे में वज्र या आयुध और दो हाथ अभय और वरद मुद्रा में हैं। माता का वाहन गर्दभ (गधा) है और बाल बिखरे हुए, गले में विद्युत जैसी ज्योति, शरीर पर तेल का लेप, और गले में माला है।

माता कालरात्रि की उपासना नवरात्रि के सातवें दिन विशेष मानी जाती है। नवरात्रि में सबसे विशेष दिन सप्तमी का होता है। मां कालरात्रि काजल के स्वरूप वाली हैं। उनके इस स्वरूप को बेहद ही दयालु कहा जाता है। मां नाना प्रकार के आयुध से विराजमान रहती हैं। मां कालरात्रि के पूजन से अकाल मृत्यु का संकट दूर हो जाता है। शिव की नगरी काशी का यह अद्भुत और इकलौता मंदिर है, जहां भगवान शंकर से रुष्ट होकर माता पार्वती ने सैकड़ों वर्षों तक कठोर तपस्या की थी। यह

नवरात्रि विशेष

सिद्ध मंदिर अपनी दिव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा के लिए प्रसिद्ध है. विधि-विधान से पूजा करने से मां का आशीर्वाद मिलता है। मां को बेहद ही दयालु माना जाता है। यहां तो पूरे साल भीड़ देखने को मिलती है, लेकिन नवरात्रि की सप्तमी तिथि को भीड़ ज्यादा होती है। जो भी भक्त एक बार मंदिर परिसर में पहुंचता है, उसका मन मां के ध्यान में स्वतः ही लीन हो जाता है। मां कालरात्रि का स्वरूप जितना विकराल प्रतीत होता है, उतना ही सौम्य और करुणामयी भी है। श्रद्धालुओं ने कहा कि परंपरा के अनुसार, मां के चरणों में गुड़हल के पुष्प, लाल चुनरी, नारियल, फल, मिष्ठान, सिंदूर, रोली, इत्र और द्रव्य अर्पित करना विशेष रूप से फलदायी माना गया है। भक्त विश्वास रखते हैं कि माता अपने दरबार में आने वाले प्रत्येक साधक की मनोकामना पूरी करती हैं। शारदीय नवरात्रि की महासप्तमी पर मां कालरात्रि पूजा करने से भक्त को भयमुक्त जीवन और दिव्य आशीर्वाद प्राप्त होता है। माता के आशीर्वाद से तांत्रिक बाधा, जादू-टोना, भूत-प्रेत या अकाल मृत्यु का भय समाप्त होता है। मां कालरात्रि को ही काली, शुभंकरी और भयहरणी भी कहा जाता है। मां कालरात्रि कृष्णवर्णा (गहरे श्याम रंग) हैं। माता की चार भुजाएं हैं, मां के एक हाथ में खड्ग (तलवार), दूसरे में वज्र या आयुध और दो हाथ अभय और वरद मुद्रा में हैं। माता का वाहन गर्दभ (गधा) है और बाल बिखरे हुए, गले में विद्युत् जैसी ज्योति, शरीर पर तेल का लेप, और गले में माला है।

नवरात्रि पर भगवती काली की पूजा-अर्चना है विशेष पुण्य फलदायी

मनोरथ की पूर्ति के लिए करें मन्त्र का जप एवं स्तोत्र पाठ

भारतीय संस्कृति के हिन्दू सनातन धर्म में धार्मिक व पौराणिक मान्यता के अनुसार माँ भगवती काली की साधना प्रत्येक साधक उनकी शक्ति प्रदायिनी स्वरूप को ही लेकर करता है। क्योंकि भगवती काली को शक्तिस्वरूपा कहा गया है। भगवती काली का शक्ति स्वरूप अत्यन्त तेजस्वितायुक्त है। उनके तेज को आत्मसात् कर पाना प्रत्येक मनुष्य के वश की बात नहीं है, एक साधारण मनुष्य उनके भजन तो गा सकता है, उनकी भक्ति तो कर सकता है, लेकिन साधना करने की क्षमता सिर्फ साधकों में ही होती है। जो पूर्णता के साथ भगवती काली के शक्तिस्वरूप को स्वयं में निहित कर सकते हैं। नवरात्रि में श्रीमहाकाली, श्रीमहासरस्वती व श्रीमहालक्ष्मी जी की पूजा-अर्चना करने का विधान है। आस्थावान भक्तजन अपने-अपने पारम्परिक व धार्मिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हैं। नवरात्रि में सप्तमी तिथि को नवदुर्गा के सप्तम स्वरूप श्रीमहाकाली जी की पूजा-अर्चना करने की महिमा है। प्रख्यात ज्योतिषविद् विमल जैन ने बताया कि इस बार आश्विन शुक्लपक्ष की सप्तमी तिथि 16 अक्टूबर, शुक्रवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 5 बजकर 55 मिनट पर लगेगी, जो कि 17 अक्टूबर, शनिवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 6 बजकर 00 मिनट रहेगी, तत्पश्चात् अष्टमी तिथि लग जाएगी। मूल नक्षत्र 16 अक्टूबर, शुक्रवार को प्रात: 6 बजकर 48 मिनट से 17 अक्टूबर, शनिवार को प्रात: 9 बजकर 47 मिनट तक रहेगा, तत्पश्चात् पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र लग जाएगा, जो कि 18 अक्टूबर, रविवार को दिन में 12 बजकर 49 मिनट तक रहेगा। श्रीमहाकाली जी की पूजा-अर्चना से समस्त संकटों का निवारण होता है साथ ही ग्रहदोष से भी मुक्ति मिलती है। मनोरथ की पूर्ति के लिए करें मन्त्र का जप एवं स्तोत्र पाठ-भगवती माँ काली के विशेष मंत्र जिनको जपने पर मनोरथ की सिद्धि होती है—(1) क्रीं (2) क्रीं क्रीं (3) क्रीं क्रीं क्रीं (4) क्रीं स्वाहा (5) ह्रीं। समस्त मनोकामनाओं एवं मनोरथपूर्ति के लिए 11 अक्षरों का मंत्र 'ऐं नम: क्रीं क्रीं कालिकायै स्वाहा'। माँ काली की महिमा अपरम्पार है। भगवान शिवजी की परमप्रिया मानी गई हैं। महाकाली की पूजा के पश्चात् उनकी महिमा में-काली हृदय स्तोत्रम्, श्रीकाली स्तुति, श्री कालिका कीलक, कालिका अर्गलम्, श्री काली शतनाम स्तोत्रम्, श्री काली सहस्रनाम, स्त्री काली स्तवन, क्षमापराध स्तोत्रम्, श्रीकाली चालीसा आदि का पाठ करने के पश्चात् विधि-विधानपूर्वक भगवती श्रीकाली जी की आरती करने का विधान है। ऐसा माना जाता है कि परिवार के सभी सदस्यों को सम्मिलित रहना चाहिए।

अपनी जिंदगी

प्रेम-विश्वास

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

अक्सर प्रेम को दो व्यक्तियों के बीच का संबंध समझा जाता है। यदि आप जिससे प्रेम करते हैं, उसके साथ एकात्मता का अनुभव नहीं करते, तो कालांतर में संदेह उत्पन्न होता है। संदेह के कारण आप बिना शर्त प्रेम करने और उसमें विलीन होने में असमर्थ हो जाते हैं। अतः प्रेम में विश्वास अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक स्थिति और भाव, जो प्रेम का विरोध करते प्रतीत होते हैं, उनके प्रति उदासीन रहें। कभी-कभी ऐसी घटनाएँ घटित हो सकती हैं, जो प्रेम के विरुद्ध हों। जिनसे प्रतीत होता है कि ईश्वर हमसे प्रेम नहीं करते। उन घटनाओं के प्रति उदासीन रहें; अन्यथा प्रेम, घृणा, क्रोध, ईर्ष्या और निराशा जैसे विपरीत तथा नकारात्मक भावों में उलझना अत्यंत सरल हो जाता है। यदि आप प्रेम में केंद्रित रहना चाहते हैं, तो आपको उन सभी बातों को छोड़ना होगा जो प्रेम का विरोध करती प्रतीत होती हैं; अन्यथा आप विरोधों के चक्र में फँस जाएँगे। तब आप कभी मुक्त नहीं हो पाएँगे और उस पूर्णता को प्राप्त नहीं कर सकेंगे। इस संसार में आपके जन्म का उद्देश्य पूर्णता को प्राप्त करना है। पूर्णता केवल कार्य या वचन में नहीं होती, अपितु अस्तित्व में होती है। केवल अस्तित्व की पूर्णता ही वचन और क्रिया में पूर्णता ला सकती है। अस्तित्व में पूर्ण होने के लिए, आपको प्रेम में डुबना होगा। अक्सर मनुष्य अनेक सहारों पर निर्भर रहता है। उदाहरण के लिए, यदि आप आध्यात्मिक मार्ग पर हैं, तो कभी-कभी आप किसी ज्योतिषी के पास जाकर पूछते हैं-क्या मैं प्रगति करूँगा? क्या होगा? इस प्रकार आप एक और सहारा खोज रहे होते हैं। किंतु परम की प्राप्ति के लिए अंततः सभी सहारों को छोड़ देना आवश्यक है। मन बैसाखियों की तलाश करता है, किंतु परमात्मा की प्राप्ति के लिए आवश्यक है कि सभी सहारों का त्याग कर दिया जाए-निराधार और निराश्रित बनकर। भगवान श्रीकृष्ण ने भगवद्गीता में कहा है- अनन्याश् चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते अर्थात् मैं उनके लिए हूँ, जो एकाग्रचित्त होकर अन्य किसी सहारे की तलाश नहीं करते। मैं उनके लिए आधार बन जाता हूँ, जो बैसाखियों की खोज नहीं करते।

परम की प्राप्ति के लिए अंततः सभी सहारों को छोड़ देना आवश्यक है। मन बैसाखियों की तलाश करता है, किंतु परमात्मा की प्राप्ति के लिए आवश्यक है कि सभी सहारों का त्याग कर दिया जाए-निराधार और निराश्रित बनकर।

६८वें दिन हनुमान अंश पर बरसी नीम करोली बाबा की कृपा

7 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली हनुमान अंश ने दो महीने पूरे कर लिये हैं। सिर्फ 2 करोड़ रुपये के बजट में बनी डिवोशनल फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई के साथ इतिहास रच दिया है। डिवोशनल फिल्म हनुमान अंश ने 10 लाख रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर खाता खोला था। वहीं दो हफ्तों तक फिल्म की कमाई की रफ्तार धीमी ही थी। लेकिन तीसरे हफ्ते से फिल्म के कलेक्शन ने जबरदस्त रफ्तार पकड़ी और भारत में 300 करोड़ रुपये और दुनियाभर में 400 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया। 68वें दिन की बात करें तो फिल्म ने मंगलवार को फिल्म ने सोमवार के मुकाबले ज्यादा कमाई की है। फिल्म ने बढ़त हासिल करते हुए 1.38 करोड़ रुपये कमाए हैं। इस कलेक्शन के साथ फिल्म की कमाई 337.11 करोड़ रुपये हो गई है। वहीं ग्रॉस कलेक्शन 397.96 करोड़ रुपये हो गया है। हनुमान अंश ने थिएटर्स में दो महीने से ज्यादा पूरे कर लिये हैं और अभी भी इसकी कमाई करोड़ों में जारी है। इस बीच कई फिल्में आई और गईं लेकिन डिवोशनल फिल्म की कमाई पर कोई असर नहीं पड़ा। अभी भी थिएटर में अजय देवगन की दृश्यम 3 चल रही है। वहीं इस हफ्ते जेलर 2, राणाबली, नई नवेली और प्रहार जैसी फिल्में रिलीज होने वाली हैं। हनुमान अंश एक बायोपिक फिल्म है। इसे विशाल चतुर्वेदी ने लिखा, डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया है और यह उनके बैनर स्वंभू मीडिया नेटवर्क के तहत बनी है। यह फिल्म नीम करोली बाबा के जीवन पर आधारित विशाल चतुर्वेदी की किताब डिवाइन डिटूर- दैट चेंज्ड माई लाइफ पर बनी है। इसमें शोभिनव सत्या और चंदन आनंद मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि अनिल रस्तोगी, पूर्णिमा तिवारी, सुगंधा मल्होत्रा, भगवानदास पटेल और नेहा परांजपे भी अहम किरदारों में हैं।

रामायण- ४००० करोड़ के बजट में बन रही देश की सबसे महंगी फिल्म

फिल्म रामायण में बॉलीवुड और साउथ सिनेमा के बड़े कलाकार एक साथ नजर आने वाले हैं। रणबीर कपूर फिल्म में भगवान राम की भूमिका में हैं, जबकि साई पल्लवी माता सीता का किरदार निभा रही हैं। साउथ सुपरस्टार यश इस फिल्म में रावण के रोल में दिखेंगे। इसके अलावा सनी देओल हनुमान की भूमिका में हैं, जबकि रवि दुबे लक्ष्मण के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में अरुण गोविल, लारा दत्ता, रकुल प्रीत सिंह, विवेक ओबेरॉय और कुणाल कपूर भी अहम भूमिकाओं में शामिल हैं। दंगल जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म बना चुके डायरेक्टर नितेश तिवारी पिछले कई सालों से इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दो भागों में बनने वाली इस फिल्म का कुल बजट 4000 करोड़ रुपए के करीब है, जो इसे भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे महंगी फिल्म बनाता है। फिल्म के विजुअल इफेक्ट्स की जिम्मेदारी ऑस्कर विनिंग कंपनी छ्हक्ष्वत्त संभाल रही है। फिल्म के पहले पार्ट की शूटिंग पूरी हो चुकी है। फिल्म के संगीत को लेकर भी काफी समय से चर्चा बनी हुई है। इस फिल्म में दो दिग्गज म्यूजिशियन एआर रहमान और ऑस्कर विजेता हैंस जिमर पहली बार एक साथ मिलकर बैकग्राउंड स्कोर और संगीत तैयार कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज और एक्टर यश के मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के तहत किया जा रहा है। इस ग्रैंड प्रोजेक्ट को दो भागों में बनाया जा रहा है, जिसका पहला पार्ट 5 नवंबर 2026 में दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगा। रामायण का दूसरा ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। 2 मिनट 36 सेकेंड के इस ट्रेलर में पहले ट्रेलर के मुकाबले किरदारों के कॉस्ट्यूम में सुधार किया गया है। ट्रेलर में भगवान राम (रणबीर कपूर) और रावण (यश) के बीच धर्म और अधर्म के युद्ध को केंद्र में रखा गया है। ट्रेलर की शुरुआत एक वॉयसओवर से होती है, जिसमें दिखाया गया है कि कैसे अंधेरे की गहराइयों से रावण का उदय होता है।

दुनिया भर में 5 नवंबर को रिलीज होने जा रही इस फिल्म का अंतरराष्ट्रीय नाम रामायण- द राइज ऑफ ए लीजेंड रखा गया है। ट्रेलर में केवल राम और रावण के किरदारों का टकराव ही नहीं, बल्कि रामायण के कई महत्वपूर्ण प्रसंगों की झलकियां भी देखने को मिलती हैं। अभिनेत्री साई पल्लवी माता सीता के रूप में दीए जलाते और प्रार्थना करते दिखाई दे रही हैं। इसके अलावा भगवान राम के शिव धनुष उठाने के क्षण, भव्य महल, राक्षसों की सेना और आकाश में उड़ते जटायु के युद्ध दृश्यों को वीएफएक्स की मदद से दिखाया गया है। ट्रेलर के अंत में रावण पर हुए भालों के वार को खुद अपने हाथों से खींचकर फेंकते हुए उसकी शक्ति को दर्शाया गया है। फिल्म के मेकर नमित मल्होत्रा ने एक्स पर एक नोट शेयर किया, जिस पर उनके साथ निर्देशक नितेश तिवारी और यश के भी दस्तखत हैं। नमित ने लिखा कि जब उन्होंने रामायण बनाने की शुरुआत की थी, तब उनका सपना भारत की इस महान गाथा को दुनिया के हर कोने तक पहुंचाना था। उन्होंने कहा कि सोनी पिक्चर्स के ग्लोबल कैंपेन के जरिए दुनिया भर के दर्शक पहली बार इस कहानी को इतने बड़े पैमाने पर देखेंगे। उन्होंने इसे देश के लिए गर्व का पल बताते हुए लिखा- हमारी सच्चाई, हमारा इतिहास, भारत से दुनिया तक, जय श्री राम। मेकर्स नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राजनीतिक हस्तियों और देश के शीर्ष नेताओं के लिए रामायण की एक विशेष स्क्रीनिंग आयोजित करने की अनुमति मांग रहे हैं। अगर अनुमति मिलती है तो यह स्क्रीनिंग 5 नवंबर को फिल्म की ग्लोबल रिलीज के आसपास आयोजित की जाएगी। रणबीर कपूर, यश, साई पल्लवी और फिल्म के निर्देशक नितेश तिवारी शामिल हो सकते हैं।

किसी देवी का रोल निभाना आसान काम नहीं-साई पल्लवी

रामायण के प्रमोशन की शुरुआत प्रथम संकल्प इवेंट के साथ हुई। इस इवेंट में फिल्म की कास्ट और क्रू के साथ-साथ सिनेमा और आध्यात्मिक जैसे अलग-अलग क्षेत्रों की कई जानी-मानी हस्तियां भी शामिल हुईं। इस दौरान यश ने बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर की खूब तारीफ की। वहीं इवेंट में डायरेक्टर नितेश तिवारी ने भी साई पल्लवी की बड़ाई की, जिन्होंने फिल्म में सीता का रोल निभाने के बारे में भी बात की। इस दौरान साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी ने बताया कि उन्होंने माता सीता का किरदार निभाने के लिए खुद को कैसे तैयार किया और लाइफस्टाइल में क्या बदलाव किया। जब साई पल्लवी से पूछा गया कि रामायण में सीता का किरदार निभाने का उनका अनुभव कैसा रहा तो इस पर उन्होंने कहा-एक्टर के लिए ऐसे रोल मिलना आसान नहीं होता, क्योंकि किसी देवी का रोल निभाना आसान काम नहीं है। इसके लिए एक ऐसी टीम की जरूरत होती है, जो इसे बेहतरीन बनाने में अपना सब कुछ लगा दे। मुझे नहीं लगता कि मैंने सीता मां का रोल निभाने का फैसला किया। यह रोल मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात थी। यह ऐसी चीज नहीं है, जिसके लिए आप कोशिश करें या जिसे आप पहले से लिखकर तय कर लें कि मुझे इसे ऐसे निभाना है। मैं बैठकर ध्यान करती थी और कहती थी- सीता मां, आप मेरे जरिए अभिनय करें। मेरे जरिए जो कुछ भी हो, वही आप फिल्म के लिए चाहती हैं। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि रोल निभाते समय उन्होंने खुद को, जितना हो सके शुद्ध बनाए रखा। उन्होंने कहा, मैं हमेशा खुद को जितना हो सके शुद्ध रखने की कोशिश करती थी। कम से कम अपने विचारों में ताकि सब कुछ न्यूट्रल रहे। ताकि मैं वहां अपना सबसे अच्छा रूप दिखा सकूं। नितेश तिवारी ने रामायण में सीता और राम का रोल निभाने वाले साई और रणबीर कपूर की खूब तारीफ की। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने रोल कितनी अच्छी तरह निभाए और कहा, एक्टर की आंखें सच बयां करती हैं। मैंने रणबीर की आंखों में राम और साई की आंखों में सीता को देखा है। मुझे जिस ईमानदारी की तलाश थी, वह मुझे इन खूबसूरत लोगों में ही मिली। मुझे साई और रणबीर नहीं, बल्कि फिल्म में सिर्फ सीता और राम दिखाई देते हैं।

भक्ति के माहौल में इंसान अंदर से शांत हो जाता है-तमन्ना

अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने नवरात्र पर माता की चौकी में हिस्सा लिया। अपनी एक दोस्त के घर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में उनके साथ अभिनेत्री मृणाल ठाकुर भी मौजूद थीं। तमन्ना ने सोशल मीडिया पर इस कार्यक्रम की तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं, जिनमें वे मृणाल ठाकुर के साथ भजन गाती और आरती में शामिल होती नजर आ रही हैं। तमन्ना ने एक भावुक नोट शेयर कर बताया कि लगातार 5 घंटे तक चले इस कार्यक्रम में उन्हें शांति और आध्यात्मिक अनुभव मिला। तमन्ना भाटिया ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर माता की चौकी की कई झलकियां पोस्ट की हैं। वीडियो में मेहमान भजनों पर झूमते और आरती करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इनमें से एक वीडियो में तमन्ना अपनी सह-कलाकार मृणाल ठाकुर के साथ बैठकर देवी मां के भजन गाती नजर आ रही हैं। तमन्ना ने इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने के अवसर के लिए आभार जताया और अपनी आध्यात्मिक यात्रा के बारे में बात की। कार्यक्रम के अनुभव को बयां करते हुए तमन्ना ने लिखा कि भजनों की गूंज और माता रानी की कहानियों के जरिए उन्हें ऐसा लगा जैसे वे वैष्णो देवी की यात्रा कर रही हों। उन्होंने लिखा कि कमरे में उठती संगीत की तरंगों और भक्ति के माहौल के बीच इंसान अंदर से शांत हो जाता है। तमन्ना के अनुसार, संगीत, प्रार्थना और समर्पण के वे 5 घंटे उन्हें एक ही पल के समान महसूस हुए। तमन्ना भाटिया पिछले कुछ समय से लगातार अपनी आध्यात्मिक यात्रा को लेकर चर्चा में रही हैं। भारतीय पौराणिक कथाओं पर आधारित फैंटेसी ड्रामा फिल्म द वन की शूटिंग के बाद से ही उनका झुकाव धार्मिक परंपराओं की तरफ बढ़ा है। बातचीत में तमन्ना ने बताया था की वे छठी मैया गाने की शूटिंग के दौरान भावुक हो गईं थीं। उन्होने कहा जब मैंने पहली बार विशाल मिश्रा की आवाज में यह गाना सुना, तो लगा कि यह हर भक्त की अंदरूनी भावना है। शूटिंग के दौरान जब मैं सूर्य देव को अर्घ्य देने का रिचुअल कर रही थी, तब मुझे एक बहुत बड़ी बात समझ में आई, जिस चीज का अस्त होता है, उसका उदय भी निश्चित है। हम जिंदगी में कई बार उतार-चढ़ाव देखकर निराश हो जाते हैं, लेकिन छठ महापर्व हमें सिखाता है कि डूबते सूरज के बाद उगता सूरज जरूर आता है। इस गाने ने मुझे ग्रेटिट्यूड का गहरा भाव महसूस कराया। बातचीत में तमन्ना ने आगे कहा की करीब चार साल पहले जब मैं अपने गुरु से मिली, तब मेरी असल स्पिरिचुअल जर्नी शुरू हुई। मुझे लगता है कि अगर यह फिल्म मुझे 4 साल पहले ऑफर होती, तो शायद मैं इसे उस तरह नहीं कर पाती। क्योंकि भक्ति एक ऐसा भाव है जिसमें आप कोई मिलावट या झूठी एक्टिंग नहीं कर सकते। अगर आपके अंदर वह भाव सच्चा नहीं है, तो दर्शक तुरंत पकड़ लेते हैं। पटना में एक स्टूडेंट ने मुझसे कहा था कि आप यह गाना इसलिए कर पाईं क्योंकि ऊपर वाले ने आपको इसके लिए चुना है।

बारिश बुलाने के लिए किसान गुनगुनाते हैं गाना

एक अच्छी फसल उगाने के लिए किसानों के लिए सही समय पर बारिश बहुत मायने रखती हैं। मदर इंडिया, दो बीघा जमीन और उपकार सहित किसानों के जीवन पर बॉलीवुड में कई ऐसी फिल्में बनी हैं, जिनमें खेती के प्रति उनके समर्पण को बहुत ही खूबसूरती से पर्दे पर उतारा गाया। सिर्फ फिल्म ही नहीं, हम सबका पेट भरने वाले किसानों पर बॉलीवुड में कई गाने भी बने हैं। 25 साल पहले उदित नारायण ने एक ऐसा सदाबहार गीत गाया था, जो सालो बाद भी किसान बारिश बुलाने के लिए गुनगुनाते हैं। ये गाना बना भी गांव और वहां पर काम करने वाले किसानों की परिस्थितियों पर है। हिंदी सिनेमा के जिस सदाबहार गीत का जिक्र हम अपने इस लेख में कर रहे हैं, वो साल 2001 में रिलीज हुई आमिर खान के करियर की सबसे बेस्ट फिल्मों में से एक लगान है। कल्ट क्लासिक फिल्म में जिस गाने ने 25 साल पहले लोगों का दिल जीता था उसके लिरिक्स थे घनन-घनन घिर घिर आए बदरा। फिल्म लगान में ये गीत किसानों की खुशी और उम्मीद को दर्शाता है। फिल्म में ये गाना तब आता है, जब चम्पारन गांव में लंबे समय से बारिश नहीं आती और सभी किसान सूखे से परेशान होते हैं। उन्हें अनाज के लिए ब्रिटिशर्स के सामने हाथ फैलाना पड़ता है। एक दिन जब आसमान में काले बादल घिरते हैं, तो सभी गांववाले खुशी से उछल पड़ते हैं और उस पल को एक साथ मिलकर सेलिब्रेट करते हैं।